# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 28 जनवरी 2024


### चार दशक बाद बग्घी की वापसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पारंपरिक 'घोड़ा-बग्घी' में कर्तव्य पथ पर पहुंचे। बग्घी का ट्रेडिशन 40 साल बाद वापस आया। इसे 1984 तक फॉलो किया गया। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सुरक्षा के कारणों से इसे बंद कर दिया गया था। देखें पृष्ठ 2 एवं 7

स्व सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क अभियान की कार्यशाला में सीएम डॉ. यादव ने कहा

# महिलाओं को सशक्त बना अंत्योदय के 'लक्ष्य' को हासिल करेगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पहले हमारी सरकार पर हिंदूवादी होने के आरोप लगते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने तीन तलाक पर रोक लगाकर इसे गलत साबित कर दिया। इस बुराई के कारण मुस्लिम बहनों का जीवन नर्क बन जाता था। अपने राजनीतिक लाभ के लिए देश के कई राजनीतिक दल इसे चुपचाप देखते रहते थे।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के 35 साल पुराने निर्णय जिसमें तीन तलाक को अवैध बताया गया था उसे लागू किया और कई मुस्लिम बहनों के जीवन को नर्क बनने से बचा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात भाजपा महिला मोर्चा की ओर से आयोजित स्व सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क अभियान की कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। कार्यशाला को प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री एवं महिला मोर्चा की प्रभारी विजया राहटकर, सांसद व प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार, अभियान की प्रदेश संयोजक लता वानखेड़े, महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं सह संयोजक माया नारोलिया ने भी संबोधित किया।

1 प्रदेश संगठन महामंत्री, राष्ट्रीय मंत्री समेत अभियान से जुड़े पदाधिकारियों ने भी किया संबोधित

2 सीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर उनके जीवन को बदल डाला



### हमें षड़यंत्रों और दुष्प्रचार से सतर्क रहकर काम करना है

*मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि स्व सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का पवित्र काम हो रहा है। यह समूह बहनों के जीवन में उजाला ला रहे हैं। केंद्र व राज्य की सरकार बहनों के जीवन को बदलने के लिए काम कर रही है। उज्जैन में एक गारमेंट फैक्ट्री सरकार के प्रयासों से शुरू हुई है, जिसमें 4000 सिर्फ महिला कर्मचारी ही हैं। आज जो स्व सहायता समूह बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास कर रहे हैं, कल वो कारखानों के संचालन जैसे बड़े काम भी करेंगे। लेकिन हमें षड़यंत्रों और दुष्प्रचार से सतर्क रहकर काम करना है। कई ताकतें हमें भटकाना चाहती हैं, बहनों के विकास में रोड़े अटकाना चाहती हैं, हमें लड़ाना और फूट डालना चाहती हैं। हमें इनसे बचते हुए लगातारआगे बढ़ना है।*

बड़े भाई दिग्विजय पर भड़के, कहा-ईवीएम का डेमो देने की क्या जरूरत थी?

# लक्ष्मण सिंह ने कहा- राहुल गांधी तय करें कि कांग्रेस दलालों से चलेगी या कार्यकर्ताओं से?

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना/कुंभराज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने एक बार फिर अपने बड़े भाई दिग्विजय सिंह और कांग्रेस पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दिग्विजय सिंह को लेकर कहा कि उन्हें ईवीएम का डेमो देने की क्या जरूरत थी। साथ ही ये भी कहा- राहुल गांधी तय कर लें कि कांग्रेस ⏩शेष पेज 4 पर



ईवीएम खराब कहकर लोकसभा चुनाव में अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा रहे

### ईवीएम खराब बताकर हम कुछ छिपा रहे हैं

*लक्ष्मण सिंह ने ईवीएम के पक्ष में कहा कि हम कई साल से कह रहे हैं कि ईवीएम खराब है। ईवीएम को लाया कौन? हम लाए। सारी ईवीएम खराब हैं, कौन मानेगा। कांग्रेस हिमाचल में कैसे जीत गई। पिछले चुनाव में राजस्थान में सरकार बनी। एमपी में हमारी ही सरकार बन गई थी, फिर गिर गई। तब ईवीएम पर क्यों सवाल नहीं उठा। साफ है कि हम कुछ छिपा रहे हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा रहे हैं। यह कह कर कि ईवीएम ही खराब है। कौन काम करेगा लोकसभा में कि भैया... ईवीएम ही खराब है, क्यों मेहनत करें।*






भोपाल से 3 और बीना स्टेशन से 2 ट्रेनें होंगी रवाना

# भोपाल मंडल से अयोध्या धाम के लिए चलेंगी 5 आस्था स्पेशल ट्रेन



सभी ट्रेनों का संचालन फरवरी में भोपाल और बीना स्टेशन से किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

रेलवे द्वारा मप्र के श्रद्धालुओं को भगवान राम के दर्शन कराने के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल जोन के भोपाल, जबलपुर और कोटा मंडल से 18 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

जिनमें से 5 आस्था स्पेशल ट्रेन भोपाल मंडल से चलाई जाएंगी। जिनमें 3 ट्रेनें भोपाल से और दो ट्रेने बीना स्टेशन से चलाई जाएंगी। जल्द ही ट्रेनों का शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। भोपाल रेल मंडल से रेलवे द्वारा 5 आस्था स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। जिनमें 3 सुपरफास्ट और 2 एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं। इन सभी ट्रेनों का संचालन फरवरी में भोपाल और बीना स्टेशन से किया जाएगा। आस्था स्पेशल ट्रेनों के स्लीपर क्लास का किराया आने-जाने का 1500 रुपए और एसी थर्ड क्लास का किराया 2500 रुपए तक हो सकता है। अयोध्या जाने ⏩शेष पेज 4 पर

### ट्रेनें 10 घंटे लेट

शनिवार को भोपाल से गुजरने वाली अधिकांश प्रमुख ट्रेनें 10 घंटे से अधिक लेट आई। इसमें जहां श्रीधाम 18 घंटे,तो सुबह आने वाली भोपाल एक्सप्रेस सवा 18 घंटे से अधिक की देरी से यानी 27 जनवरी की जगह 28 जनवरी को राजधानी पहुंची।

### श्रीरामलला के दर्शन का समय बढ़ाया

*अयोध्या। बड़ी संख्या में जनसैलाब उमड़ने की वजह से राम मंदिर ट्रस्ट ने दर्शन अवधि में वृद्धि कर दी है। रामलला का दर्शन सुबह 7:00 से रात 10:00 बजे तक चल रहा है। इस दरमियान 15-15 मिनट के लिए भगवान के भोग और आरती के लिए परदा लगाया जाएगा। भक्त रामलला के मंदिर में प्रवेश करते रहेंगे। रामलला की पांच आरती प्रतिदिन संपन्न की जा रही हैं। आरती के लिए जारी किए जा रहे पास को अस्थाई तौर पर रोक दिया है।*




सीएम बोले- युवा उठाएं संस्कृति के संरक्षण की जिम्मेदारी

# उज्जैन में आगामी महाशिवरात्रि से गुड़ी पड़वा तक होगा विक्रमोत्सव-24 लगेगा विशाल व्यापार मेला, विकसित होगी मेडी सिटी: सीएम डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री उज्जैन में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल हुए, कहा- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सबका विकास लोकतंत्र का शरीर और रामराज्य लोकतंत्र की आत्मा बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को भारतीय गणराज्य के 75वें गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के अमृत महोत्सव के अभूतपूर्व आयोजन के बाद अब गणतंत्र भारत के अमृत महोत्सव का शुभागमन हुआ है। सरकार की पहल पर पहली बार गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल हुए जिला पुलिस बैंड की धुन पर बजते देशभक्ति के तराने, देश के लिए जीने और देश के लिए मरने की प्रेरणा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 75 वें गणतंत्र दिवस पर उज्जैन के दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने झंडा-वंदन कर परेड की सलामी ली तथा शांति के प्रतीक स्वरूप गुब्बारे छोड़े। कलापथक दल की ओर से मप्र गान प्रस्तुत किया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा से 50 लाख लोग लाभान्वित

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबका विकास लोकतंत्र का शरीर और राम राज्य लोकतंत्र की आत्मा बन गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की नई डबल इंजन सरकार ने आज 26 जनवरी को अपने गठन के 45 दिन पूरे कर लिए हैं। इन्दौर की हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 से अधिक मजदूरों के हक की 224 करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रदान करने का बड़ा निर्णय लिया। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियमों और मापदंडों के विपरीत उपयोग पर प्रतिबंध हो या फिर बिना लायसेंस खुले में मांस-मछली के क्रय-विक्रय पर रोक लगाना हो या फिर खुले बोरवेलों को बंद कराने का अभियान चालाना हो-शपथ ग्रहण के तत्काल बाद लिए गए।

### मुख्यमंत्री गणतंत्र दिवस पर विशेष भोज में शामिल हुए

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत शासकीय जालसेवा निकेतन उमावि सीएम राइज स्कूल में आयोजित विशेष भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम जीरो वेस्ट थीम पर आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप देशपांडे ने अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों ने मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्कूल के बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कई वर्षों के कड़े संघर्ष के बाद हमारे देश को स्वतंत्रता मिली और उसके पश्चात गणतंत्र लागू हुआ। देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी महापुरूषों और क्रान्तिकारियों को नमन है। हमारा देश

### सरकार जो कहती है, वो करके दिखाती है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार के कामकाज में हर स्तर पर शुचिता, पारदर्शिता, दिखाई दे, इस उद्देश्य से अनेक नए कदम उठाए गए हैं। मप्र को सड़कों की दृष्टि से स्वर्णिम युग में पहुंचाया जाएगा। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम-जन-मन) में जनजाति बहुल 23 जिलों के लिए 7 हजार 300 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मालवा से राजस्थान को जोड़ने के लिए लिंक परियोजना क्रियान्वित होगी।

### चित्रकूट धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट को विश्व-स्तरीय धार्मिक एवं पर्यटन स्थल का स्वरूप प्रदान करने का निर्णय लिया है। यहां प्रतिवर्ष रामायण मेले का आयोजन किया जाएगा। ओरछा के श्रीराम राजा परिसर में राज्य सरकार श्रीराम राजा लोक के विकास का पुनीत कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को हवाई मार्ग एवं रेल मार्ग से भगवान श्रीराम के पावन दर्शन के लिए अयोध्या की यात्रा कराई जाएगी। सरकार ने उज्जैन में महाशिवरात्रि पर्व से गुड़ी पड़वा पर्व तक विक्रमोत्सव-2024 और विशाल व्यापार मेले के आयोजन का निर्णय लिया है।

## राज्यपाल ने लाल परेड ग्राउंड पर फहराया तिरंगा, 19 टुकड़ियों ने दी सलामी

» *राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाल परेड ग्राउंड पर मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस*

» *सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सैकड़ों छात्राओं ने दी सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति*

◆ राज्यपाल ने आकाश में रंगीन गुब्बारे छोड़कर आम लोगों को बधाई दी...



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर लाल परेड ग्राउंड में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आकर्षक परेड की सलामी ली। लाल परेड ग्राउंड में हुई परेड में 19 टुकड़ियां शामिल थी। जिसके बाद परेड कमांडर आनंद कलादगी के नेतृत्व में मार्च पास्ट किया गया। कार्यक्रम में पुलिस बैंड, स्वान दल, अश्वरोही दल की टुकडियां शामिल थी। राज्यपाल ने आकाश में रंगीन गुब्बारे छोड़कर आम लोगों को बधाई दी। परेड की सलामी के बाद स्कूली छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। छात्रों ने भारत गणराज्य के बदलते स्वरूप की स्तुति का गान किया। इस नृत्य में जहां एक ओर भारत की भौगोलिक विशेषताओं का बखान है, वहीं विश्व के मान के संरक्षक के रूप में दर्शाता है। छात्राओं ने नृत्य पेश किया, जिसमें 60 छात्राओं ने जनसमुदाय का मन मोह लिया।

*स्टाफ को शुभकामनाएं देकर खिलाई मिठाई*

### राज्यपाल ने राजभवन में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गणतंत्र दिवसपर राजभवन में झण्डा फहराया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डीपी आहूजा सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। राज्यपाल ने शुभकामनाओं का अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ आदान-प्रदान किया। मिष्ठान का वितरण किया। इस मौके पर राज्यपाल के विधि अधिकारी उमेश कुमार श्रीवास्तव, राज्यपाल के परिसहाय अभिनव चौकसे, अतुल शर्मा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह चावड़ा और नियंत्रक हॉउस होल्ड शिल्पी दिवाकर सहित राजभवन के सभी विभागों, सुरक्षाबलों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### झांकियों से दिखाई प्रदेश की प्रगति



*गणतंत्र दिवस समारोह में झांकियों के माध्यम से प्रदेश की प्रगति दिखाई गई। उद्यानिकी विभाग की झांकी में उद्यानिकी फसल संतरा, टमाटर, धनिया और लहसुन उत्पादन में प्रथम स्थान रहने को चित्रित किया गया। किसान कल्याण विभाग की झांकी में ड्रोन से नेनो यूरिया के छिड़काव को प्रदर्शित किया गया। कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की झांकी में विश्वकर्मा की प्रतिमा को कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतीक के रूप में प्रदर्शित किया गया।*



### सीएम हाउस में प्रमुख सचिव राघवेंद्र ने फहराया तिरंगा

*भोपाल। 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने तिरंगा फहराया। राष्ट्रगान के बाद प्रमुख सचिव सिंह ने सलामी ली तथा बल का निरीक्षण किया। प्रमुख सचिव सिंह ने निवास कार्यालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सचिवालय तथा निवास कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और सुरक्षा स्टाफ उपस्थित थे।*

### जनसंपर्क आयुक्त ने किया ध्वजारोहण



*भोपाल। प्रदेश के सभी कार्यालयों के साथ शुक्रवार को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी श्रृंखला में राजधानी के आयुक्त जनसंपर्क संदीप यादव और संचालक जनसंपर्क रौशन कुमार सिंह ने 75 वें गणतंत्र दिवस पर जनसंपर्क संचालनालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मौजूद सभी कर्मचारियों को मिठाई वितरित की।*

## विधानसभा अध्यक्ष ने मुरैना में किया ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के 75 वें गणतंत्र दिवस पर मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने मुरैना में झंडा वंदन कर परेड की सलामी ली। इस कार्यक्रम में मुरैना जिले के जन प्रतिनिधि, समस्त अधिकारी कर्मचारी तथा शहीद जवानों के परिवार के सदस्य, हज़ारों गणमान्य नागरिक, विद्यालय छात्र मौजूद थे।

### विधानसभा के प्रमुख सचिव ने किया ध्वजारोहण

**भोपाल।** मप्र विधान सभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने विधानसभा में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाएं दी। इसी तरह प्रमुख सचिव के निवास पर ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर संविधान की प्रति पर पुष्प चढ़ाकर उपस्थित परिजनों ने सम्मान व्यक्त किया।

### सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभाने का संकल्प लें: विष्णुदत्त शर्मा

*भोपाल। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। मुख्य समारोह भाजपा प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुआ, जहां पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने झंडावंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने प्रदेश की जनता और कार्यकर्ताओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।*

## भेल व निगम मुख्यालय सहित राजधानी के कई स्थानों पर फहराया तिरंगा

**भोपाल।** भेल के पिपलानी परेड ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस के मौके पर ईडी एसएम रामनाथन ने ध्वजारोहण किया। सीआईएसएफ जवानों ने सलामी दी । समारोह में लेडीज क्लब की अध्यक्ष संगीता रामनाथन, जीएम एचआर बीके सिंह व भेकनिस के अध्यक्ष अविनाश चन्द्रा सहित कई अधिकारी मौजूद थे। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने परेड व कई प्रस्तुतियां दीं।



### थ्रिफ्ट में ध्वजारोहण

भेल की सहकारी संस्था बीएचईई थ्रिफ्ट सोसायटी में ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष बसंत कुमार, उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, सचिव निशा वर्मा, संचालक आशीष सिंह, राजमल बैरागी, रजनीकांत चौबे, कु. किरण आदि मौजूद थे।



### डीके 24 कैरेट में ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस पर डीके 24 कैरट में मप्र रोज सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष एसएस गद्रे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस इस मौके पर छोटे बच्चों द्वारा देशभक्ति के गीत व नृत्य प्रस्तुत किये गए।

### निगम मुख्यालय में झंडावंदन

*गणतंत्र दिवस के मौके पर महापौर मालती राय ने आईएसबीटी स्थित निगम कार्यालय में ध्वजारोहण किया। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने माता मंदिर स्थित निगम कार्यालय परिसर में राष्ट्र ध्वज फहराया।*

पदाधिकारियों ने मातृभूमि पूजन भी किया

## स्वदेशी जागरण मंच ने प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण कर मनाया गणतंत्र दिवस

**भोपाल।** स्वदेशी जागरण मंच के प्रदेश कार्यालय में 75वां गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण और मातृभूमि के पूजन द्वारा मनाया गया। ध्वजारोहण क्षेत्रीय संयोजक स्वावलंबी भारत अभियान के सुधीर दांते ने किया। उपस्थित भाई-बहनों ने देश की मुख्य समस्या के लिए चल रहे अभियान स्वावलंबी भारत अभियान से हर युवाओं को जोड़ने और उनको स्वावलंबन की और ले जाने का संकल्प लिया।



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्रान्त वृद्ध आयाम प्रमुख सुरेश पाठक ,पूर्व डिप्टी डायरेक्टर उद्योग विभाग अरविंद विश्वरूप, प्रान्त महिला कार्य सह प्रमुख सीमा भारद्वाज, सहकारिता की आखिल भारतीय प्रमुख आशा सेंगर, कमल, हेमंत रावत, वैभव, शिवेंद्र, अंकित और ज्योति कांत आदि उपस्थित रहे।

## विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लें: कुलपति प्रो. सुरेश

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के माखनपुरम बिशनखेड़ी स्थित कैंपस में गणतंत्र दिवस पर कुलपति प्रो. डॉ. के.जी.सुरेश ने झंडा फहराया और परेड की सलामी ली। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। विवि के विद्यार्थियों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। सुनील जैकब एवं वरिष्ठ पत्रकार सुश्री आरती शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। कुलपति प्रो. डॉ.के.जी. सुरेश ने कहा कि हमारे देश ने प्राचीन काल से गणतांत्रिक पद्धति को अपनाया था। उन्होंने कहा कि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है।



## कमिश्नर-कलेक्टोरेट में फहराया तिरंगा

भोपाल। 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर संभागायुक्त कार्यालय में संभाग कमिश्नर डॉ. पवन शर्मा और कलेक्टोरेट में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर एडीएम हरेन्द्र नारायण, अंकिता धाकरे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## ट्रिपल आईटी के निदेशक ने फहराया तिरंगा

**भोपाल।** गणतंत्र दिवस पर मैनिट केंपस स्थित ट्रिपल आईटी में संयुक्त रुप से निदेशक प्रो. आशुतोष कुमार ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। निदेशक ने उपस्थितों को गणतंत्र देश की महत्ता बताई।

## पुलिस कमिश्नर ने किया ध्वजारोहण



*भोपाल। 75वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने आयुक्त कार्यालय परिसर में ध्वजा रोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। इसके बाद पुलिस परिवार एवं शहर वासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।*



भोपाल

रविवार, 28 जनवरी 2024

माघ मास कृष्ण पक्ष-03

वर्ष : 10, अंक : 311

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम

अधि. 24

न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com


## बोपन्ना ने जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन, पीएम ने दी बधाई



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 से भारतीय टेनिस फैंस के लिए काफी शानदार खबर आई है। दिग्गज भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने अपने ऑस्ट्रेलियाई शेष पेज 4 पर





inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## ◆ नया खेला-पुराना मेला : भाजपा का कहना है कि ऐसे दरवाजे कोई दीवार नहीं हैं, जो खुल न सकें। दरवाजे तो बंद होने और खुलने के लिए ही होते हैं।



# आज 'खुल' जाएंगे नीतीश के लिए एनडीए के दरवाजे

**सीटों का नया गणित**

| | | |
|---|---|---|
| कुल सीटें | : | 243 |
| बहुमत | : | 122 |

**एनडीए गठबंधन**

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | : | 78 |
| जेडीयू | : | 45 |
| हम | : | 04 |

कुल : 127 (बहुमत से 5 ज्यादा)

**महा-गठबंधन**

| | | |
|---|---|---|
| आरजेडी | : | 79 |
| कांग्रेस | : | 19 |
| लेफ्ट | : | 16 |
| निर्दलीय | : | 01 |

कुल:115 (बहुमत से 7 कम)

एक अन्य किसी के साथ नहीं

**ये है फॉर्मूला** नए समीकरणों में दो डिप्टी सीएम व सीएम का फॉर्मूला बन रहा है। दो डिप्टी सीएम में सुशील मोदी और रेणु देवी का नाम चल रहा है।

2019 का प्रदर्शन दोहराना चाहती है भाजपा। लोकसभा 2019 के चुनाव में एनडीए को 54% वोट मिले थे, जिसमें से 22 प्रतिशत वोट जदयू का था। जबकि महागठबंधन को 31% वोट मिले थे।

दरअसल, 4 महीने बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और भाजपा बिहार फतह करना चाहती है

इस घटनाक्रम के बाद इंडिया गठबंधन का कुनबा बिखर जाएगा भाजपा के लिए यह बड़ा मौका



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के साथ शनिवार को बक्सर के ब्रह्मेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

राजनीति में एक शब्द बड़ी तेजी से पापुलर है-खेला। अब यह बिहार के लिए प्रयोग हो रहा है। सीएम नीतीश कुमार रविवार को इस्तीफा देकर एनडीए के कुनबे में शामिल हो सकते हैं। नीतीश कुमार एक बार फिर से भाजपा के साथ सरकार बना सकते हैं। भाजपा और जेडीयू ने पटना में विधायक दल की बैठक रविवार शेष पेज 4 पर

### भाजपा की कुर्मी वोटों पर नजर

*भाजपा का ध्यान लोकसभा चुनाव पर है और वह 2019 वाला प्रदर्शन बिहार में फिर से दोहराना चाहती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को 40 में से 39 सीटें बिहार में मिली थी। 17 सीटों पर चुनाव लड़ी जेडीयू ने 16 पर जीत हासिल की थी तो वहीं भाजपा ने सभी 17 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं 6 सीटें लोक जनशक्ति पार्टी ने जीती थी। लेकिन 2022 के अगस्त महीने में नीतीश कुमार एनडीए से बाहर हो गए और* शेष पेज 4 पर

### राहुल ने फोन किया, मांझी बोले 'हम' मोदी के साथ

जीतन राम मांझी किस तरफ जाएंगे, इस पर काफी कुछ निर्भर रहने वाला है। इसी वजह से लालू यादव लगातार उनसे संपर्क साध रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो मांझी से फोन पर बात भी की है। पूरी कोशिश है कि उनके विधायकों को अपने समर्थन में लाया जाए। जीतनराम ने कहा कि शेष पेज 4 पर

### चिराग पासवान की शर्त

नीतीश के भाजपा के साथ आने से चिराग पासवान असहज हैं। उन्होंने दो टूक कहा है कि भाजपा अगर सबसे बड़ी पार्टी है तो उसे न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर काम शेष पेज 4 पर

## एसएफआई का प्रोटेस्ट नहीं रोक पाई पुलिस



# भड़के केरल गवर्नर आरिफ 'सड़क' पर कुर्सी डाल बैठे

**राज्यपाल ने कहा- अमित शाह साहब से बात कराओ**

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

कोल्लम के निलामेल में एसएफआई कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अपनी गाड़ी रोकी और कार से बाहर निकलकर पास की चाय की दुकान से एक कुर्सी निकालकर सड़क किनारे धरने पर बैठ गए। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एक आईपीएस अधिकारी को वहीं अंग्रेजी में फटकार लगाते हुए कह रहे हैं- नहीं मैं यहां से वापस क्यों जाऊंगा, आपने (पुलिस) ने एसएफआई को यहां सुरक्षा दी है।

केरल में एक कार्यक्रम के दौरान एसएफआई कार्यकर्ताओं द्वारा काला झंडा दिखाने और विरोध करते हुए गो बैक का नारा लगाए जाने के बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। उन्होंने वहां पुलिस अधिकारियों को भी फटकार लगाई और कानून तोड़ने का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि अगर पुलिस ही कानून तोड़ेगी तो कानून का पालन कौन करेगा?साथ ही, अपने सहयोगी को कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से फोन कर मेरी बात करवाओ। वहीं इस बवाल को लेकर शेष पेज 4 पर

### राज्यपाल को अब जेड प्लस सुरक्षा

गृह मंत्रालय ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें जेड प्लस सुरक्षा दी गई है जिसमें सीआरपीएफ के जवान शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### पीएम करेंगे 'मन की बात' आज सुबह 11 बजे


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 11 बजे 'मन की बात' कार्यक्रम से देश के नागरिकों को संबोधित करेंगे।



यह उनका 109वां एपीसोड होगा। मन की बात आकाशवाणी पर प्रसारित किया जाने वाला एक कार्यक्रम है जिसका पहला प्रसारण 3 अक्टूबर 2014 को किया गया था। इस कार्यक्रम के लिए पीएम लोगों से सुझाव मांगते हैं और उन्हें मिले पत्रों की चर्चा भी करते हैं। 30 अप्रैल 2023 को मन की बात का 100वां भाग प्रसारित हुआ था।

### उज्जैन मूर्ति विवाद, 19 आरोपी पकड़ाए

**उज्जैन।** उज्जैन जिले के माकड़ोन में पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा गिराए जाने के बाद दो समुदायों के सदस्यों के बीच हुई झड़प के



मामले में अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश भार्गव ने यह बताया कि आरोपियों पर बलवा करने और लोक सेवक को अपना कर्तव्य निभाने से रोकने के लिए आपराधिक बल का उपयोग करने का मामला दर्ज किया गया है। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है, बाजार खुले हैं और स्थिति शांतिपूर्ण है।

### कांग्रेस ने बनाया वार रूम, महेंद्र बने चेयरमैन

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में वार रूम बनाया गया है। इसका



चेयरमैन पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह चौहान को बनाया गया है। इसके साथ ललित सेन और अलमास सलीम को को-चेयरमैन नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के आदेश प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जारी कर दिए हैं।

## लोकसभा चुनाव के लिए...

# भाजपा ने डॉ. महेंद्र सिंह को प्रभारी उपाध्याय को बनाया सह प्रभारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। इसी के तहत देश के 23 राज्यों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मप्र लोकसभा चुनावों के लिए डॉ.

■ चार जिलों के भाजपा अध्यक्ष भी बदले गए



डॉ. महेंद्र सिंह




सतीश उपाध्याय

महेंद्र सिंह को प्रभारी और सतीश उपाध्याय को सह प्रभारी नियुक्त किया है। शेष पेज 4 पर

## सीजेआई ने लिया इसका संज्ञान

# ये मतभेद...जज पर 'पार्टी के लिए काम करने' का आरोप



इस मामले पर सोमवार को होगी सुनवाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एमबीबीएस उम्मीदवारों के एडमिशन में कथित अनियमितता मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के एक जज के दूसरे साथी जज से मतभेद उजागर होने और उन पर राज्य में कुछ राजनीतिक दल के लिए काम करने का आरोप लगाने से विवाद पैदा हो गया है। इसके एक दिन बाद सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को पश्चिम शेष पेज 4 पर

## लूटपाट के बाद मर्डर की आशंका, दो दिन पहले पंजाब से लौटे थे

घटना शनिवार तड़के 3 से 5 बजे के बीच की

# उज्जैन में भाजपा नेता और पत्नी की घर में घुसकर हत्या

घर में सामान अस्त-व्यस्त, कैमरे भी डैमेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में भाजपा नेता और उनकी पत्नी की हत्या कर दी गई। दोनों के शव मकान में मिले। घटना देवास रोड स्थित पिपलोदा गांव की है। शनिवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची। लूटपाट के बाद हत्या की आशंका है। दोनों दो दिन पहले ही पंजाब से लौटे थे। भाजपा नेता रामनिवास कुमावत गांव के मकान में पत्नी के साथ रहते थे। बेटी की शादी हो चुकी है। बेटा देवास में रहता है। वे रोज मॉर्निंग वॉक पर जाते थे। शनिवार को बाहर शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री ने दुख व्यक्त किया

सीएम डॉ. मोहन यादव ने शोक संवेदना व्यक्त करते कहा है कि उज्जैन में भाजपा



नेता रामनिवास और उनकी पत्नी श्रीमती मुन्नीबाई के साथ हुई घटना निंदनीय और दु:खद है। दिवंगतों को बाबा महाकाल मोक्ष प्रदान करें। सीएम ने अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

### एसआईटी गठित

*एसपी सचिन शर्मा ने एडिशनल एसपी गुरुप्रसाद के नेतृत्व में एक एसआईटी गठित की है। इसमें तीन अलग अलग टीम काम करेंगी। पहली टीम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है साथ ही गाँव के प्रवेश और निर्गम द्वार पर लगे फुटेज भी कलेक्ट करेगी। दूसरी टीम मोबाइल लोकेशन पर लगी है और तीसरी टीम संदिग्धों सहित परिवार से बात करेगी।*

### नाइट्रोजन गैस से दे दी गई सजा-ए-मौत

ऐसी सजा देने वाला अमेरिका पहला देश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के अलबामा में एक कैदी को अलग तरह से मौत की सज़ा दी गई। कैदी को नाइट्रोजन गैस देकर उसकी जान ली गई। गुरुवार रात हत्या के दोषी को नाइट्रोजन गैस सुंघाकर मौत की सजा दी गई है। अमेरिका में पहली बार मृत्युदंड के लिए इस तरीके का प्रयोग किया गया। केनेथ स्मिथ शेष पेज 4 पर

### चाय की दुकान में धमाका, 5 झुलसे, तीन की हालत गंभीर

**कटनी।** जिले में चाय की दुकान में गैस रिसाव



के बाद एलपीजी सिलेंडर फट गया। हादसे में 5 लोग झुलस गए। तीन की हालत गंभीर है। घटना बड़वारा थाना इलाके के विलायतकला गांव में शेष पेज 4 पर

### ओलंपिक मेजबानी के लिए भारत को मिला फ्रांस का साथ

**भोपाल।** 75वें गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि बने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने ओलंपिक को लेकर भारत को बड़ा आश्वासन दिया है। मैक्रों का कहना है कि फ्रांस ओलंपिक के लिए भारत भविष्य में ओलंपिक खेलों शेष पेज 4 पर

■ मैक्रों बोले दावेदारी का करेंगे समर्थन

## पहली बार स्कूटी से इंदौर आए पिता-बेटी की हादसे में मौत

बेटी मेघा ही संभाल रही थी पूरा घर

# पिता को घर का तोहफा देना चाहती थी 'इंजीनियर बेटी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

पापा अब हम इस कच्चे मकान में नहीं रहेंगे। यहीं पर छत डालकर अपने नए मकान में रहेंगे। मकान का काम अभी नहीं शुरू करेंगे तो कब करेंगे? अब तो कोरोना भी चला गया। अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है।

आप मकान का काम देखिए और घर पर ही रहा करिए। ये शब्द टीसीएस इंदौर की इंजीनियर मेघा मालवीय (25) के थे जिसे सुपर कॉरिडोर में एक कार ने कुचल दिया। इलाज के दौरान शुक्रवार को इंदौर एमवाय में उसकी मौत हो गई। पिता सुनील मालवीय (53) का पांच दिन पहले घटनास्थल पर ही निधन हो गया था। सॉफ्टवेयर इंजीनियर मेघा की कहानी रुला देने वाली है। पिता के भी चले जाने के बाद अब परिवार में मां बबीता, बड़ा भाई गौरव और छोटी बहन मीनू है। परिवार गरीब है। पिता सुनील मालवीय मजदूरी करते थे।



मेघा



सुनील

बड़ा भाई एक एनजीओ में काम करता है। छोटी बहन मीनू अभी 10वीं में हैं। मेघा ही पूरा घर संभाल रही थी। नौकरी लगने के बाद उसने पिता से भी काम छुड़ा दिया था। नए घर का सपना देख रही थी, लेकिन नियति को कुछ और मंजूर था। पिता उज्जैन से पहली बार स्कूटी से इंदौर आए थे।

## सीतारमण 1 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश करेंगी

लोकसभा चुनाव के चलते इस साल यह अंतरिम बजट होगा

# बजट की तैयारी अंतिम चरण में पहुंची वित्त मंत्री की टीम दे रही फाइनल टच

◆ *प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीएमओ अधिकारियों की टीम और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों की टीम के बीच बजट को लेकर दिन-रात चर्चा चल रही है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरिम बजट 2024 की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों की उनकी टीम इसे अंतिम रूप दे रही है। 'हलवा समारोह' के बाद पूर्ण गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए नॉर्थ ब्लॉक को लॉक-डाउन में डाल दिया गया है। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीएमओ अधिकारियों शेष पेज 4 पर



### बजट तैयार करने वाली अहम टीम

*वित्त सचिव टीवी सोमनाथन, तमिलनाडु कैडर के अधिकारी, जिन्होंने वित्त मंत्रालय में शामिल होने से पहले पीएमओ में अतिरिक्त सचिव के तौर पर कार्य किया, दोनों टीमों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। बजट की कवायद का नेतृत्व करने वाली वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की टीम के शीर्ष सदस्यों में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति विभाग के सचिव तुहिन कांता पांडे, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी और मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन शामिल हैं।*

### 1 फरवरी के बाद घर जाने की अनुमति मिलेगी

*नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रीय बजट की छपाई के दौरान, अधिकांश अधिकारियों को बजट से पहले के दिनों में बाहरी दुनिया से बिना किसी संपर्क के कार्यालय में रहना पड़ता है। एक फरवरी को बजट पेश होने के बाद ही उन्हें घर जाने की अनुमति मिलेगी। अंतिम सप्ताह 6 महीने की बजट तैयारी अभ्यास का समापन है जिसमें कृषि, ग्रामीण विकास, उद्योग, बिजली, राजमार्ग और बंदरगाह जैसे सभी मंत्रालय अपने अनुमान तैयार करते हैं और उन्हें वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत करते हैं। वित्त मंत्री अपनी टीम की सहायता से प्रस्तावों पर गौर करती हैं और समग्र राजकोषीय घाटे और विकास और समावेशी विकास को बढ़ावा* शेष पेज 4 पर

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने गांव का विकसित होना जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान को लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को पन्ना में कार्यशाला को संबोधित किया। पन्ना के एवरशाइन

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गांव चलो अभियान की कार्यशाला को किया संबोधित

गार्डन में आयोजित कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए गांव को विकसित करना जरूरी है। राज्य केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

### 24 घंटे गांव में रहेंगे पार्टी कार्यकर्ता

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत कार्यकर्ता गांव में एक रात रहेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष से लेकर पार्टी के प्रदेश और जिला पदाधिकारी गांव में 24 घंटे रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता सबसे पहले होता है। इस अभियान के माध्यम से भाजपा विधानसभा चुनाव में हारे हुए बूथों को जीतने और जीते हुए बूथों पर 10 प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाने को लेकर कार्य करेगी। गांव के सभी पात्र व्यक्तियों को केंद्र और राज्य सरकार की गरीब कल्याण और जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

## दिग्विजय देश विरोधी ताकतों के साथ खड़े हो रहे हैं

दिग्विजय सिंह देश के जयचंद हैं। वह देश विरोधी ताकतों के साथ खड़े हो रहे हैं। खजुराहो लोकसभा का हर बूथ कांग्रेस मुक्त होगा और हर बूथ को मोदी बूथ बनाया जाएगा। हमें जिले से लेकर शक्ति केंद्र तक की रचना पर काम करना है। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने एवरशाइन गार्डन में शनिवार को भाजप पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक में कही।

### खजुराहो का सबसे अधिक मतों से जीतने का रिकॉर्ड बनाएंगे

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में खजुराहो लोकसभा क्षेत्र की सभी आठ सीटों पर शानदार जीत दर्ज की है। चुनाव केवल राजनीति से नहीं, देश की संस्कृति, स्वाभिमान और गरीब कल्याण की योजनाओं के आधार पर जीते जाते हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा खजुराहो लोकसभा क्षेत्र को देश में सबसे अधिक मतों से जीतने का रिकॉर्ड बनाएंगे।

### अल्पसंख्यकों को भी मिला लाभ

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के मेरे अल्पसंख्यक भाई-बंधु भी कह रहे हैं कि भाजपा सरकार में ही उन्हें लाभ मिला है।

## लोकसभा चुनाव कार्यालय का उदघाटन



*भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को पन्ना जिला भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उदघाटन किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सागर संभाग के प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।*

---

### एक और दो मार्च को उज्जैन में व्यापार मेले के अवसर पर इन्वेस्टर्स समिट भी प्रस्तावित

*समत्व भवन में हुई विभागीय समीक्षा*

# मुख्यमंत्री ने कहा- ऐसी जगहों पर उद्योग लगाएं, जहां उद्योग कम हैं या फिर नहीं हैं

**उद्योगविहीन इलाकों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना पर करें फोकस: डॉ. यादव**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के ऐसे इलाके जहां अपेक्षाकृत उद्योग कम हैं, वहां स्थानीय जरूरतों के अनुरूप औद्योगिक इकाइयों की स्थापना पर फोकस किया जाए। इसके लिए जिला स्तर पर उद्योग संवर्धन संगोष्ठियां करके उद्योगपतियों एवं निवेशकों को प्रोत्साहित किया जाए।

एक और दो मार्च को उज्जैन में व्यापार मेले 2024 के अवसर पर इन्वेस्टर्स समिट भी प्रस्तावित है। विशेष रूप से पर्यटन, कृषि और स्टार्टअप क्षेत्रों पर फोकस रहेगा। इसमें गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र सहित स्थानीय निवेशक हिस्सा लेंगे। शनिवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में नर्मदा घाटी विकास विभाग, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, खनिज साधन, जनसंपर्क, वाणिज्यिक कर विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की। इस मौके पर विभागों ने प्रेजेंटेशन दिए। समीक्षा बैठकों में मुख्य सचिव वीरा राणा व अफसर उपस्थित थे।

### सिंचाई के लिए समय सारणी बनाने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की समय-सारणी निर्धारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नर्मदा नदी के बड़े घाटों और नर्मदा नदी के तट पर स्थित प्रमुख धार्मिक महत्व के स्थानों पर नदी में आवश्यक जल प्रवाह की व्यवस्था होना चाहिए। विद्युत उत्पादन और सिंचाई दोनों कार्यों के लिए जल की उपलब्धता और उसके उपयोग के संबंध में सामने आने वाली कठिनाइयों का व्यवहारिक समाधान भी निकाला जाए। अपर मुख्य सचिव एनवीडीए डॉ. राजेश राजौरा ने एनवीडीए ने प्रजेंटेशन दिया। साथ ही संकल्प 2023 के बिंदुओं पर क्रियान्वयन की जानकारी दी।

### जिला स्तर पर इन्वेस्टर्स समिट की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एमएसएमई, खनिज विभाग, और ग्रामोद्योग विभाग संयुक्त रूप से ऐसी इकाइयों की स्थापना के लिए मिलकर कार्य करें। अंतर्विभागीय समन्वय से कचरा प्रबंधन एवं गोबर के उपयोग के लिए संयंत्र स्थापित करने के कार्य किए जाएं। प्रदेश में एमपीआईडीसी के 10 क्षेत्रीय कार्यालय कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में अधिक रोजगार सृजित करने वाले सेक्टर जैसे गारमेंट, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग आदि के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध है। जिला उद्योग केन्द्रों के माध्यम से जिला स्तर पर उद्योगपतियों के लिए जिला इन्वेस्टर्स समिट की पहल की जा रही है।

### जहां उद्योग नहीं, पहले वहां उद्योग लगाएं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश में ऐसे स्थानों पर उद्योग स्थापना की ठोस पहल की जाए, जहां उद्योग कम हैं। उन्होंने धार, झाबुआ जैसे जनजातीय बहुल क्षेत्रों एवं सागर, जबलपुर जैसे नगरीय क्षेत्रों में उद्योग संवर्धन संगोष्ठियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए। कृषि, पशुपालन, खनिज आधारित औद्योगिक इकाइयों की संभावनाओं पर विमर्श कर स्थापना के लिए तेज गति से कार्य करने बांस उत्पादन आधारित इकाइयों और टिंबर व्यवसाय को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।*

### नर्मदा घाटी विकास विभाग की बैठक

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा घाटी विकास की विभागीय समीक्षा करते हुए जल उपयोग के मामले में श्रेष्ठ परिणाम लाने वाले राज्यों विशेषकर गुजरात में हुए कार्यों का अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान सिंचाई प्रतिशत, सिंचाई सुविधा के उद्देश्य से जल उपलब्ध करवाने, विभिन्न बांधों के माध्यम से जल विद्युत उत्पादन, जलाशयों और बांधों की उपलब्ध जल क्षमता और उसके उपयोग की जानकारी प्राप्त की।*

### राज्य स्तरीय रोजगार दिवस 31 को मुरैना में

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 31 जनवरी को मुरैना में प्रदेश व्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम आयोजित कर दो लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री अनूपपुर, बड़वानी, दमोह तथा छतरपुर के एक हितग्राही से सीधा संवाद भी करेंगे। शेष जिला मुख्यालयों में इसी दिन जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एमएसएमई विभाग के सचिव पी. नरहरि ने बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिलों में होने वाले आयोजन की रूप रेखा जिला कलेक्टर के निर्देशन में निर्धारित कर कार्यक्रम संपादित किया जाएगा, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की स्वरोजगार योजनाओं को संचालित करने वाले विभागों, जिले के बैंकों एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के समन्वय से कार्यक्रम होगा।*

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पद्म पुरस्कार के लिए चयनित मध्य प्रदेश की विभूतियों को दी बधाई

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2024 के पद्म पुरस्कारों में पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित मप्र की चार विभूतियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवती लाल राजपुरोहित, ओम प्रकाश शर्मा, सत्येंद्र सिंह लोहिया और कालूराम बामनिया ने अपने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यकर मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इन सभी चयनित विभूतियां की उपलब्धियों पर मप्र वासियों को गर्व है। भगवती लाल राजपुरोहित को मालवी संस्कृति और साहित्य पर पुस्तकों, विशेष रूप से नाटकों के लेखन के लिए, ओम प्रकाश शर्मा को पारंपरिक माच गायन शैली को रंगमंच से जोड़कर शानदार प्रस्तुतियों के लिए पद्म पुरस्कार मिला है।*

### मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सकल नामांकन अनुपात में राष्ट्रीय औसत से बेहतर: डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई दी*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि मध्यप्रदेश नई शिक्षा नीति को सफलतापूर्वक लागू करने में तो अग्रणी रहा ही है, नामांकन के स्तर पर भी प्रदेश ने उपलब्धि हासिल की है। सकल पंजीयन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय औसत 28.4 प्रतिशत रहा, जबकि मध्यप्रदेश 28.9 प्रतिशत के साथ विद्यार्थी नामांकन संख्या में वृद्धि की उपलब्धि अर्जित कर चुका है। प्रदेश में सर्वाधिक नामांकन स्नातक स्तर पर लागू हुए हैं। प्रदेश ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का स्तर बनाए रखा। प्रदेश ने इस दिशा में निरंतर प्रगति की। कोविड की चुनौतियों के बावजूद राष्ट्रीय औसत से आगे निकलना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।*

---

### सीएम ने ली बैठक

## अवैध खनन, परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। इसके लिए संभागीय टास्क फोर्स का उपयोग किया जाए। खनिजों से राजस्व प्राप्ति के संबंध में विभाग की ओर से नियमित रूप से समीक्षा की जाए।

बैठक में बताया गया कि हाल ही में मप्र को मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स, अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए निरंतर निगरानी कर रहा है। सतत जांच के लिए पिछले माह संभागीय जांच दल गठित किए गए हैं। खनिज विभाग के प्रेजेंटेशन में बताया गया कि मप्र में 68 खनिज ब्लॉक की नीलामी का कार्य किया है। प्रदेश में आगामी 6 माह में 13 खदानें शुरू की जाएंगी। प्रदेश में गौण खनिजों की 5895 खदानें स्वीकृत हैं। प्रदेश में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना लागू है, जिसके तहत 6 हजार से अधिक परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। खनिज अन्वेषण के तहत जीएसआई, एनएमडीसी, मॉइल, एमईसीएल, डीजीएम और एनपीईए. जैसी एजेंसियां कार्यरत हैं। विभागीय पोर्टल का उन्नयन कर विभागीय कार्यों के सरलीकरण पर भी दिया गया है।

### आय बढ़ाने पर दिया जोर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाणिज्यिक कर विभाग के तहत आने वाले आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए विभाग से अर्जित आय एवं वर्तमान में लागू व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रजेंटेशन भी दिया गया। मुख्यमंत्री ने विभागीय प्रकाशन की व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के साथ ई-प्रकाशन के भी निर्देश दिए। उन्होंने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में प्रोत्साहन और पुरस्कार योजना शुरू करने और राज्यों में अध्ययन दल भेजकर नवाचारों को अपनाने के लिए कहा।

### विभागीय प्रकाशन की व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनसंपर्क विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे प्रचार कार्य के साथ ही विषय केन्द्रित और इवेंट आधारित गतिविधियों की रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए। बैठक में जनसंपर्क आयुक्त संदीप यादव ने विभाग के कार्यों की जानकारी दी। प्रकाशन, पत्रकार कल्याण, विभागीय प्रशिक्षण, मीडिया प्रशिक्षण गतिविधियों से अवगत कराया।*

## मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**भोपाल।** मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के कार्यालय एफ 85 /51 तुलसी नगर में गणतंत्र दिवस पर प्रांताध्यक्ष डीके यादव ध्वजारोहण किया व बधाई दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संरक्षक एसएस दांगी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

# गणतंत्र दिवस पर सरकारी, निजी और संस्था, संगठनों ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



### डीआरएम में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल कार्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया। डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके बाद डीआरएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। त्रिपाठी ने पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक के संदेश का वाचन किया। रेलवे समाज कल्याण केंद्र व बोट क्लब में भी धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया।



### एसआईपी अबेकस अकादमी में गूंजा जन-गण-मन

अमृतकाल के गणतंत्र दिवस के मौके पर एसआईपी अबेकस अकादमी रोहित नगर के स्टूडेंट्स ने अपनी मनमोहन प्रस्तुतियों से सबका मन मोहा। देश प्रेम से भरे नृत्य और गायन के बीच ज्ञान की बात भी हुईं। अकादमी का वार्षिक उत्सव भी था यानी सोने पर सुहागा। आयोजन के मुख्य अतिथि किशोर नायडू, रीजनल हेड अनुराधा शेषाद्रि, अकादमी संचालक नीलिमा विरमानी अभिभावक व अन्य लोग मौजूद थे।



### मराठा कलार समाज ने भारत का 75वां गणतंत्र दिवस मनाया

श्री क्षत्रिय मरठा कलार समाज एवं श्री गणेश सहस्त्रबाहु सांस्कृतिक जनकल्याण समिति ने सामाजिक धार्मिक स्थल श्री गणेश सहस्त्रबाहु मंदिर परिसर एकता पूरी अशोका गार्डन में ध्वजारोहण का कर गणतंत्र दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा. डॉ.एल एन मालवीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सहस्त्रबाहु कलचूरी महासभा कलार समाज थे।



### आरजीपीवी में कुलपति ने तिरंगा फहराया

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुनील कुमार ने तिरंगा फहराया गया। विवि यूआईटी की एनसीसी इकाई के कैडेट्स द्वारा मार्चपास्ट कर तिरंगे ध्वज को सलामी दी गई। कुलपति ने कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया। वहीं शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. संजय तेलंग ने ध्वजारोहण किया।



### शिवा रॉयल पार्क में मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

राजधानी की सलैया स्थित शिवा रायल पार्क कॉलोनी में 75वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति की भावनाओं से ओतप्रोत होकर धूमधाम से मनाया। शिवा रॉयल पार्क समिति के अध्यक्ष राजेश खत्री की अध्यक्षता में संचालक मंडल एवं रहवासियों ने प्रातः झंडा वंदन कर भारत माता की जयकारें लगाए। बच्चों, युवाओं, बुजुर्ग, महिलाओं सभी वर्ग के लोगों ने देश भक्ति के मधुर गीत, नृत्य और कविताओ की प्रस्तुति एवं स्वल्पाहार के साथ गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम को मनाया। इस दौरान कॉलोनी स्थित बड़े गार्डन को तिरंगे झंडो से सजाकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कॉलोनी के रहवासियों ने हिस्सा लिया। एक के बाद एक निरंतर धार्मिक एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं आपसी भाईचारे एवं मेल मिलाप से शिवा रॉयल पार्क कॉलोनी राजधानी भोपाल की सबसे बेहतर कॉलोनियों में एक बड़ी मिसाल बन चुकी हैं।



### एलएनसीटी में फहराया 100 फीट ऊंचा तिरंगा

एलएनसीटी समूह रायसेन रोड पर 75 वें गणतंत्र दिवस पर 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलएनसीटी समूह के अध्यक्ष एवं एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेएन चौकसे, सचिव डॉ. अनुपम चौकसे थे। इस अवसर पर वाइस चेयरपर्सन पूनम चौकसे, डायरेक्टर श्वेता चौकसे, पूजाश्री चौकसे ने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्कूल आफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स की 'प्रबंधन' पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अशोक राय, दीपक सक्सेना, डॉ. अमितबोध उपाध्याय, डॉ. सुनील सिंह, प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं त्रिलंगा-गुलमोहर व्यापारी संघ ने त्रिलंगा मार्केट में तिरंगा फहराया। व्यापारी संघ अध्यक्ष वीपी सिंह ने गणतंत्र का महत्व बताया। इस अवसर पर समन्वयक अमित शुक्ला, जनसंपर्क प्रभारी देवेंद्र नाथ आदि मौजूद रहे।



### एम्स डायरेक्टर ने किया ध्वजारोहण

राजधानी के एम्स में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एम्स डायरेक्टर डॉ अजय सिंह ने ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। इधर, नगरीय विकास विभाग के उपक्रम मध्य प्रदेश एवं डेवलपमेंट कंपनी के अमरकंटक भवन स्थित मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। प्रबंध संचालक भरत यादव ने झंडा वंदन किया। प्रभारी प्रमुख अभियंता विजय कुमार गुप्ता ने एमडी भरत यादव और एएमडी शिवम वर्मा का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रबंध संचालक ने समस्त कर्मचारियों और अधिकारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बच्चों द्वारा देशभक्ति रचनाएं भी प्रस्तुत की गई। तिरंगे के वस्त्र पहनकर निर्भया आश्रय गृह की महिलाओं ने 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया।





### पर्यावास भवन में आयोग अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा

75वें गणतंत्र दिवस पर मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने शुक्रवार सुबह 8 बजे पर्यावास भवन परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर आयोग कार्यालय सहित पर्यावास भवन परिसर में लगने वाले सभी कार्यालयों के अधिकारीग एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं, गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोक शिक्षण मुख्यालय में लोक शिक्षण आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव ने ध्वजा रोहण किया। वहीं, गणतंत्र दिवस स्वच्छता ही सेवा अभियान में जल जीवन मिशन से जुड़े, मप्र जल निगम के क़रीब 100 युवाओं ने चार इमली लेक की सफाई की। डॉ. उदय रोमन के नेतृत्व में स्वच्छता के इस कार्य में मप्र जल निगम में जल जीवन मिशन से जुड़े कर्मचारियों एवं कंसलटेंट्स ने न केवल बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। फ़रवरी के अंतिम सप्ताह में एक ग्रामीण अंचल में जाकर जलाशयों की सफ़ाई का प्रण भी लिया।





# रंग बदलता मौसम

- इस सप्ताह, हर दो दिन बाद बदलेगा मौसम
- 3 डब्ल्यूडी सक्रिय होने से सर्दी-गर्मी के बीच बीतेंगे 7 दिन

*कभी सर्दी कम तो कभी सर्दी का सितम... हर दिन, हर शाम मौसम अलग-अलग रंग बदल रहा है। कभी दिन में तेज धूप तो कभी धुंधली। यही हाल कुछ शाम के भी हैं। शाम को सूर्यास्त के वक्त कभी आसमान साफ दिखाई देता तो कभी सुर्ख लाल। यह चित्र भी यही बयां कर रहा है। कलियासोत डैम इलाके में आकाश द्वारा क्लिक सूर्यास्त का ड्रोन शॉट भी यही कुछ कह रहा है ।*

3

## छाए हाई से मीडियम बादल, कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी के बने आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस सप्ताह में 3 पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) आएंगे। इनके असर से भोपाल सहित प्रदेशभर में हर दो दिन बाद मौसम बदलेगा। अगले 7 दिन के दौरान प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तेजी से बदलाव के कारण सर्द-गर्म का अहसास बना रहेगा। पहला पश्चिमी विक्षोभ रविवार को, दूसरा 31 जनवरी और तीसरा डब्ल्यूडी 4 फरवरी को आएगा। इससे पहाड़ों पर बर्फवारी होगी। साथ ही इससे लगे राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड में भी बर्फवारी होने से प्रदेश में मौसम बदलेगा। शनिवार को भी भोपाल सहित प्रदेश के कई हिस्सों में बादलों का असर रहा। प्रदेशभर में रात और अधिकांश जिलों में दिन का पारा बढ़ने से कड़ाके की सर्दी से राहत रही है। दिन में बादलों के असर से कहीं तापमान में कमी रही, जबकि कहीं धूप से पारा बढ़ गया। मौसम केंद्र के अनुसार अगले 24 घंटे में प्रदेश के तापमानों में मामूली बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी अरब सागर से नमी आने से नॉर्थ एमपी और उससे लगे हिस्सों में प्रति चक्रवात बना है, जिससे प्रदेश में बादल छाए हैं। यह हाई से मीडियम क्लाउड हैं, जो करीब 3 किमी की ऊंचाई पर हैं। बादलों के असर से रात के तापमान में बढ़त हुई है। यह क्रम अभी जारी रहेगा।

### पश्चिमी विक्षोभ से बदलेगा मौसम

वैज्ञानिक शुक्ला के अनुसार इस सप्ताह 3 पश्चिमी विक्षोभ आएंगे। पहला डब्ल्यूडी 28 जनवरी को आएगा। दूसरा पश्चिमी विक्षोभ 31 जनवरी और तीसरा 4 फरवरी को आएगा। तीनों डब्ल्यूडी के असर से प्रदेश में मौसम बदलेगा। 28 को आने वाले डब्ल्यूडी से 1 से 2 दिन तापमान बढ़ेगा, फिर तेजी से गिरावट होगी। 31 को आने वाला पश्चिमी विक्षोभ भी ऐसे ही असर करेगा। पहले दो दिन रात गर्म फिर दिन और रात में सर्दी बढ़ेगी। 4 फरवरी को आने वाले पश्चिमी विक्षोभ से पहले तापमान तेजी से बढ़ेगा फिर कड़ाके की सर्दी हो सकती है। इस बीच कोहरा और बीच बीच में बादलों का असर बना रहेगा।

### मीडियम क्लाउड से मामूली बूंदाबांदी

श्री शुक्ला के अनुसार अभी अरब सागर से नमी आने से उत्तरी मप्र के ऊपर एक प्रति चक्रवात बना है। इससे बादलों का असर है, जिससे रात का पारा एक से 2 डिग्री तक बढ़ा है। मीडियम क्लाउड से अगले 24 घंटे में ग्वालियर, चंबल, मुरैना, रीवा, सतना आदि जिलों में बादलों के साथ मामूली बूंदाबांदी हो सकती है। भोपाल में मौसम ऐसा ही रहेगा।

### कहां-कितना बदला दिन-रात का तापमान

ग्वालियर में दिन का पारा 25 डिग्री रहा, जबकि रात का 6 डिग्री दर्ज हुआ। छतरपुर के बिजावर 4.9, आंवरी, दतिया में 5 और शाजापुर 5.5, खजुराहो में 5.8 डिग्री रहा। ग्वालियर में रात का पारा 5.9 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल में अधिकतम तापमान 25 डिग्री पर थमा रहा। रात का 1.2 डिग्री बढ़कर 10.2 डिग्री रहा।

---

सुबह आने वाली भोपाल एक्सप्रेस 18 घंटे से अधिक की देरी से अगले दिन आई राजधानी

# कोहरे से बिगड़ गई ट्रेनों की चाल

## शान-ए भोपाल को 6 घंटे किया रीशेड्यूल, अधिकांश प्रमुख ट्रेनें 10 घंटे से अधिक लेट आईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

घने कोहरे के कारण ट्रेनों की बिगड़ी हुई चाल पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही है। यही कारण है कि कुछ ट्रेनें लगभग एक दिन की देरी से चल रही हैं। इसके चलते रेलवे की ओर से कई ट्रेनों को रैक के अभाव में लगातार निरस्त किया जा रहा है तो वहीं कई ट्रेनों को रीशेड्यूल कर चलाया जा रहा है।

शनिवार को भोपाल आने वाली श्रीधाम एक्सप्रेस साढ़े 18 घंटे तो भोपाल एक्सप्रेस भी सवा 18 घंटे की देरी से राजधानी पहुंची। यानी 27 जनवरी की सुबह करीब सात बजे आने वाली यह ट्रेन 28 जनवरी की अलसुबह पहुंची। इसके अलावा कई ट्रेनें 10 घंटे से अधिक की देरी से आईं। दिल्ली में घने कोहरे के प्रभाव के कारण वंदे भारत एक्सप्रेस और शताब्दी एक्सप्रेस घंटों की देरी से आ रही हैं। इसके चलते अब यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्दी के चलते कई यात्रियों स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में परेशान होते नजर आ रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है।

### ये ट्रेनें आईं लेट

- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 18 .25 घंटे
- 12156 भोपाल एक्स. 18 .10 घंटे
- 12622 तमिलनाडु एक्सप्रेस 15 .45 घंटे
- 12626 केरला एक्सप्रेस 13 .30 घंटे
- 22222 निजामुद्दीन सीएसटी राजधानी 12 :35 घंटे
- 12724 तेलंगाना एक्स. 12 .15 घंटे
- 12722 दक्षिण एक्स. 11 .48 घंटे
- 14116 प्रयागराज एक्सप्रेस 11.09 घंटे
- 12920 मालवा एक्स. 10 .55 घंटे
- 20806-आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस 10 .55 घंटे
- 12616 जीटी एक्स. 9 .40 घंटे
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 3 .03 मिनट

### श्रीधाम 13 घंटे री-शेड्यूल, अब जबलपुर से सुबह निकलेगी ट्रेन, देर शाम भोपाल पहुंचेगी

हजरत निजामुद्दीन से चलकर जबलपुर जाने वाली गाड़ी संख्या 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस के 27 जनवरी को जबलपुर स्टेशन पर विलम्ब से पहुंचने के कारण 27 जनवरी को जबलपुर स्टेशन से शाम 5.45 बजे प्रस्थान कर जाने वाली गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस को 13 घंटे री-शेड्यूल किया गया है। यह गाड़ी जबलपुर स्टेशन से 28 को सुबह 6.45 बजे रवाना होगी। इसके चलते रास्ते के सभी स्टेशनों पर यह ट्रेन लेट होगी। इसके चलते यह ट्रेन देर शाम भोपाल पहुंचेगी।




---

बेटी की मौत, पिता को आई गंभीर चोट, सहेली भी घायल

# कार के खुले गेट से टकराकर बाइक सवार पिता-पुत्री गिरे और ट्रक की चपेट में आए

*सरस्वती प्रकाशन, इब्राहिमपुरा में शनिवार सुबह करीब दस बजे हुआ हादसा, भीड़ ने किया हंगामा, पुलिस ने पाया काबू, दर्ज किया कार और मिनी ट्रक ड्राइवर पर मामला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तलैया थाना क्षेत्र स्थित इब्राहिमपुरा में शनिवार सुबह करीब दस बजे दर्दनाक हादसे में नवीं कक्षा की छात्रा की मौत हो गई, जबकि पिता को गंभीर चोट आई है। हादसे में एक अन्य नाबालिग भी घायल है। हादसा खड़ी कार के ड्राइवर द्वारा एकाएक गेट खोलने के कारण हुआ। पुलिस ने कार ड्राइवर और मिनी ट्रक के चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।



दरअसल, माबिया पिता मोहम्मद शरीफ (14) सिलावटपुरा, घोड़ा नक्कास में रहती थी और हमीद मंजिल स्थित निजी स्कूल में पढ़ती थी। उसके पिता शरीफ बेटी माबिया और उसकी सहेली सादिका को स्कूल छोड़ने बाइक से निकले थे। उनकी बाइक के आगे एक कार चल रही थी। सरस्वती प्रकाशन के पास पहुंचते ही कार के ड्राइवर ने कार साइड में खड़ी की और गेट खोल दिया। सड़क की तरफ गेट खुलते ही पीछे से आ रहे शरीफ की बाइक गेट से टकराकर बेकाबू हो गई और पिता-पुत्री समेत बाइक पर बैठी सादिका गिर गई। इसी बीच सामने से आ रहे नगर निगम के मिनी ट्रक की चपेट में पिता-पुत्री समेत नाबालिग आ गए थे।



### पहिया गुजरा नहीं, पर आई थी गंभीर चोट

हादसे के समय मिनी ट्रक का अगला पहिया माबिया के सिर से गुजरा नहीं था, लेकिन उसका सिर पहिए से टकरा गया था। उसे सिर में गंभीर चोट थी, जबकि पिता को भी गंभीर चोट आई है। साथ ही सड़क पर गिरने के कारण सादिका को भी चोट आई है। तीनों को तत्काल हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां माबिया को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पिता शरीफ की हालत नाजुक होने के कारण उनका गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में इलाज चल रहा है।

### भीड़ ने किया हंगामा

हादसे के समय दुकानें खुलने का समय था। कुछ दुकानदार दुकान खोल रहे थे। हादसे के बाद घटनास्थल और आसपास भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ इकट्ठा होते देख मिनी ट्रक चालक और कार का चालक वहां से निकल गए। कुछ लोगों ने घायलों को हमीदिया अस्पताल पहुंचा दिया। भीड़ में मौजूद लोग कार में आग लगाने की बात कहने लगे थे। इसी बीच पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश दी गई। इसके बाद ही लोगों का गुस्सा शांत हो सका।

---

क्रॉसिंग के लिए रेलवे से ली मंजूरी

## हबीबगंज क्रॉसिंग पर 2 मेट्रो ब्रिज का काम शुरू, ट्रैफिक डायवर्ट

रेलवे ट्रैक के ऊपर से गुजरेगा एक ब्रिज, लाइन ब्लॉक के लिए रेलवे को पत्र लिखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज रेलवे क्रासिंग व उसके बगल में सड़क पर मेट्रो के लिए 103 मीटर के दो स्टील ब्रिज बनना शुरू हो गए। एक ब्रिज रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के ऊपर से गुजरना है, जिसके लिए मेट्रो कॉर्पोरेशन ने दो हफ्ते पहले रेलवे ट्रैक को ब्लॉक करने के लिए पत्र लिखा है, जबकि सड़क के ऊपर बायडक्ट पर बनने वाले स्टील ब्रिज का काम शुरू हो गया है। इसको लेकर चौराहे पर बनी रोटरी को हटा दिया गया है। वहीं इसके साथ ही ट्रैफिक को भी डायबर्ट कर दिया गया है।

### राजस्थान के अलवर से आए, भोपाल में ही किए गए असेंबल

मेट्रो कंपनियों के अधिकारियों के मुताबिक दोनों ही स्टील ब्रिज के पार्ट राजस्थान के अलवर से आए हैं। इन सभी पार्टस को यहीं जोड़कर तैयार किया गया है। मेट्रो कॉर्पोरेशन के के अनुसार ब्रिज के पार्ट्स दो महीने पहले ही अलवर से भोपाल आ चुके हैं। जिन्हें असेंबल भी कर दिया गया है। इन्हें पिलर पर लगाना ही बाकी है। जैसे ही रेलवे से ब्लॉक की हरी झंडी मिलेगीए क्रासिंग पर काम शुरू हो जाएगा।

---

दंत रोग विशेषज्ञ देंगे चिकित्सा

## डीईआईसी में बच्चों के लिए स्पेशल दंत क्लीनिक शुरू



**भोपाल।** जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) में बच्चों को आधुनिक दंत चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। इसके लिए सोमवार से स्पेशल दंत क्लीनिक की शुरुआत की जा रही है। इसकी जिम्मेदारी बाल दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सौम्या राठी को दी गई है।

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जेपी अस्पताल में डीईआइसी संचालित किया जा रहा है। केंद्र में जन्म से लेकर के 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों को जन्मजात विकृतियों, बीमारियों, पौष्टिकता की कमी, विकासात्मक विलंब समेत अन्य समस्याओं का उपचार दिया जाता है। डॉ. तिवारी ने बताया कि बच्चों को आधुनिक और विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध करवाने पेडोडॉन्टिस्ट की सेवाएं ली गई है। इस केंद्र में ही हर दिन 10 से 12 बच्चे दांत संबंधी समस्याओं के साथ पहुंच रहे हैं। यहां ओरल प्रोफिलेक्सिस, एक्सट्रैक्शन ऑफ टीथ, टेंपरेरी एंड परमानेंट रेस्टोरेशन, समेत अन्य सुविधा मौजूद हैं।

---

## आज शाम और कल सुबह कुछ क्षेत्रों में नहीं आएगा नर्मदा जल

**भोपाल।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शाहगंज में शटडाउन लिये जाने के कारण नर्मदा प्रदाय परियोजना से संबिधित क्षेत्रों में रविवार 28 जनवरी शाम एवं सोमवार 29 जनवरी को प्रातःकाल होने वाला जलप्रदाय प्रभावित रहेगा।

- बिजली कंपनी के शाहगंज में शटडाउन लिए जाने से आई समस्या

जलकार्य विभाग के अनुसार शटडाउन लिए जाने से जिंसी चौराहा, आम वाली मस्जिद, बरखेड़ी, रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म 01 की तरफ अशोका गार्डन, चांदबड़, खुशीपुरा, राजेंद्रनगर, सेमरा, हिनोतिया, बोगदा पुल, ऐशबाग, नवीन नगर, बाग फरहत अफज़ा, बाग़ उमराव दुल्हा, सुभाष कालोनी, अन्ना नगर, सुभाष नगर, पदमनाभ नगर, आजाद नगर रायसेन रोड, विकास नगर, आईएसबीटी, होशंगाबाद रोड की कालोनियां, मिसरोद, बाग़ सेवनिया, अमराई, बाग़ म गालिया, खजूरी कलां, शक्ति नगर, अलकापुरी, एम्स, बरखेड़ा, अमरावद खुर्द, ट्रांसपोर्ट नगर, सोनागिरी, रायसेन रोड, दामखेड़ा, गोविन्दपुरा, अयोध्या नगर क्षेत्र, मिनाल रेंसीडेंसी, कटारा हिल्स, बर्रई, दीपड़ी, समरधा इत्यादि क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा।

---

खाने की नली व दिल से निकलने वाली खून की नस को कर रहा था ब्लॉक

# युवक की छाती से निकाला सात किलो का ट्यूमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के एम्स में कैंसर सर्जरी की ओपीडी में 22 साल का युवक महीनों से खांसी और खाना न खा पाने की समस्या के साथ पहुंचा। मरीज की स्थिति को देखते हुए सिटी स्कैन कराया गया।

जिसमें छाती में सात किलो का ट्यूमर होने की पुष्टि हुई। ट्यूमर इतना बड़ा था कि मरीज की खाने की नली और दिल से निकलने वाली खून के एक मोटी नस को ब्लॉक कर रहा था। सर्जरी में देरी होने से मरीज की मौत तक होने का खतरा था।

### सर्जरी में देरी होने से हो सकती थी मौत

**खास बातें**

- महीनों से खांसी और खाना न खा पाने की समस्या से था परेशान



### निजी अस्पताल में होता तो हो जाते 15 लाख खर्च

निजी अस्पताल में सर्जरी का खर्च निजी में करीब 15 लाख रुपए आता है। वहीं एम्स में यह इलाज फ्री में हुआ है। युवक के रिश्तेदार का एम्स में स्तन कैंसर का इलाज चल रहा है। जब उन्हें युवक ने अपनी समस्या के बारे में बताया तो उसने एम्स में दिखाने की सलाह दी।

### बाएं फेफड़े में था ट्यूमर

मरीज के बाएं फेफड़े में एक ट्यूमर था, जो एक बड़े क्षेत्र में फैल गया था। टीम में कार्डियोथोरेसिक सर्जन (सीटीवीएस) डॉ. योगेश निवारिया, एनेसथिसिया विभाग के डॉ. हरीश व डॉ. शिखा थे।

---

नए फैकल्टी के लिए ओरिएंटेशन

### डर्मेटोलॉजिस्ट समेत दर्जन भर विभाग में आए 52 विशेषज्ञ

**भोपाल।** राजधानी के एम्स में डर्मेटोलॉजिस्ट, एंड्रोक्रोनोलॉजिस्ट समेत करीब दर्जन भर विभाग में एक साल में 52 नए डॉक्टर आए हैं। सभी नवनियुक्त फैकल्टी के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। एम्स निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि सभी नव नियुक्त फैकल्टी को अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर सेवाएं देकर मरीजों की सेवा करें। डॉ. सिंह ने कहा कि संस्थान के मिशन के साथ हर डॉक्टर व स्टाफ अपने मिशन को भी तय करें। उसकी प्राप्ति के लिए सेवा भाव से प्रयास करे। सभी विभागों में बेहतर संचार की व्यवस्था बनाए। जिससे मरीजों को एम्स में वर्ल्ड क्लास की सुविधा प्रदान करने के लक्षय में कोई समस्या न आए।

---

उपजिला मूल्यांकन समिति तैयार कर रही प्रस्ताव

## प्रॉपर्टी के रेट बढ़ने की सुगबुगाहट से प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन को लेकर काम चल रहा है। इस बीच प्रॉपर्टी के खरीदार भी शहर की लोकेशन्स पर प्रॉपर्टी के रेट बढ़ने की सुगबुगाहट से रजिस्ट्री करा रहे हैं। एक अप्रैल से रजिस्ट्री कराने पर नए रेट लागू होंगे। जिससे रजिस्ट्री कराना महंगा पड़ जाएगा। जिसको देखते हुए शहर के आईएसबीटी, गोविंदुपरा और परी बाजार स्थित पंजीयन दफ्तरों में भीड़ बढ़ गई है।

अब तक आम दिनों में जहां 100 से 150 रजिस्ट्री हो रहीं थी, वहीं अब रजिस्ट्री की संख्या 200 से अधिक हो गई है। नई कलेक्टर गाइडलाइन को लेकर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जिसको लेकर अधिकारियों में चर्चा भी चल रही है। इस वजह से लोग वर्तमान दर पर ही रजिस्ट्री कराने के लिए पंजीयन कार्यालय पहुंच रहे हैं। शनिवार को छुट्टी होने की वजह से रजिस्ट्री नहीं हुरूं। अब रविवार को छुट्टी के बाद सोमवार से रजिस्ट्री की जाएगी। जिससे रजिस्ट्री कराने वाले लोगों को आसानी रहेगी।

शहर से लगे बैरागढ़ कला से खजूरी और लांबाखेड़ा से बैरसिया रोड की तरफ हो रहे डेवलपमेंट, औद्योगिक विकास और अधिक रजिस्ट्रियों को आधार बनाकर 10 फीसदी तक जमीनों के रेट बढ़ाए जाएंगे। करोंद स्थित दो नई मार्केट और शहर की 14 लोकेशन पर 20 फीसदी तक रेट बढ़ाए जाएंगे।

## जैकेट का शेष

### लक्ष्मण सिंह ने पूछा...

दलालों से चलेगी या कार्यकर्ताओं से चलेगी? दलालों ने हमारे सर्वमान्य नेता का स्तर गिरा दिया है। लक्ष्मण सिंह शुक्रवार को गुना के कुंभराज पहुंचे थे। जहां उन्होंने गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी बात रखी।

**कांग्रेस दलालों से चलेगी या कार्यकर्ताओं से, राहुल गांधी तय कर लें:** लक्ष्मण सिंह ने कहा कि मुझे बड़ा बुरा लगता है कि दिग्विजय का नाम मिस्टर बंटाढार रखा है। जनता की सेवा की, विकास किया, लेकिन बंटाढार नाम क्यों चल रहा है। बंटाढार नाम लेने से भाजपा को क्यों वोट मिलते हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है कि दलाल इनको छोड़ने वाले नहीं हैं। दलालों को बैठाने का काम आप और हम सब मिलकर करेंगे।

### भोपाल मंडल से...

वाली स्पेशल ट्रेनों का संचालन आईआरसीटीसी करेगा। देवाशीष त्रिपाठी, डीआरएम भोपाल का कहना है कि तैयारी पूरी हो गई है।

## पेज एक का शेष

### बोपन्ना ने जीता ऑस्ट्रेलियन...

पार्टनर मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर पुरुष डबल्स का खिताब जीत लिया है। इस जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि 'असाधारण रूप से प्रतिभाशाली रोहन बोपन्ना ने बार-बार दिखाया है कि उम्र कोई बाधा नहीं! ऐतिहासिक ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत पर उन्हें बधाई। उनकी उल्लेखनीय यात्रा याद दिलाती है कि हमेशा हमारी भावना, कड़ी मेहनत और दृढ़ता ही, जो हमारी क्षमताओं को परिभाषित करती है। उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं।' शनिवार को मेलबर्न पार्क में खेले गए फाइनल मुकाबले में दूसरी सीड रोहन-एब्डेन की जोड़ी ने इटली के सिमोन बोलेली और आंद्रे वावसोरी को 7-6 (0), 7-5 से हराया। तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड: 43 साल के रोहन बोपन्ना ग्रैंड स्लैम (ओपन एरा) जीतने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। पिछला रिकॉर्ड नीदरलैंड्स जीन-जूलियन रोजर के नाम था, जिन्होंने 40 साल और 9 महीने की उम्र में मार्सेलो अरेवोला के साथ मिलकर 2022 के फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल खिताब जीता था।

### आज 'खुल' जाएंगे ...

को बुलाई है। नीतीश की आरजेडी से इतनी दूरी हो गई है कि उन्होंने लालूप्रसाद यादव के लगभग 8 कॉल रिसीव नहीं किए। लालू हर कीमत पर तेजस्वी को सीएम बनाना चाहते हैं। इसी बात का दबाव नीतीश कुमार पर भी आ रहा था और इसी वजह से उनकी दूरियां आरजेडी के साथ बढ़ती गई। माना जा रहा है कि नए समीकरणों में दो डिप्टी सीएम या सीएम का फॉर्मूला बन रहा है। दो डिप्टी सीएम में सुशील मोदी और रेणु देवी का नाम चल रहा है। नीतीश कुमार भारतीय राजनीति के ऐसे चेहरे माने जाते हैं जो सीएम पद पर रहते हुए सीएम बनने के लिए सीएम पद से इस्तीफा देते हैं ताकि वे फिर से सीएम बन सकें। गौर हो कि आरजेडी के साथ जाने के बाद भाजपा ने नीतीश के लिए एनडीए के दरवाजे बंद कर दिए थे। इस पर अब भाजपा का कहना है कि दरवाजे कोई दीवार नहीं हैं, जो खुल न सकें। दरवाजे तो बंद होने और खुलने के लिए ही होते हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को बिहार जा सकते हैं। माना जा रहा है कि वे नीतीश के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेंगे। अभी तक इसे लेकर कोई औपचारिक ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन अटकलें तेज हैं। तेजस्वी यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी तरफ से गठबंधन वाला धर्म निभाया, नीतीश का हमेशा सम्मान किया। यानी, उनका रुख नरम है।

### राहुल ने फोन किया...

वे मोदी के साथ हैं। आरजेडी ने अपनी बैठक में बड़ा फैसला लेते हुए साफ कर दिया है कि हर फैसले के लिए अब लालू यादव अधिकृत रहने वाले हैं। यानी कि हर बड़ा फैसला अब सीधे लालू यादव की तरफ से लिया जाएगा।

### चिराग पासवान...

करना चाहिए। जितनी सीटों पर एलजेपी (रामविलास पासवान) लड़ती आ रही है, उतनी सीटों पर आगे भी लड़ना चाहती है। बताया जा रहा है कि अगर बात नहीं बनी तो 23 सीटों पर अकेले ही चिराग अपने उम्मीदवार उतार सकते हैं।

### भाजपा की कुर्मी...

आरजेडी के साथ उन्होंने सरकार बनाई। ऐसी कई सीटें हैं जहां पर नीतीश कुमार की पार्टी जदयू का वर्चस्व है और भाजपा आसानी से उनके साथ मिलकर जीत सकती है। बिहार की राजनीति के जानकार मानते हैं कि नीतीश कुमार का बिहार में 20% वोट कहीं नहीं गया है। नीतीश कुर्मी जाति से आते हैं और उनका असर बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के भी कई इलाकों में भी है। इसका फायदा भाजपा को मिल सकता है।

### भड़के केरल गवर्नर...

एक एसएफआई कार्यकर्ता ने कहा कि बिना किसी योग्यता के सुरेंद्रन को बीजेपी दफ्तर से सिफारिश आने के बाद बाद सीनेट में वापस ले लिया गया. इसलिए एसएफआई पिछले कई महीनों से राज्यपाल के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ प्रदर्शन करने के बाद अब पुलिस ने 13 एसएफआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. इन पर आईपीसी की धारा 143, 144, 147, 283, 353, 124, 149 के तहत एफआईआर की गई है।

### भाजपा ने महेंद्र सिंह ...

महेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य हैं और उपाध्याय दिल्ली भाजपा अध्यक्ष रह चुके हैं। भाजपा ने प्रदेश के चार जिलों के अध्यक्ष बदल दिए हैं। इनमें राम किशोर कांवरे को बालाघाट, मनोज माने को बुरहानपुर, प्रदीप उपाध्याय को रतलाम और चंद्रभान सिंह गौतम को छतरपुर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उत्तराखंड की जिम्मेदारी दुष्यंत कुमार गौतम, पंजाब की विजयभाई रूपाणी और डॉक्टर नरिंदर सिंह, लद्दाख की तरुण चुघ, केरल की प्रकाश जावड़ेकर, झारखंड की लक्ष्मीकांत बाजपेयी, हिमाचल प्रदेश की श्रीकांत शर्मा और हरियाणा की बिप्लब कुमार देव को सौंपी गई है।

### ये मतभेद...जज पर...

बंगाल सरकार और कलकत्ता हाईकोर्ट को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मेडिकल एडमिशन में अनियमितता की सीबीआई जांच के निर्देशों पर भी रोक लगा दी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को घटनाक्रम पर स्वतः संज्ञान लेने के बाद खुद और अदालत के चार सबसे वरिष्ठ न्यायाधीशों - जस्टिस संजीव खन्ना, बीआर गवई, सूर्यकांत और अनिरुद्ध बोस को शामिल करते हुए पांच न्यायाधीशों की पीठ का गठन किया था। शीर्ष अदालत ने मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के समक्ष सभी संबंधित कार्यवाही पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर सोमवार को सुनवाई करेगा। सीजेआई ने कहा कि अब हमने इस मामले को ले लिया है।

### नाइट्रोजन गैस...

नाम के इस व्यक्ति को हत्या का दोषी पाया गया था। 58 साल का केनेथ स्मिथ दुनिया में मौत की सजा पाने वाला ऐसा पहला मुजरिम बन गया है, जिसकी नाइट्रोजन गैस के जरिए जान ली गई हो। 1982 में जहरीले इंजेक्शन से मृत्युदंड दिए जाने का प्रावधान करने के बाद से अब तक इसका ही प्रयोग किया जा रहा था। स्मिथ को फेस मास्क के जरिए नाइट्रोजन गैस में सांस लेने के लिए मजबूर किया गया। तकरीबन 22 मिनट के बाद उसके शरीर में ऐंठन आ गई और उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### चाय की दुकान...

शुक्रवार देर शाम की है। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया। विलायतकला गांव के बस स्टैंड के पास टी स्टॉल में एलपीजी सिलेंडर से अचानक गैस रिसने लगी। लोगों के संभलने से पहले ही गैस ने आग पकड़ ली। जिसकी चपेट में आकर दुकान में रखे दूसरे सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया।बड़वारा थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि हादसे में होटल संचालक मनोज यादव, उसका छोटा भाई लाला यादव, दुकान में चाय पीने आए अरुण गुप्ता समेत कुल 5 लोग घायल हुए हैं। मनोज और दो लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लाला और अरुण को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

### ओलंपिक मेजबानी ...

के आयोजन की दावेदारी का समर्थन करेगा। मैक्रों ने कहा कि हमें आपके साथ खेलों पर मजबूत सहयोग करने में खुशी होगी। हम भविष्य में भारत में ओलंपिक खेलों के आयोजन के आपके इरादे का निश्चित रूप से समर्थन करेंगे। गौरतलब है कि फ्रांस 2024 ओलंपिक की मेजबानी करेगा जो 26 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त को समाप्त होगा जिसमें विभिन्न देशों के कुल 10500 एथलीट प्रतिभाग करने की संभावना है। ओलंपिक के खत्म होने के तुरंत बाद पैरालंपिक गेम्स शुरू होंगे, जो 28 अगस्त से लेकर 8 सितंबर तक चलेंगे। ज्ञातव्य हो कि पिछला ओलंपिक गेम्स जापान के टोक्यो शहर में खेला गया था। कोविड महामारी के चलते इसे 2020 के 2021 में आयोजित करना पड़ा। भारत की तरफ से कुल 126 एथलीटों को भेजा गया जिन्होंने 18 खेलों में प्रतिभाग करते हुए कुल 7 मेडल अर्जित किए। गौरतलब है कि नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए जैवलिन थ्रो में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल हासिल किया था।

### उज्जैन में भाजपा...

नहीं निकले तो गांव में ही रहने वाले उनके साले ने घर जाकर देखा। अंदर कमरे में रामनिवास और उनकी पत्नी मुन्नी कुमावत के शव पड़े थे। उन्होंने सुबह 6 बजे पुलिस को सूचना दी। एसपी सचिन शर्मा ने बताया कि एफएसएल टीम ने जांच की है। रात में किसका मूवमेंट रहा, घटना की वजह क्या है, इसकी जांच की जा रही है। गन शॉट इंजरी नहीं मिली है। चाकू या किसी दूसरे धारदार हथियार से हत्या होने की आशंका है। पीएम के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा। घर में सामान अस्त-व्यस्त मिला है। कैमरे भी डैमेज किए गए हैं।

**पेशे से गल्ला व्यापारी थे, परिवार गांव में सबसे संपन्न:** घटना शनिवार तड़के 3 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है। रामनिवास भाजपा के पूर्व मंडलाध्यक्ष रह चुके थे। पेशे से गल्ला व्यापारी थे। उनके नाम 300 बीघा जमीन है। भाजपा नेता ने कई लोगों को उधार पर पैसा भी देखा रखा था। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है। भाजपा नेता के साले ने बताया जब वे पहुंचे तो मेन गेट का दरवाजा बंद था। पीछे का दरवाजा खुला हुआ था। खिड़की की ग्रिल भी टूटी हुई थी।

**उधर, जबलपुर में किसान की गोली मारकर हत्याः जबलपुर।** जबलपुर में किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना पाटन थाने के चौधरी मोहल्ले के वार्ड-3 की है। भाजपा नेता और उसके दो साथियों पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। भाजपा नेता और उसके साथी फरार हैं। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए चार टीमें बनाई है। पाटन थाना प्रभारी नवल आर्य ने बताया, रिमझा निवासी रामराज नदेंसरिया पेशे से किसान थे। वह शुक्रवार रात 11 बजे चचेरे भाई राघव को घर छोड़ने चौधरी मोहल्ला आए थे। यहां से रिमझा लौटते समय उन्हें पप्पू बर्मन मिला। उससे उन्होंने पूछ लिया कि कहां जा रहे हो? पप्पू को यह नागवार गुजरा। बोला कि तुम पूछने वाले कौन होते हो। दोनों में कहासुनी होने लगी। पप्पू बर्मन ने भाजपा नेता आशीष बेहिरे को बुला लिया। आशीष ने बंदूक निकालकर रामराज के पेट में गोली मार दी। आरोपी आशीष भाजपा युवा मोर्चा ग्रामीण में भी वह कई पद पर रह चुका है। आरोपी की मां नीरा बेहिरे पाटन नगर परिषद की अध्यक्ष रह चुकी हैं। पप्पू बर्मन भी आदतन अपराधी है। कुछ महीने पहले ही हत्या के प्रयास में वह जेल से छूटकर आया था।

### बजट की तैयारी...

की टीम और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों की टीम के बीच बजट को लेकर दिन रात चर्चा चल रही है। ये चर्चाएं सुनिश्चित करती हैं कि प्रधानमंत्री द्वारा जमीनी हकीकतों की गहरी समझ के साथ तैयार की गई योजनाओं का जोर बजट के फाइन-प्रिंट में पर्याप्त रूप से प्रस्तुत किया जाए। सीतारमण 1 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश करेंगी, जिससे वह मोरारजी देसाई के बाद लगातार छठी बार संसद में बजट पेश करने वाली देश की दूसरी वित्त मंत्री बन जाएंगी। लोकसभा चुनाव के चलते इस साल यह अंतरिम बजट होगा।

### 1 फरवरी के बाद घर...

देने के उद्देश्य से सरकारी नीतियों के साथ किए जाने वाले आवंटन को ध्यान में रखते हुए उन्हें पीएमओ के साथ निकट परामर्श में रखती हैं।


**मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग**

76, अरेरा हिल्स, भोपाल
(दूरभाष एवं फैक्स 0755-2559722)
सूचना-पत्र क्रमांक 260
दिनांक-12/01/2024
अपील क्रमांक-एफए/20/628

डॉ फिरदोस .................... अपीलार्थी
विरूद्ध
मेसर्स निहो कन्सट्रक्शन लि. व अन्य
.................. प्रतिअपीलार्थी

प्रति, मेसर्स नीहो कन्स्सट्रक्शन लि. नीहो 4 स्कोटिरा गार्डन म.न. 21 ग्राम नेवरी संजीव नगर के पास नई जेल रोड जिला भोपाल (म.प्र.) 462010

उपरोक्त अपीलार्थी डॉ. फिरदोस ने जिला उपभोक्ता आयोग भोपाल क्र.1 के प्रकरण क्रमांक 496/2017 में पारित आदेश दिनांक 18/03/2020 के विरूद्ध इस आयोग के समक्ष एक अपील धारा 41 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत प्रस्तुत की है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अधिकृत प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 04/03/2024 को 10.30 बजे इस आयोग के समक्ष उपस्थित रहे। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि आप नियत दिनांक को उपस्थित नहीं रहते है तो प्रकरण में सुनवाई / एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह प्रकरण ग्राह्यता पर सुनवाई/स्थान पर/आवेदन/स्थान की पुष्टीकरण/अंतिम तर्क/सुनवाई के लिये नियत है।

(प्रशासनिक अधिकारी)
राजीव शर्मा, म.प्र. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, भोपाल

**न्यायालय तहसीलदार तहसील कोलार जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 4071/अ-6/2023-24
-: उद्घोषणा पत्र :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक विजय कुमार सिंघई आ.स्व.फूलचंद सिंघई निवासी भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर / रजिस्टर्डविक्रय / पत्र क्र. MP059702023 A12658464 दिनांक 13.12.2023 ग्राम रापडिया प.ह.न.-01 स्थित भूमि खसरा नंबर 1/2, 2/2 का अंश भाग डुप्लेक्स क्र. ए-52 रामायण साउथ एवेन्यु फेस-02 क्षेत्रफल 111.48 वर्ग मीटर भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 09/02/2024 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 25.01.2024 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील कोलार
जिला भोपाल



**हरिभूमि क्लासीफाइड**
व्यापार चिकित्सा ज्योतिष दिल्ली विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9300009644

**वैवाहिकी**

**वधु चाहिए**

वधु चाहिए- 43 वर्ष वर के लिए, जाति ठाकुर, वधु चाहिए जाति बंधन नहीं है रायपुर में घर एवं कृषि जमीन सम्पन्न परिवार संपर्क करे मो. 9300982497 (58)

**वर चाहिए**

वर चाहिए
जाति महरा उम्र 25 वर्ष बिलासपुर छ.ग. बंधवापारा शिक्षा बी. कॉम एम. कॉम कन्या हेतु वर चाहिए
छत्तीसगढ़ निवासी को प्राथमिकता
सम्पर्क करें
9179368254

**आवश्यकता**

फ्रॉड कॉल से सावधान Reliance Jio 5G कंपनी में घर बैठे SMS Job करके लड़के /लड़कियां, गृहणियां, स्टूडेंट, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाईल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें - 9241650814 R- 28/01 to 01/02/24

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

**हरिभूमि भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644

**कान्हा नानक फार्म/प्लॉट** 7509861369, 7509861379
प्रीमियम फार्म हाउस
फार्म हाउस 349/- Sqft.
▸निवेश का सुनहरा मौका
▸डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
▸पूर्णतः विकसित फार्म हाउस
प्लॉट मात्र 699/- से शुरू
प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कान्हासैया (न्यू RTO आफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी

**Hindblaze** SMART WAY TO KITCHEN
TOLL FREE:- 1800 203 0585
HINDBLAZE APPLIANCES PVT. LTD.
• 60 CM • 1250 m³/hr • Hand Sensor • Filterless
Shopy:- Shop No 4/6 Aamer Complex Zone II Mp Nagar Bhopal 462010
Dealership & Trade Enquiries:- 88894 22296 Auth. Dist:-Sundram Sales And Service:- 88894 22295

**भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी**
(अधिकृत सेन्टर : माखनलाल चतुर्वेदी "राष्ट्रीय" विश्वविद्यालय)
ADD: 15-A, 15-B NIRMAL TOWER, ABOVE SBI/CANARA BANK, NEAR APSARA CINEMA, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M.86027-11111
DCA TOTAL FEE Rs. 2999/- PER SEM
PGDCA TOTAL FEE Rs.3999/- PER SEM
FREE 1 साल का GYM/CARDIO SECTION, 3 MONTH CPCT & FREE ALL SUBJECT BOOKS, Q.BANK, NOTES ETC.
CPCT GYM/CARDIO
REQUIREMENT FACULTY & RECEPTIONIST

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

**सफेद दाग गारंटेड इलाज**
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M: 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**- बेदखली सूचना-**

(पुत्र सुनील साहू को अपने समस्त चल/अचल संपत्ति से बदेखल करने संबंधी सूचना)

हम, 1-मांगीलाल साहू पुत्र बालकिशन एवं 2-श्रीमति फूल बाई साहू पत्नी श्री मांगीलाल साहू निवासीगण-06, रतन कॉलोनी, नई जेल रोड, करोंद चौराहा, भोपाल म.प्र. हमारे तीन पुत्र है, 1-रवि साहू, 2-सुनील साहू, 3- कपिल साहू। हमने अपने पुत्र सुनील साहू को दिनांक 20.01.2022 को एक प्लॉट स्थित-गोपाल नगर, करोंद, भोपाल में दिलाया था और 3,00,000/- (तीन लाख रूपये) मकान बनाने के दिये थे परन्तु हमारे पुत्र ने प्लॉक पर मकान बनाकर उक्त मकान को बेच दिया है, जिससे हम सभी उक्त कृत्य से बहुत आहत व दुखी है, हमने अपने पुत्र सुनील साहू को हिस्सा दे दिया है, और अपने समस्त चल/अचल संपत्ति से सदैव के लिए बेदखल कर दिया है, अब हमारे समस्त चल/अचल संपत्ति पर हमारे पुत्र सुनील साहू का कोई हक व अधिकार नहीं है, ना ही भविष्य में रहेगा। यदि सुनील साहू व उसकी पत्नी भविष्य में हमारे चल/अचल संपत्ति में किसी प्रकार से हक, दावा या हस्तक्षेप करते है तो गैर कानूनी होकर शून्य मानी जावे। भविष्य में पुत्र सुनील साहू व उसकी पत्नी पूजा साहू के साथ कोई भी वाद-विवाद होता है तो उसमें हमारे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। अतः सूचित हो।

भवदीय ललित कुमार (एडवोकेट)
कार्या : 62, श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर, प्रथम तल, करोंद चौराहा भोपाल (म.प्र.)-462038
मो.नं.- 7974760907, 8461023005

**न्यायालय नजूल अधिकारी नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

रा.प्र.क्र/0140/अ-6/2023-24
-:: सूचना ::-

1. श्रीमति कुलसुम बी पत्नी स्व. श्री छन्नू खाँ 2. श्री हारून खान आत्मज स्व. श्री धन्नू खाँ 3. रेशमा खान पुत्री स्व. श्री धन्नू खाँ सभी निवासी म.न- 96/1 गणेशगंज छोटी बजरिया नर्मदापुरम 4. श्रीमति यासमीन बी पति श्री फिरोज खान पुत्री स्व. श्री धन्नू खाँ निवासी पिंजरा मोहल्ला तहसील माखननगर व जिला नर्मदापुरम .................. आवेदकगण

बनाम

1. श्री मोहम्मद उसमान आत्मज श्री फारूख अहमद निवासी फाजिल मंजिल होशंगाबाद तहसील व जिला होशंगाबाद (नर्मदापुरम) ........................ अनावेदक

आवेदकगण श्रीमति कुलसुम बी पति स्व.श्री धन्नू खाँ व अन्य तीन निवासी गणेशगंज छोटी बजरिया नर्मदापुरम तहसील व जिला नर्मदापुरम द्वारा म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत नजूल शीट नं. रकबा 41 प्लाट नम्बर 34/36 नया प्लाट नम्बर 34/36/3 रकबा 5000 वर्गफुट में से क्रय शुदा रकबा 945 वर्गफुट भूखण्ड पर पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 21/10/1998 के आधार पर न्यायालय नजूल अधिकारी नर्मदापुरम के समक्ष रा.प्र.क्र/0140/अ-6/2023-24 विचाराधीन है।

एदत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त नामांतरण संबंधी कार्यवाही में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो इस न्यायालय के समक्ष स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के द्वारा दिनांक 31/01/2024 तक या उसके पूर्व आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह विज्ञप्ति आज दिनांक 24/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी की गई।

नजूल अधिकारी
नर्मदापुरम

**पश्चिम मध्य रेल**

निविदा आमंत्रण सूचना नि.आ.सू.सं.-टीकेडी-13-2023, टीकेडी-02-2024, टीकेडी-04-2024 एवं टीकेडी-05-2024, दिनांक: 24.01.2024

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता, विद्युत लोको शैड, तुगलकाबाद नई दिल्ली-44, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से, निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिनकी बंद होने की तिथि समय 23.02.2024 है। निविदाकार बंद होने की तिथि व समय तक अपनी मूल/संशोधित अपनी निविदा ऑफर जमा कर सकते है। मैन्युअल निविदा ऑफर स्वीकार्य नहीं हैं। विवरण इस प्रकार है :- निविदा सं.: टीकेडी-13-2023, कार्य का नाम व स्थान: [illegible], मात्रा: 18 नग, अनुमानित लागत (रू में): 16250899.42, निविदा प्रपत्र का मूल्य(रू में): शून्य, बयाना राशि (रू में): 2,31,300/-, समापन अवधि: 24 माह, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय: 23.02.2024 at 15:00 बजे, निविदा सं.: टीकेडी-02-2024, कार्य का नाम व स्थान: [illegible], मात्रा: 300 Loco, अनुमानित लागत(रू में): 12744000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य(रू में): शून्य, बयाना राशि (रू में): 25,500/-, समापन अवधि: 12 माह, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय: 23.02.2024 at 15:00 बजे, निविदा सं.: टीकेडी-04-2024, कार्य का नाम व स्थान: [illegible], मात्रा: 812 नग, अनुमानित लागत(रू में): 87,46,301.32, निविदा प्रपत्र का मूल्य(रू में): शून्य, बयाना राशि(रू में): 1,75,000/-, समापन अवधि: 36 माह, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय: 23.02.2024 at 15:30 बजे, निविदा सं.: टीकेडी-05-2024, कार्य का नाम व स्थान: [illegible], मात्रा: 1464 लोको माह, अनुमानित लागत(रू में): 73,30,180.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में): शून्य, बयाना राशि (रू में): 1,46,700/-, समापन अवधि: 24 माह, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय: 23.02.2024 at 15:30 बजे, नोट: 1. ई-निविदा प्रपत्र एवं ई निविदा से सम्बंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं जेम पोर्टल पर उपलब्ध है। 2. इस ई टेंडर के लिए कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है तथा कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त होता है तो भी वह मान्य नहीं होगा। 3. इस टेंडर से सम्बंधित कोई आवश्यक संशोधन यदि जरूरी हो तो वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जावेगा, जिसे टेंडर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। 4. टेंडरर (निविदादाता) के पास क्लास-III के डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट तथा पोर्टल पर पंजीकृत होना आवश्यक है।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता(टी.आर.एस.), विद्युत लोको शैड, [illegible], नई दिल्ली

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## राशिफल

**मेष:** मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष:** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या:** नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक:** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर:** आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5407

**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 5406 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | ■ | मा | न | व | ता |
| त | न | ■ | ल | ■ | ल | म्बा | ई | ■ | श | र |
| रा | ■ | आ | क | र्ष | क | ■ | न | स | ■ | को |
| धि | क्का | र | ना | ■ | ■ | अ | ■ | च | प | ल |
| का | ■ | क्ष | ■ | भा | गी | दा | र | ■ | र | ■ |
| र | म | ण | यो | ग्य | ■ | व | ज | न | दा | र |
| ■ | ह | ■ | ग | फ | ल | त | ■ | म | ■ | ह |
| द | ल | ना | ■ | ल | ■ | ■ | य | की | न | न |
| श | ■ | का | व्य | ■ | त | न | म | न | ■ | स |
| ह | रा | ■ | स | ला | मी | ■ | रा | ■ | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | ■ | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकू बवाल - 5417

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू बवाल - 5416 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |



# लार्ज कैप पर भी कर सकते हैं फोकस, दे रहा अच्छा रिटर्न

जानकारी | बिजनेस डेस्क

नए साल के पहले महीने में शेयर बाजार में खूब उलट-फेर हो रहे हैं। बड़े-बड़े खिलाड़ी एक्शन में वापस आ गए हैं। साल भर ज्यादातर समय डगआउट में बिताने के बाद, लार्ज कैप म्यूचुअल फंड एक बार फिर से मैदान में जलवे बिखेरने लगे हैं। सिर्फ वापसी ही नहीं, शानदार प्रदर्शन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जानकारों का कहना है कि निफ्टी 50 ने बीते दिसंबर में जुलाई 2022 के बाद से अपना सबसे अच्छा महीना देखा। इस महीने एनएसई स्मॉल कैप इंडेक्स के 6.4 प्रतिशत की बढ़त की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत का रिटर्न मिला। यह साफ दर्शाता है कि स्मॉल कैप के लिए हनीमून खत्म हो गया है, लेकिन कहानी कुछ और ही है। लार्ज कैप म्यूचुअल फंड के प्रति लोगों के उन्माद को बढ़ावा देने वाला फैक्ट यह है कि ये कंपनियां बीएसई 500 कंपनियों के मुनाफे में 68% और मार्केट कैप में 63% का योगदान देती हैं, जो भारत के बाजार पूंजीकरण के एक तिहाई के करीब है। इसके अलावा, इन कंपनियों ने पिछले 25 वर्षों में 14 प्रतिशत से अधिक का चक्रवृद्धि रिटर्न दिया है और इन कंपनियों के आकार को देखते हुए, वे अन्य इक्विटी एसेट क्लास की तुलना में सबसे कम अस्थिर हैं।

### लार्ज कैप के पीछे ये कारक

लार्ज कैप म्यूचुअल फंडों के मजबूत रिटर्न को बड़े पैमाने पर वैश्विक फंडों से खरीदारी, अच्छे वैल्यूएशन और घरेलू राजनीतिक स्थिरता से बढ़ावा मिला है, जिसने लार्ज कैप में खरीदारी को बढ़ावा दिया है। इनके परफॉरमेंस पर नजर डालें तो निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड लगातार आगे रहा है, जिसने पिछले एक साल में 35% का शानदार रिटर्न दिया है। यह फंड पिछले 16 वर्षों से नंबर 1 स्थान पर है। बैंक ऑफ इंडिया, क्वांट, इनवेस्को और जेएम फाइनेंशियल के लार्ज कैप म्यूचुअल फंड ने भी इस दौरान अच्छा फायदा दिया है।

### यह हमेशा रिटर्न देता है

म्यूचुअल फंड के शीर्ष जानकारों का तर्क है कि लार्ज कैप में निवेश लगभग हमेशा अच्छा रिटर्न देता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये कंपनियां छोटी मोटी चुनौतियों का प्रबंधन करने के लिए बेहतर स्थिति में हैं और चूंकि वे वर्तमान में छोटे और मिड-कैप शेयरों की तुलना में उचित मूल्यांकन प्रदान करते हैं, इसलिए इनका रिस्क-रिवार्ड बैलेंस कहीं बेहतर है। दिलचस्प बात यह है कि विश्व स्तर पर टॉप-100 कंपनियों की सूची में केवल तीन भारत से हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज 36वें, टीसीएस 65वें और एचडीएफसी बैंक 91 वें स्थान पर है। एपल, सऊदी अरामको और माइक्रोसॉफ्ट इस लिस्ट में शीर्ष तीन में हैं। इसलिए, अधिक भारतीय लार्ज कैप के मेगा कैप बनने और विशिष्ट क्लब में प्रवेश करने की संभावना है। ये फ़ैक्टर्स वास्तव में लार्ज कैप म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए एक बेहतरीन अवसर बनाते हैं।

### आखिर क्या हैं लार्जकैप फंड

लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड एक ऐसा फंड है जो अपनी संपत्ति का 80% लार्ज-कैप शेयरों में निवेश करता है, जिनकी मार्केट कैप कम से कम 20,000 करोड़ रुपये है और जो स्टॉक एक्सचेंज पर 1 से 100 तक रैंक करते हैं। लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड की विशेषताएं कम जोखिम, स्थिर रिटर्न, उच्च तरलता, पोर्टफोलियो विविधीकरण, कम एनएवी उतार-चढ़ाव आदि हैं। इंडेक्स फंड और लार्ज-कैप फंड के बीच अंतर यह है कि इंडेक्स फंड अपनी संपत्ति का 95% एक विशेष इंडेक्स में निवेश करते हैं, जबकि लार्ज-कैप फंड अपनी संपत्ति का 80% लार्ज-कैप शेयरों में निवेश करते हैं। इंडेक्स फंड निष्क्रिय रूप से प्रबंधित होते हैं, और लार्ज-कैप फंड सक्रिय रूप से प्रबंधित होते हैं। 2023 में निवेश करने के लिए सबसे अच्छे लार्ज-कैप फंड हैं केनरा रोबेको ब्लूचिप इक्विटी फंड, कोटक ब्लूचिप फंड, बड़ौदा बीएनपी पारिबा लार्ज कैप फंड, आदि।

निवेश के लिए सही रणनीति बनाकर कर सकते हैं कमाई, बाजार की लाल-हरी कैंडल देखकर विचलित न हों

# संयम बरतें, बाजार के उतार-चढ़ाव में भी कमा सकते हैं बढ़िया मुनाफा



निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

- पोर्टफोलियो में अचानक बदलाव जोखिम बढ़ाएगा
- बाजार में गिरावट का दौरा आए तो घराएं नहीं, अलर्ट हो जाएं
- नुकसान में शेयर बेचने से बचें, लॉन्ग टर्म में मिलेगी रिकवरी और आप पा लेंगे बेहतर रिटर्न

*अक्सर देखने में आता है कि पोर्टफोलियो में नाटकीय रूप से बदलाव करते रहने से जोखिम बढ़ता है। ऐसी आदत लंबी अवधि के लक्ष्यों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बेहतर होगा कि बाजार में फौरी उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज करें और अनुशासन बनाए रखें। यदि पोर्टफोलियो में बदलाव जरूरी लगे तो छोटे-छोटे बदलाव करें। ज्यादा बड़ा दलाव कई बार नुकसान कर जाता है।*

इस समय शेयर बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में निवेश के मन में लगातार डर बना रहता है कि वे क्या करें। कैसे अपने मुनाफे को बचाएं और बाजार के उतार-चढ़ाव के दौर में निवेश की कैसी रणनीति अपनाएं कि उन्हें अच्छा मुनाफा हो सके। इस गिरावट से निवेशकों में डर का माहौल बन गया है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में भी शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। इसलए निवेशकों को चाहिए कि वे संयम बरतें और धैर्य के साथ निवेश करते जाएं। बाजार की लाल और हरी कैंडल को देखकर विचलित नहीं हों। निवेश के लिए अच्छी रणनीति बनाकर संयपूर्वक निवेश करेंगे तो बाजार के उतार-चढ़ाव वाले दौर में भी बढ़िया मुनाफा कमा लेंगे और अपनी पूंजी को भी सुरक्षित रख सकेंगे। एक्सपर्ट्स बताते हैं कि इस गिरावट में सही स्ट्रैटजी आपको अच्छा पैसा कमा के दे सकती है। इस रिपोर्ट में हम आपको ऐसी ही कुछ बातों के बारे में बता रहे हैं, जिनकी मदद से आप बाजार की गिरावट में पैसा कमा सकते हैं। अक्सर देखने में आता है कि पोर्टफोलियो में नाटकीय रूप से बदलाव करते रहने से जोखिम बढ़ता है। ऐसी आदत लंबी अवधि के लक्ष्यों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बेहतर होगा कि बाजार में फौरी उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज करें और अनुशासन बनाए रखें। यदि पोर्टफोलियो में बदलाव जरूरी लगे तो छोटे-छोटे बदलाव करें। ज्यादा बड़ा दलाव कई बार नुकसान कर जाता है। इसलिए अनुशासन में रहना बेहद जरूरी है।



### एसआईपी के जरिए करें निवेश

शेयर बाजार अपने ऊपरी स्तरों से काफी गिर गया है, लेकिन फिर भी यदि निवेशक अभी निवेश करना चाह रहे हों तो उन्हें एक मुश्त निवेश करने की बजाय किस्तों में यानी एसआईपी में करना चाहिए। इससे शेयर बाजार से संबंधित उतार चढ़ाव का जोखिम थोड़ा कम हो जाता है। आप थोड़ा संयम रखकर गिरते बाजार में भी फायदा कमा सकते हैं। इसलिए कोशिश करें कि निवेश एसआईपी में करें। इससे रिस्क कम होता है और अच्छा मुनाफा भी

### घबराहट में निर्णय न लें

निवेक को हमेशा याद रखनी चाहिए अर्थव्यवस्था और बाजार का मिजाज चक्रीय होता है। जिस तरह तेजी का दौर आता है, वैसा ही गिरावट का दौर भी बन सकता है। जाहिर है, गिरावट वाले दौर में घबराकर बिकवाली करना अच्छी रणनीति नहीं होगी। अच्छे शेयर अक्सर लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देते हैं। इसलिए जब बाजार में गिरावट का दौरा आए तो घराएं नहीं, वरना नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### निवेश को ट्रैक करते रहें

जब आप कई तरह के एसेट में निवेश करते हैं, तो हो सकता है कि सभी निवेश को नियमित रूप से ट्रैक नहीं कर रहे हों। ऐसे में बाजार का रुझान बदलने पर सटीक प्रतिक्रिया देना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए यदि आप अपने निवेश को ट्रैक नहीं कर पा रहें तो एक विश्वसनीय वित्तीय सलाहकार की मदद लें। इसके बाद अपने निवेश को ट्रैक करते जाएं। नुकसान का खतरा काफी हद तक कम हो जाएगा।

### नुकसान में न बेचें शेयर

उतार चढ़ाव शेयर बाजार का एक अभिन्न स्वभाव है। निवेशकों को शेयर बाजार में आई गिरावट से घबराना नहीं चाहिए, बल्की उस समय कछुए कि भांति सिर छुपाकर बैठ जाना चाहिए। अगर आपने शेयर बाजार में पैसा लगा रखा है और इसमें आपको अभी नुकसान हुआ है तो भी आपको नुकसान में अपने शेयर बेचने से बचना चाहिए। क्योंकि लॉन्ग टर्म में मार्केट में रिकवरी की उम्मीद है। ऐसे में अगर आप अपने शेयर्स को लम्बे समय के लिए होल्ड करते हैं तो आपको नुकसान होने की उम्मीद कम हो जाएगी और आपको मुनाफा मिलेगा। जब बाजार में बढ़ोतरी हो आप शेयर बेचकर मुनाफा कमा सकते हैं।

### स्टॉक बास्केट रहेगी सही

बाजार में आजकल स्टॉक बास्केट का कॉन्सेप्ट भी चल रहा है। इसके तहत आप शेयर्स का एक बास्केट बनाते हैं और अपने सभी शेयर्स में निवेश करते हैं। यानी अगर आप इस 5 शेयर्स में कुल 25 हजार निवेश करना चाहते हैं तो सभी में 5-5 हजार रुपये लगा सकते हैं। इससे जोखिम कम हो जाता है और आपको मुनाफा मिलने के चांस ज्यादा हो जाते हैं।

### रिस्क क्षमता जांचें

वैसे भी बाजार में जब भी निवेश करने उतरें अपनी रिस्क क्षमता को जांच लें। जिस कंपनी में निवेश करने जा रहे हैं उसे एक बार जांच परख लें। कुछ वित्तीय सलाहकारों की भी मदद ली जा सकती है। इससे आपको निवेश में घाटा नहीं होगा। निवेश करने के लिए संयम और धैर्य रखना बेहद जरूरी है। इसके बाद मुनाफे से कोई नहीं रोक सकता।

- फिक्स्ड डिपॉजिट की तरह ही सुरक्षित रहेगा पैसा
- 7.75 फीसदी तक मिल रहा इस पर सालाना ब्याज
- 6 माह से 10 साल तक का मैच्योरिटी पीरियड

# रिकरिंग डिपॉजिट में छोटे निवेश से बनाएं बड़ा फंड

- कम इनकम वाले लोगों के लिए भी अच्छा ऑप्शन है आरडी
- आरडी में निवेशक 100 रुपए से भी शुरू किया जा सकता हैं निवेश

जानकारी | बिजनेस डेस्क

अगर आप हर महीने एक स्मॉल अमाउंट इन्वेस्ट कर बड़ा फंड बनाना चाहते हैं, तो रिकरिंग डिपॉजिट (आरडी) आपके लिए बेहतर ऑप्शन हो सकता है। रिकरिंग डिपॉजिट, फिक्स डिपॉजिट की तरह ही एक सुरक्षित निवेश योजना है। रिकरिंग डिपॉजिट खाते को आप किसी भी बैंक और डाकघर में ओपन कर सकते हैं। इसमें आप 6 महीने से लेकर 10 साल तक के लिए निवेश कर सकते हैं। जिसके लिए आपको अलग-अलग अवधि के लिए अलग-अलग रेट्स पर निश्चित ब्याज मिलेगा।

### हर महीने निवेश की सुविधा

कम इनकम वाले लोगों के लिए आरडी एक अच्छा निवेश ऑप्शन है, क्योंकि इसमें फिक्स्ड डिपॉडिट (एफडी) की तरह एक बार में एकमुश्त राशि निवेश नहीं करना पड़ता है। इसमें डिपॉजिट की जाने वाली राशि पहले से तय होती है। आरडी में निवेश की गई पूरी राशि सुरक्षित रहती है और टेन्योर की समाप्ति के बाद आखिर में ब्याज सहित वापस मिल जाती है। आरडी में पहले से ही इंटरेस्ट रेट तय होता है, इसलिए मार्केट के उतार चढ़ाव से आपके राशि पर कोई असर नहीं पड़ता है। इसलिए आरडी निवेश का बेहतरीन विकल्प हो सकती है।



### कहां ओपन कर सकते हैं आरडी अकाउंट

आरडी एक तरह की स्मॉल सेविंग्स स्कीम है। कोई भी व्यक्ति बैंक या पोस्ट ऑफिस में अपना आरडी अकाउंट ओपन कर सकता है। आप जिस बैंक में अपनी आरडी करना चाहते हैं, उसमें आपका बैंक अकाउंट होना जरूरी है। इसके लिए नए सिरे से अकाउंट ओपन करने की जरूरत नहीं होती है।

### कितने रुपए से शुरू करें निवेश

आरडी स्कीम में आप 100 रुपए की कम राशि से भी निवेश शुरू कर सकते हैं। इससे ज्यादा आप 10 के मल्टिपल यानी 500, 1000, 2000, 5000 या 10,000 रुपए का कोई भी निवेश कर सकते हैं। इसमें अधिकतम अमाउंट की कोई लिमिट नहीं हैं। इससमें आपको अच्छा रिटर्न मिल सकता है।

### कितने साल तक करना होगा निवेश

आरडी में आमतौर पर 6 महीने से लेकर 10 साल तक का मैच्योरिटी पीरियड होता है। हालांकि, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) में आपको कम से कम 1 साल के लिए निवेश करना होगा। कोई भी व्यक्ति आरडी अकाउंट खोल सकता है। इसमें आप एक या एक से ज्यादा अकाउंट भी खोल सकते है। छोटे बच्चों के नाम पर भी यह अकाउंट खोला जा सकता है। 10 साल या उससे अधिक उम्र होने पर आप इसे खुद ऑपरेट कर सकते हैं। 3 लोग मिलकर जॉइंट अकाउंट भी खोल सकते हैं।

**आरडी पर ज्यादा ब्याज देने वाले बैंक**

| बैंक | 1-3 वर्ष | 3-5 वर्ष | 5-10 वर्ष |
|---|---|---|---|
| एसबीआई | 7.00% | 6.50% | 6.50% |
| यस बैंक | 7.75% | 7.25% | 7.00% |
| केनरा बैंक | 7.03% | 6.98% | 6.87% |
| पीएनबी | 7.25% | 6.50% | 6.50% |
| एचडीएफसी | 7.00% | 7.00% | 7.00% |
| आईसीआईसीआई | 7.10% | 7.00% | 6.90% |



# टैक्स-छूट और बेहतर रिटर्न के लिए ईएलएसएस में करें निवेश

बिजनेस डेस्क

वित्त वर्ष 2023-24 खत्म होने में महज कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में अगर आपने अभी तक टैक्स सेविंग्स प्लानिंग नहीं की है तो अभी भी इसके लिए निवेश कर सकते हैं। अगर आप टैक्स बचाने के साथ निवेश पर अच्छा रिटर्न चाहते हैं तो इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम (ईएलएसएस) म्यूचुअल फंड आपके लिए सही विकल्प साबित हो सकते हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की ऑफिशियल वेबसाइट के अनुसार, ईएलएसएस कैटेगिरी के म्यूचुअल फंड ने बीते एक साल में 44.30% तक का रिटर्न दिया है। इस रिपोर्ट के जरीये जानते हैं सबसे पहले ईएलएसएस फंड के बारे में जानते हैं और उसके बाद पिछले एक साल में सबसे ज्यादा रिटर्न देने वाले टॉप-10 ईएलएसएस म्यूचुअल फंड के बारे में।

### क्या है ईएलएसएस म्यूचुअल फंड

ईएलएसएस यानी इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम ऐसे म्यूचुअल फंड होते हैं, जिनमें 3 साल के लिए इन्वेस्टर्स का पैसा ब्लॉक हो जाता है। म्यूचुअल फंड की इस कैटेगरी में आईटी एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.50 लाख रुपये तक निवेश पर टैक्स छूट मिलती है। हालांकि, शेयर मार्केट लिंक्ड होने के चलते इसमें एफडी या एनएससी जैसी स्माल सेविंग्स की तुलना में इसमें ज्यादा जोखिम होता है।

### कम लॉक-इन पीरियड

टैक्स सेविंग एफडी, पब्लिक प्रोविडेंट फंड सहित अन्य टैक्स सेविंग स्कीम के मुकाबले ईएलएसएस म्यूचुअल फंड में लॉक-इन पीरियड काफी कम होता है। जहां टैक्स सेविंग एफडी में इन्वेस्टर्स का पैसा 5 साल और पब्लिक प्रोविडेंट फंड में 15 साल तक लॉक रहता है। वहीं, ईएलएसएस म्यूचुअल फंड में इन्वेस्टर्स का पैसा 3 साल तक ब्लॉक रहता है।

### यह फायदा

हालांकि, पैसा ब्लॉक रहने का एक बड़ा फायदा यह है कि लंबी अवधि तक अनुशासित रहकर निवेश को बढ़ावा मिलता है। यही आगे आपकी वेल्थ क्रिएशन में मदद कर सकता है। 3 साल का लॉक-इन खत्म होने का मतलब यह नहीं है कि आपको फंड से बाहर निकलना जरूरी होगा, आप इसे आगे तक एक्सटेंड कर सकते हैं।

### लंबे समय में एसआईपी के जरिए निवेश पर ज्यादा लाभ

अन्य इक्विटी फंड की तहर इस कैटेगरी के फंड में भी निवेश लंबे समय में ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। इसकी वजह यह है इक्विटी फंड में लंबे समय तक एसआईपी करने से शेयर बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का जोखिम कम हो जाता है। शेयर बाजार के निचले स्तर और ऊंचे स्तर का एक औसत रिटर्न बनता है और साथ ही कम्पाउंडिंग का फायदा भी मिलता है। एसआईपी को निवेश का सबसे अच्छा तरीका माना जा सकता है, क्योंकि यह नियमित आय वाले लोगों के लिए निवेश का सबसे बेहतर विकल्प है। इसके जरीये कम पैसे वाले भी अच्छा पैसा जुटा सकते हैं।

# कुछ म्यूचुअल फंड स्कीम ने तीन साल में तीन गुना कर दिया पैसा

सुझाव | बिजनेस डेस्क

यदि आप भी म्यूचुअल फंड इक्विटी में निवेश कर मालामाल होना चाहते है तो आपक भी थोड़ा धैर्य के साथ कुछ म्यूचुअल फंड स्कीमों में निवेश करना पड़ेगा। हासल की दिनों में देखा गया है कि कुछ म्यूचुअल फंड ने तीन साल में ही रकम को तीन गुना तक कर दिया है। निवेशकों को 215 फीसदी तक मुनाफा मिला है। म्यूचुअल फंड निवेश करने का विकल्प है। इक्विटी म्यूचुअल फंड के जरिए निवेश कर आप इसमें स्टॉक मार्केट की तरह रिटर्न हासिल कर सकते हैं। हाई रिटर्न देने की हिस्ट्री देखकर ही यह निवेशकों में दिन प्रति दिन लोकप्रिय होता जा रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि इंडस्ट्री का कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट दिसंबर 2023 में पहली बार 50 लाख करोड़ के पार चला गया है। अगर आप म्यूचुअल फंड में सही इक्विटी स्कीम का चुनाव करते हैं तो आप बेहतद कम समय में अपनी दौलत को कई गुना बढ़ा सकते हैं। हाल फिलहाल के रिटर्न पर नजर डालें तो कई स्कीम ऐसी हैं, जिन्होंने महज 3 साल में 3 गुना रिटर्न दिया है। हमने इस रिपोर्ट के जरीये ऐसी कुछ स्कीम की जानकारी दी है, जिनमें 3 साल में 176 से 215 फीसदी रिटर्न मिला है।

## म्यूचुअल फंड इक्विटी में निवेश करने का सुरक्षित तरीका

### क्वांट स्माल कैप

- 3 साल का सालाना रिटर्न: 46.48%
- 3 साल का एबसॉल्यूट रिटर्न: 214.60%
- 3 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू: 3,14,293 रुपए
- फंड साइज: 13002 करोड़ रुपए
- एक्सपेंस रेश्यो: 0.77%

### एबीएसएल पीएसयू इक्विटी

- 3 साल का सालाना रिटर्न: 43.97%
- 3 साल का एबसॉल्यूट रिटर्न: 198.72%
- 3 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू: 2,98,412 रुपए
- फंड साइज: 1937 करोड़ रुपए
- एक्सपेंस रेश्यो: 0.68%

### आईसीआईसीआई प्रू इंफ्रा

- 3 साल का सालाना रिटर्न: 41%
- 3 साल का एबसॉल्यूट रिटर्न: 180.85%
- 3 एसाल में 1 लाख निवेश की वैल्यू: 2,80,322 रुपए
- फंड साइज: 4148 करोड़ रुपए
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.30%



### निप्पोन इंडिया स्मॉल कैप

- 3 साल का सालाना रिटर्न: 40.40%
- 3 साल का एबसॉल्यूट रिटर्न: 177%
- 3 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू: 2,76,759 रुपए
- फंड साइज: 43816 करोड़ रुपए
- एक्सपेंस रेश्यो: 0.67%

### आईसीआईसीआई प्रू बीआरटी 22 एफओएफ

- 3 साल का सालाना रिटर्न: 40.28%
- 3 साल का एबसॉल्यूट रिटर्न: 176.30%
- 3 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू: 2,76,050
- फंड साइज: 567 करोड़ रुपए
- एक्सपेंस रेश्यो: 0.08%

### एसबीआई पीएसयू

- 3 साल का सालाना रिटर्न: 40.23%
- 3 साल का एबसॉल्यूट रिटर्न: 176%
- 3 साल में 1 लाख निवेश की वैल्यू: 2,75,755 रुपए
- फंड साइज: 1159 करोड़ रुपए
- एक्सपेंस रेश्यो: 1.1%

### हाल के दिनों में बढ़ी तेजी

म्यूचुअल फंड की इक्विटी स्कीम के रिटर्न की बात करें तो साल 2023 में इनका प्रदर्शन बेहद मजबूत रहा। 2023 में घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी रही, जिसके चलते इक्विटी स्कीम्स को भी फायदा हुआ है। 2023 में सेंसेक्स और निफ्टी में 18 फीसदी और 19 फीसदी रिटर्न मिला, जबकि मिडकैप में 42 फीसदी और स्मॉलकैप में 46 फीसदी तेजी रही है। ब्रॉडर मार्केट भी मजबूत हुआ है। इसके अलावा सेक्टोरल इंडेक्स में ज्यादातर में तेजी रही। इसी के चलते निवेशकों को इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी खासा रिटर्न मिला है।

### निवेश के फायदे

फाइनेंशियल एडवाइजर भी म्यूचुअल फंड के जरिए इक्विटी में निवेश को बेहतर मानते हैं। इसका फायदा यह है कि किसी एक स्कीम में सिर्फ एक स्टॉक नहीं, बल्कि अलग-अलग कंपनियों के कई स्टॉक शामिल होते हैं। ये स्टॉक अलग अलग सेक्टर या अलग अलग मार्केट कैप वाले भी हो सकते हैं, जिनका चुनाव फंड मैनेजर स्कीम के कैटेगरी के आधार पर करते हैं। फंड मैनेजर स्टॉक सेलेक्ट करते समय उस कंपनी की ग्रोथ की संभावनाओं पर भी रिसर्च करते हैं। अगर निवेशको का लक्ष्य कम से कम 3 साल या इससे ज्यादा अवधि तक निवेश करने का हो तो रिटर्न बेहतर मिलने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

**बिहार में सियासत तेजी से बदल रही है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार एक बार फिर भाजपा नीत राजग में आ रहे हैं। एक बार फिर 'भतीजे' तेजस्वी यादव से 'चाचा' नीतीश का मोहभंग हो गया है। लालू प्रसाद यादव खुद को राजनीति का धुरंधर मानते हुए जिस तरह नीतीश को निपटा कर बेटे को बिहार का सीएम बनाने के फेर में थे, विपक्षी गठबंधन इंडिया की हालत देखते हुए नीतीश ने समय रहते लालू की संभावित राजनीति की हवा निकाल दी। पिछली बार राजद के कारण तो इस बार कांग्रेस के कारण नीतीश कुमार ने पाला बदला है और वापस राजग में जा रहे हैं। इंडिया में कांग्रेस ने अपने सभी सहयोगियों को यथोचित स्थान नहीं दिया, तो लोग छिटकने लगे। पहले ममता व मान ने एकला चलो की राह चुनी तो अब नीतीश भी अलग हो गए। इस पर आजकल का यह अंक...**

# बिहार की सियासत में फिर भूचाल



विश्लेषण
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

> **नीतीश कुमार 2022 में भाजपा से अलग हुए और अब फिर भाजपा के पाले में आ रहे हैं। दोनों ही बार जदयू में दलबदल और दोफाड़ की आशंकाओं और संभावनाओं ने काम किया। बेशक राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का गठबंधन तैयार करने के सूत्रधार नीतीश ही थे। वह पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण विपक्ष के बड़े नेताओं से मिलते रहे, लेकिन 'इंडिया' नाम से एक बुनियादी प्लेटफॉर्म बना, तो उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों के नेताओं ने उन्हें संयोजक तक बनने से रोका। नीतीश कुमार इस राजनीति से बहुत क्षुब्ध थे। यदि भाजपा के साथ उनका गठबंधन परवान चढ़ता है, तो सबसे अधिक विपक्ष का नुकसान यह होगा कि 'इंडिया' का बिखराव पुख्ता होने लगेगा।**

बीते बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच करीब तीन घंटे की बैठक प्रधानमंत्री आवास पर हुई। यह असामान्य बैठक थी, क्योंकि किसी अति महत्वपूर्ण विषय पर ही प्रधानमंत्री इतना वक्त खर्च करते हैं। उनके सामने बिहार पर सर्वे की एक रपट भी थी, जो भाजपा ने ही कराया था। सर्वे का निष्कर्ष था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा, अपने घटक दलों समेत, अधिकतम 25 सीटें जीत सकती है। सर्वे अयोध्या राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले कराया गया था। सर्वे में यह भी सामने आया कि उसके प्रभाव से 5-7 सीट से अधिक बढ़ने के आसार नहीं हैं। 2019 में भाजपा ने जदयू के साथ 40 में से 39 सीटें जीती थीं। जाहिर है कि विमर्श का बिन्दु जदयू और नीतीश रहा होगा! भाजपा कुछ विशेष सूत्रों के जरिए नीतीश कुमार से संवाद कर रही थी। विमर्श में यह तय होने लगा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का सूत्रधार ही पाला बदल कर भाजपा से मिल जाए, तो चुनावी फायदा हो सकता है। कमोबेश 'अति पिछड़ा वर्ग' के सरप्लस वोट भी भाजपा के पक्ष में आ सकते हैं। लंबे विमर्श के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नए गठबंधन को 'ओके' कह दिया। उसके बाद तय-सा हुआ कि नीतीश एक बार फिर 'पलटी' मार कर भाजपा के खेमे में आ सकते हैं।

## घटनाक्रम से मिले रहे संकेत

कुछ असामान्य संकेत भी गौरतलब हैं। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने शुक्रवार को ही पांच बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फोन किया, लेकिन नीतीश ने फोन नहीं उठाया। राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात का वक्त मांगा। लालू उन्हें अपने दूत के तौर पर नीतीश के पास भेजना चाहते थे, लेकिन मुख्यमंत्री ने मिलने का वक्त ही नहीं दिया। नीतीश और शिवानंद पुराने वक्त के 'समाजवादी साथी' रहे हैं। 'राजभवन' में गणतंत्र दिवस पर चाय का आयोजन था, उसमें मुख्यमंत्री की कुर्सी की बगल में ही उपमुख्यमंत्री की कुर्सी चिह्नित थी। मुख्यमंत्री तो कार्यक्रम में गए, लेकिन उनके एक मंत्री अशोक चौधरी ने उपमुख्यमंत्री वाली पर्ची फाड़ कर उस कुर्सी पर बैठ गए। मुख्यमंत्री ने मंत्री को रोका-टोका तक नहीं। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके कुछ मंत्री भी उस कार्यक्रम में नहीं गए। यह एक किस्म की 'संवैधानिक अवज्ञा' थी। इस घटना से पहले मुख्यमंत्री नीतीश ने कैबिनेट बैठक बुलाई थी। उपमुख्यमंत्री करीब 2 घंटे की बैठक के दौरान खामोश ही रहे। सबसे महत्वपूर्ण संकेत यह है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत भाजपा के बड़े नेता, नीतीश के लिए, 'दरवाजा बंद' जैसी आक्रामक जुबान बोलते रहे थे। वह अचानक मुलायम हो गई। बिहार के उपमुख्यमंत्री रहे सुशील कुमार मोदी लगातार कहते रहे कि कोई भी दरवाजा हमेशा के लिए बंद नहीं होता। जब जरूरत पड़ती है, तो वह खुल भी जाता है। गिरिराज सिंह और अश्विनी चौबे सरीखे बड़बोले केंद्रीय मंत्री, नीतीश को, जिस भाषा में गरियाते थे, वे अचानक खामोश हो गए हैं। भाजपा के विधायकों ने नीतीश को मुख्यमंत्री के तौर पर 'स्वीकार' करने के बयान देने शुरू कर दिए हैं। क्या इतने संकेत नीतीश कुमार की 'नई पलटमारी' के लिए पर्याप्त नहीं हैं?



## नीतीश की अलटी-पलटी राजनीति का सफर

जनता दल से अलग होकर 1994 में जॉर्ज फर्नांडिस और नीतीश कुमार ने समता पार्टी की शुरुआत की। 1996 के लोकसभा चुनावों में समता पार्टी ने भाजपा के साथ गठबंधन किया। 1998 में गठबंधन जारी रहा। मार्च 2000 में नीतीश पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। पर सदन में बहुमत साबित नहीं कर सके। सात दिन तक ही सीएम रहे। 2003 में नीतीश कुमार ने समता पार्टी से अलग जनता दल (यूनाइटेड) बनाया। भाजपा से गठबंधन किया। 2005 में बिहार में विधानसभा चुनाव में पहली बार भाजपा और जदयू को चुनावी सफलता हासिल की। नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री बने। 2009 के लोकसभा चुनाव में भी गठबंधन को बड़ी सफलता मिली। 2010 में भाजपा-जदयू ने एक बार फिर एक साथ चुनाव लड़ा और जबरदस्त सफलता हासिल की। नीतीश एक बार फिर मुख्यमंत्री बने।
2014 के लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार ने बिहार में भाजपा के साथ 17 साल पुराना गठबंधन तोड़ दिया। गठबंधन टूटने के बाद लोकसभा में जदयू को झटका लगा। नीतीश सीएम बने रहे। राजद और कांग्रेस ने बाहर से समर्थन दिया। 2015 में जदयू, राजद व कांग्रेस के महागठबंधन को सफलता मिली। नीतीश कुमार फिर बिहार के मुख्यमंत्री बने। राजद से असंतुष्ट नीतीश 2017 में महागठबंधन से अलग हो गए। भाजपा के साथ आ गए। सीएम बने रहे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी राजग ने बिहार की कुल 40 सीटों में से 39 सीटें जीत लीं। 2020 में एनडीए सरकार बनी, सीएम नीतीश ही रहे। वर्ष 2022 में नीतीश भाजपा का साथ छोड़कर फिर से महागठबंधन के साथ आ गए। सीएम बने रहे। राजद से तेजस्वी यादव राज्य के उप मुख्यमंत्री बने। वे दूसरी बार डिप्टी सीएम बने। अब वर्ष 2024 में एक बार फिर नीतीश कुमार पाला बदलने जा रहे हैं, वे महागठबंधन का साथ छोड़कर भाजपा के साथ राजग में आ रहे हैं। इस बार भी सीएम नीतीश ही बने रहेंगे। 19 साल से वे विधायक के चुनाव नहीं लड़े हैं।

## नई खिचड़ी पकनी तय

राजद, कांग्रेस, भाजपा में विधायकों की आपातकालीन बैठकें हो रही हैं। नीतीश और भाजपा ने रविवार, 28 जनवरी को महत्वपूर्ण बैठकें बुलाई हैं। कथित महागठबंधन के घटक मुख्यमंत्री से स्पष्टीकरण मांग रहे हैं कि अचानक सियासी उबाल इतना क्यों है? नीतीश के प्रवक्ता जवाब दे रहे हैं कि मुख्यमंत्री को स्पष्टीकरण देने की जरूरत नहीं है। वह किसी भी तरह के भ्रम में नहीं हैं। गौरतलब यह भी है कि मुख्यमंत्री ने अचानक अपने सभी कार्यक्रम रद कर दिए हैं। थोक में आईएएस, आईपीएस और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले किए गए हैं, लेकिन इस आलेख के लिखे जाने तक नीतीश ने न तो मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया है और न ही विधिवत रूप से गठबंधन से अलग हुए हैं, लेकिन उनका एक बार फिर 'पलटी' मार कर भाजपा के साथ जाना लगभग तय है। भाजपा में अमित शाह, जेपी नड्डा, संगठन महासचिव बीएल संतोष और बिहार भाजपा के प्रभारी विनोद तावड़े आदि के बीच लगातार बैठकें हुई हैं। बिहार के प्रमुख कार्यकर्ताओं, नेताओं, विधायकों को 'नए गठबंधन' को लेकर आश्वस्त किया जा रहा है कि भाजपा अपनी बुनियादी नीतियों को नहीं छोड़ेगी, लेकिन आम चुनाव के संदर्भ में यह गठबंधन फायदेमंद साबित होगा।

## सबकुछ लगभग तय, ऐलान बाकी

इसी बीच भाजपा के सूत्रों ने खुलासा किया है कि कांग्रेस के 10 से अधिक विधायक उसके संपर्क में हैं। उनका एक अलग गुट बनवाया जा सकता है, जो भाजपा-नीतीश सरकार को समर्थन दे सकता है। कांग्रेस के कुल 19 विधायक हैं। भाजपा नेतृत्व ने अपनी बिहार इकाई को आश्वस्त किया है कि नीतीश दो उपमुख्यमंत्रियों पर सहमत हैं। उनमें से एक 'अति पिछड़ा वर्ग' का प्रतिनिधि होगा। सूत्र रेणु देवी का नाम बता रहे हैं, जो 2020 के जनादेश के बाद नीतीश सरकार में ही उपमुख्यमंत्री थीं। दूसरे उपमुख्यमंत्री को लेकर सुशील मोदी ही मुख्यमंत्री की पहली पसंद हैं। वह लंबे समय तक इस पद पर मुख्यमंत्री नीतीश के साथ काम कर चुके हैं। अलबत्ता मौजूदा नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के नामों की भी चर्चा है। भाजपा के एक बड़े नेता ने मुझे खुलासा किया है कि रविवार को भाजपा-जदयू विधायक दल की साझा बैठक में नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुना जा सकता है। उसके बाद नई सरकार बनाने का दावा राज्यपाल के सामने पेश किया जा सकता है, लेकिन इससे पहले नीतीश को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना जरूरी है।

## नीतीश कुमार की 'पलटीमार' राजनीति

एक सवाल जनादेश, सरकार, पलटीमार राजनीति और लोकतंत्र को लेकर भी है। गौरतलब है कि 1995 से नीतीश ने विधायक का चुनाव ही नहीं लड़ा और न ही उनके दलों को बहुमत का जनादेश मिला है। फिर भी नीतीश कुमार 9वीं बार मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। नीतीश में ऐसा कौन-सा आकर्षण है कि राजद और भाजपा दोनों ही उन्हें 'पलटी' मारने को समर्थन देते रहे हैं और मुख्यमंत्री भी बनवाते रहे हैं। मौजूदा जनादेश 2020 में भाजपा-जदयू को मिला था, क्योंकि दोनों ने साझा चुनाव लड़ा था। नीतीश ने अगस्त, 2022 में अचानक पलटी मारी और लालू यादव के खेमे में चले गए और मुख्यमंत्री बने रहे। अब करीब डेढ़ साल बाद फिर उनका मोहभंग हुआ है और चल पलट कर भाजपा के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं। हालांकि इस बार भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के लिए ना-नुकर कर रही थी, लेकिन नीतीश की बुनियादी शर्त यही थी कि मुख्यमंत्री वह ही बने रहेंगे। बहरहाल नीतीश को एक बार फिर पलटी की ज़मीन दी जा रही है। यह कैसा लोकतंत्र है कि बहुमत का जनादेश पाए बिना ही एक राजनेता लगातार कई सालों से बिहार का मुख्यमंत्री बना हुआ है? बेशक इस स्थिति के लिए भाजपा और राजद ही बराबर की जिम्मेदार हैं, क्योंकि बहुमत उनके पक्ष में भी नहीं है। अलबत्ता वे सदन की सबसे बड़ी पार्टियां हैं। नतीजतन बिहार लगातार 'जुगाड़ की सरकार' के भरोसे चल रहा है।

## बिहार की सियासत की दिशा

नीतीश कुमार 2022 में भाजपा से अलग हुए और अब राजद, कांग्रेस और वाममोर्चे का हाथ झटक कर भाजपा के पाले में आ रहे हैं। दोनों ही बार जदयू में दलबदल और दोफाड़ की आशंकाओं और संभावनाओं ने काम किया। इस बार लोकसभा चुनाव से पहले जदयू के कमोबेश 7 सांसद भाजपा के संपर्क में थे, उन्हें इस बार लोकसभा चुनाव जीतना संदिग्ध लग रहा था, क्योंकि 2019 की तरह सामाजिक समीकरण पक्ष में नहीं थे। 2019 में जदयू-भाजपा गठबंधन में जदयू के 16 सांसद जीते थे। इस बार संभावनाएं 5 सांसद जीतने की भी नहीं लग रही हैं, लिहाजा नीतीश कुमार पर लगातार दबाव रहा है कि वह पाला बदल कर भाजपा के साथ गठबंधन करें। उधर, कुछ विधायकों की लालू-तेजस्वी यादव के साथ गुप्त बैठक की भनक नीतीश को लगी, नतीजतन पार्टी अध्यक्ष ललन सिंह को बदल कर नेतृत्व अपने हाथ में लेना पड़ा। अब पार्टी अध्यक्ष के तौर पर नीतीश को लगा कि पार्टी में टूट-फूट संभव है, लिहाजा उन्होंने पाला बदलने की सोची। उन्हें पुख्ता ज़मीन तब मिली, जब प्रधानमंत्री मोदी ने 'जननायक' एवं पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को 'भारत-रत्न' का सम्मान देने की घोषणा की। कर्पूरी नीतीश और लालू के 'गुरु सम' नेता माने जाते रहे हैं। सामाजिक न्याय के नाम पर आज भी अति पिछड़ा वर्ग 'जननायक' को भूला नहीं है।

## इंडि गठबंधन को धक्का

बेशक राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का गठबंधन तैयार करने के सूत्रधार नीतीश ही थे। वह पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण विपक्ष के बड़े नेताओं से मिलते रहे, लेकिन 'इंडिया' नाम से एक बुनियादी प्लेटफॉर्म बना, तो उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों के नेताओं ने उन्हें संयोजक तक बनने से रोका। नीतीश कुमार इस राजनीति से बहुत क्षुब्ध थे। यदि भाजपा के साथ उनका गठबंधन परवान चढ़ता है, तो सबसे अधिक विपक्ष का नुकसान यह होगा कि 'इंडिया' का बिखराव पुख्ता होने लगेगा। ममता और केजरीवाल पहले ही अलगाव के स्पष्ट संकेत दे चुके हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नीतीश कुमार का पक्ष लेते हुए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। अन्य प्रतिक्रियाएं भी सामने आ सकती हैं। दूसरी तरफ जीतन राम मांझी, चिराग पासवान, उपेन्द्र कुशवाहा सरीखे बिहारी नेताओं ने अमित शाह से मुलाकात कर एनडीए का ही घटक बने रहने की प्रतिबद्धता दिखाई है, लिहाजा, बिहार में नीतीश के आने के बाद निश्चित तौर पर एनडीए की स्थिति मजबूत होगी। इसका असर लोकसभा व विधानसभा में देखने को मिलेगा।

# बदलते बिहार में क्या क्या बदलेगा?



राजनीति
राज कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

अकसर कहा जाता है कि भारत में राजनीतिक बदलाव की हवा बिहार से चलती है। लोकनायक जय प्रकाश नारायण का संपूर्ण क्रांति आंदोलन इस मान्यता का कारण हो सकता है, जिसने अजेय समझी जानेवाली और फिर आपातकाल में तानाशाह के रूप में देखी जाने वाली इंदिरा गांधी की सत्ता से बेदखली का मार्ग प्रशस्त किया। वैसे उसके बाद भी बिहार में बहुत कुछ हुआ, और उसके चलते भी कई धारणाएं-कहावतें बनी हैं। बिहार फिर बदलता दिख रहा है। क्रिकेट की तरह भारतीय राजनीति भी असीमित संभावनाओं, मगर अनिश्चितताओं का खेल है। कई बार आखिरी गेंद पर मैच पलट जाता है। ऐसे में जब बदलाव की बुनियाद ही किसी 'पलटीमार' पर टिकी हो, तब पटाक्षेप से पहले अंतिम निष्कर्ष जोखिमभरा भी हो सकता है। फिर भी पिछले कुछ दिनों का घटनाक्रम बता रहा है कि 'सुशासन बाबू' से 'पलटीमार' के संबोधन तक का सफर तय करने वाले नीतीश कुमार सत्ता के खेल में एक बार फिर जोड़ीदार बदल रहे हैं। संकेत है कि दूल्हा नहीं, सिर्फ बाराती बदलेंगे यानि मुख्यमंत्री तो नीतीश कुमार ही रहेंगे, बहुमत के लिए जरूरी बैसाखी की भूमिका में राजद-कांग्रेस-वाम की तिकड़ी की जगह फिर से भाजपा आ जाएगी।

## सुविधा के संवाद

समाचार माध्यम बता रहे हैं कि अतीत में नीतीश कुमार राजद-कांग्रेस महागठबंधन में और भाजपा के साथ एनडीए में कब-कब सरकार चला चुके हैं। आप इसे नीतीश का राजयोग कह सकते हैं या फिर बिहार की विडंबना भी कि राज्य विधानसभा का संख्या गणित कुछ ऐसा बन गया है कि दोनों बड़े दलों के पास तीसरे नंबर के दल के नेता की पालकी उठाने के अलावा कोई विकल्प ही नहीं है। सत्ता की पालकी पर सवार नीतीश कुमार भी सुविधानुसार सांप्रदायिकता विरोध अथवा फिर परिवारवाद-भ्रष्टाचार विरोध की राजनीति करने की कला में माहिर हैं। वैसे इस कला में अनाड़ी तो कोई भी दल या नेता नहीं रह गया है। बार-बार दगा के बावजूद महागठबंधन और एनडीए भी नीतीश कुमार को बिहार का नायक बताने के लिए संवाद गढ़ ही लेते हैं। हर बार ऐसे बदलाव के मूल में बिहार की सत्ता और उसके लिए नीतीश की चिर आकांक्षा ही रही है, लेकिन 2024 में होनेवाला बदलाव राज्य ही नहीं, राष्ट्र की राजनीति को भी प्रभावित करेगा।

आखिर नीतीश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा को दस साल बाद केंद्रीय सत्ता से बेदखल करने के वादे-इरादे के साथ बने दो दर्जन से भी ज्यादा विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के सूत्रधार माने जा रहे थे। जब ममता बनर्जी, के. चंद्रशेखर राव, अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव सरीखे क्षत्रप क्षेत्रीय दलों का तीसरा मोर्चा या संघीय मोर्चा बनाने की कवायद कर रहे थे, तब नीतीश ने सबसे पहले कहा था कि भाजपा के विरुद्ध तीसरा नहीं, एक ही मोर्चा बनना चाहिए, जो कांग्रेस को साथ लिए बिना कारगर नहीं हो सकता। कांग्रेस की सहमति से ही नीतीश ने राज्य-दर-राज्य घूमते हुए तमाम क्षत्रपों को



मनाया भी। विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक भी पटना में हुई। उसमें सूत्रधार की भूमिका में नीतीश ही दिखे, लेकिन उसके बाद कब स्टीयरिंग कांग्रेस के हाथ में चली गई, नीतीश को पता नहीं चला।

## जरूरी भी, मजबूरी भी

खुला रहस्य है कि सबसे लंबे समय तक बिहार का मुख्यमंत्री रहने वाले नीतीश के लिए सत्ता ही साध्य है। साधन जो भी बनना चाहे, इसके बावजूद उन्हें विपक्षी गठबंधन का पीएम फेस तो दूर, संयोजक तक नहीं बनाना क्या बिहार में इस नए बदलाव का कारण है? इस स्वाभाविक सवाल का सही जवाब सिर्फ मोदी और नीतीश के पास हो सकता है। अंदर ही खबर रखने वाले बताते हैं कि यह बदलाव अचानक नहीं हुआ। जैसे-जैसे नीतीश को 'इंडिया' में केंद्रीय भूमिका न मिलने के संकेत पुष्ट होते गये, उन पर जनता दल यूनाइटेड में एक वर्ग का दबाव बढ़ता गया कि वह सम्मानजनक विकल्प तलाशें। यह भी कि ऐसा दबाव डालने वाला वर्ग दरअसल भाजपा के संपर्क में था, जो मोदी सरकार की 'हैट्रिक' की कोशिशों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। इस बार '400 पार' का नारा देनेवाली भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में 303 सीटें जीती थी, जिनमें से 17 बिहार से मिली थीं। तब नीतीश साथ थे और एनडीए ने 40 में से 39 सीटें जीतने का करिश्मा कर दिखाया था। शेष एक सीट पर कांग्रेस का दांव लग गया था, वरना अब विधानसभा में सबसे बड़े दल राजद का खाता तक नहीं खुल पाया था। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना और पंजाब में शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन टूटने तथा कर्नाटक में सत्ता से बेदखली से वहां गड़बड़ाये चुनावी गणित से भाजपा पर दबाव बढ़ गया है कि वह बिहार में अपनी बिसात ठीक से बिछाये। जाहिर है, लालू प्रसाद यादव के राजद से दोस्ती असंभव है, जबकि लोजपा, हम और वीआईपी जैसे छोटे दलों की मदद से वह बिसात संभव नहीं। ऐसे में अगर अपेक्षित सम्मान न मिलने पर 'इंडिया' से किनारा नीतीश की मजबूरी बन गयी थी तो केंद्रीय सत्ता की 'हैट्रिक' के लिए उन्हें साथ लेना भाजपा की जरूरत भी। शायद, दिवंगत समाजवादी नायक कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' ने उस 'मजबूरी' और 'जरूरत' के बीच सुविधानजक पुल बनाने का काम किया।

## 'इंडिया' बनाम एनडीए

अगर पुष्ट संकेतों के मुताबिक नीतीश एनडीए में लौटते हैं तो न सिर्फ बिहार में भाजपा गठबंधन सरकार में भागीदार होगी, बल्कि अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव में संभानाएं भी बेहतर हो जाएंगी। बेशक चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी असहज महसूस करेंगे, पर सत्ता की खातिर यह सब चलता रहता है। आखिर सत्ता की खातिर ही तो नीतीश कुमार ने उन लालू से दो-दो बार हाथ मिला लिया, जिनके राज को कभी 'जंगल राज' बताते थे और जिस भाजपा में जाने से मरना बेहतर बताते थे, उसके साथ भी दूसरी बार जा रहे हैं। हां, मोदी की भाजपा सरकार को केंद्रीय सत्ता से बेदखल करने के लिए बने 'इंडिया' गठबंधन के लिए यह बहुत बड़ा झटका है। ममता बनर्जी और भगवंत मान पहले ही क्रमशः पश्चिम बंगाल और पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। अब जबकि सूत्रधार नीतीश भी किनारा कर रहे हैं तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पिछले साल जुलाई में ही बना विपक्षी गठबंधन कहां, कितना और कब तक बचेगा।

## दूर क्यों हुए?

बिहार की राजनीति में शुरू से जदयू भाजपा का बड़ा भाई बना रहा। समय के साथ जदयू की सीटें कम होती गईं। भाजपा की सीटों की संख्या बढ़ती गई। राजद के बाद दूसरे नंबर की पार्टी भाजपा हो गई। नीतीश कुमार सरकार के निर्माण में बीजेपी की शर्तों से असहज रहे। नीतीश डिप्टी सीएम रेनू देवी व तारकिशोर प्रसाद को लेकर सहज महसूस नहीं करते थे। उनके साथ 13 साल तक डिप्टी सीएम रहे सुशील कुमार मोदी की तरह इन लोगों से उनका तालमेल अच्छा नहीं रहा।

# धर दीन्ही चदरिया



बिहार
प्रणय यादव
वरिष्ठ टीवी पत्रकार

नीतीश कुमार ने फिर वही किया जो अब तक करते आए हैं, लेकिन इस बार नीतीश कुमार ने जो पलटी मारी है। उसका असर सिर्फ बिहार पर नहीं होगा। देश की राजनीति पर होगा। लालू की लालटेन तो फूटी ही, इसके साथ साथ विपक्षी एकता भी तार तार हो गई। अब विरोधी दलों के खेमे में सन्नाटा है। कांग्रेस, आरजेडी, उद्धव ठाकरे की शिवसेना, एनसीपी जैसी तमाम पार्टियां नीतीश को नैतिकता का ज्ञान दे रही हैं, लेकिन नीतीश को इसकी परवाह नहीं है, क्योंकि वो जानते हैं कि राजनीति में नैतिकता की परिभाषा वक्त और मौके के हिसाब से बदलती रहती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस बार नीतीश ने सिर्फ लालू के नहीं तमाम नेताओं के सपनों को तोड़ा है। बीजेपी ने जो चाल चली है। उसमें बीजेपी का फायदा ही फायदा है। तीर नीतीश का है और इससे लहूलुहाने होने वाले उनके अपने पुराने साथी हैं।

नीतीश कुमार महात्वाकांक्षी हैं। राजनीति में सब महात्वकांक्षी होते हैं। सब आगे बढ़ना चाहते हैं। विधायक सांसद मंत्री मुख्यमंत्री बनना चाहते है। लेकिन सब बन नहीं पाते क्योंकि हर किसी में अवसर को पहचानने और हारते हुए पक्ष से जल्दी से जल्दी पीछा छुड़ा सकने की काबिलियत नहीं होती जो नीतीश में कुमार में हैं और पिछले तीस सालों में नीतीश कुमार ने ये बखूबी साबित किया है। वो छह बार चादर बदल चुके हैं। हर बार पुरानी चादर उतारते हैं। नई ओढ़ते हैं, लेकिन पुरानी वाली को फेंकते नहीं। रख लेते हैं। जरूरत पड़ने पर फिर ओढ़ लेते हैं। और इसी कला का नतीजा है कि नीतीश की पार्टी बिहार में हमेशा तीसरे नंबर की पार्टी रही, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश ही रहे।

नीतीश ने इस बार जो खेल किया है। उससे लालू की सारी प्लानिंग चौपट हो गई। लालू जानते थे कि बिहार में बीजेपी पावर में रहेगी तब तक उनकी पार्टी की वापसी संभव नहीं है। लालू को ये भी पता था कि नीतीश कुमार की नजर अब प्रधानमंत्री की कुर्सी पर है, क्योंकि 2012 में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री का चेहरा बनाने के विरोध में ही नीतीश ने एनडीए छोड़ा था। लेकिन 2014 में लोकसभा चुनाव में सिर्फ दो सीटें मिलीं। नीतीश ने कसम खाई थी कि मर जाएंगे लेकिन बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। लेकिन राजनीति में मरना जीना तो लगा रहता है। इसलिए नीतीश कुमार एक बार फिर मरकर जी उठे और फिर बीजेपी के साथ हैं।

असल में इस बार नीतीश ने दिखाया कि वो हिसाब किताब में लालू से ज्यादा माहिर हैं। लालू चाहते थे कि किसी तरह बेटे को बिहार की गद्दी पर बैठाया जाए। इसी चक्कर में लालू ने दांव खेला। सोचा था नीतीश को फंसा लेंगे, लेकिन उल्टा फंसा। नीतीश एक रास्ता बंद हो इससे पहले दूसरा खोल लेते हैं। अगर प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार नहीं बनना है तो बिहार की कुर्सी क्यों छोड़ते। लालू का प्रेशर था। जब नीतीश ने बात नहीं मानी तो लालू ने नीतीश की पार्टी में सेंध लगाने की कोशिश शुरू की। नीतीश को भनक लग गई तो उन्होंने खेल खराब करने में देर नहीं की। नीतीश ने जो किया उससे जनता पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सरकार का चेहरा नहीं बदलेगा। सिर्फ चोला बदल जाएगा। लालटेन की जगह



अब एनईडी लाइट से सरकार जलेगी और विधानसभा में सिर्फ ट्रेजरी बेंचेज और अपोजीशन बेंचेज की अदला बदली होगी।

लेकिन नीतीश के इस पैंतरे से विपक्ष की मोदी को घेरने की सारी रणनीति छिन्न भिन्न हो गई। इसका सबसे पहला शिकार कांग्रेस होगी। कांग्रेस राहुल गांधी की न्याय यात्रा के जरिए माहौल बनाने की कोशिश कर रही थी। जिसे असम में हिमंता ने पलीता लगाया। बंगाल में घुसे तो ममता की पार्टी ने काले झंडे दिखा दिए। अब उम्मीद बिहार से थी। लेकिन वो भी टूट गई। जब राहुल बिहार में रैली करेंगे तो गठबंधन के फाउंडर नीतीश कुमार मोदी मोदी के नारे लगा रहे होंगे। इसलिए कांग्रेस के नेता निराश हैं। नीतीश के लिए दरवाजा बीजेपी ने भी मजबूरी में खोला है। लेकिन इसका सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि तेजस्वी यादव समेत विपक्ष के जो नेता जातिगत जनगणना के मुद्दे को उछालकर पिछड़ों अति पिछड़ो, दलितों और महादलितों के बीजेपी से दूर करना चाहते थे। अब वो मुद्दा ही हाथ से निकल गया क्योंकि जातिगत सर्वे कराने वाले नीतीश तो अब बीजेपी के साथ हैं।

बिहार की राजनीति के साथ साथ केन्द्र की राजनीति पर भी इसका जबरदस्त असर होगा। लोकसभा चुनाव सिर पर हैं। बीजेपी भी जानती है कि नीतीश की अपनी ताकत भले ही कम हो लेकिन उनका साथ जीत हार का फैसला करने में मददगार होता है। पिछले चुनाव में जब बीजेपी नीतीश के साथ थी तो एनडीए ने 40 में से 39 सीटें जीती थीं। अब नीतीश फिर साथ हैं तो इसका असर तो पड़ेगा। दूसरी बात नीतीश विरोधी दलों के गठबंधन की नींव की ईंट थे। नींव की ईंट अलग होने से बिल्डिंग का खड़े रहना मुश्किल है। राजनीति में मैसेजिंग का बड़ा महत्व होता है। नीतीश के जाने से मैसेज ये गया कि एंटी मोदी मोर्चे में सबसे अपने अपने हित हैं और सबसे बड़ा कॉमन फैक्टर है नरेन्द्र मोदी का डर। महाराष्ट्र में जब टूट हुई थी तो एकनाथ शिन्दे पर खोके का आरोप लगा। एजेंसियों के डर का इल्जाम लगा। लेकिन बिहार में विरोधी दलों के नेता न तो नीतीश पर भ्रष्टाचार का इल्जाम लगा सकते हैं। न परिवारवाद का। इसलिए नीतीश का जाना एंटी मोदी मोर्चे के लिए ताबूत में आखिरी कील हो गया। हालांकि बंगाला में ममता बनर्जी और पंजाब में केजरीवाल पहले ही अकेले चुनाव लड़ने का एलान कर चुके हैं। अखिलेश यादव ने यूपी में कांग्रेस को ज्यादा भाव देने को तैयार नहीं है। ये नेता तो विरोधी दलों के गठबंधन में कंगूरे की ईंटें थीं। जो एक एक करके गिर रही थी। नीतीश के टूटने से नींव हिली है। इसलिए अब बिल्डिंग का गिरना भी तय है। ये बीजेपी के लिए चुनाव से पहले बड़ी जीत है। अब बीजेपी के नेता ये कहेंगे कि नेता वही होता है जो वक्त पर हवा का रुख पहचान ले, नीतीश ने पहचान लिया है।

नीतीश कुमार ने बड़े अरमानों के साथ विपक्षी एकता की कवायद शुरू की थी। उन्हें इस गठबंधन में एक महत्वपूर्ण पद की उम्मीद थी। हुआ बिल्कुल उल्टा। इंडि गठबंधन अपनी-डफली और अपनी राग बजाने लगा। 2017 में महागठबंधन से अलग होने के बाद नीतीश ने राजद को इसका जिम्मेदार ठहराया था। इस बार कांग्रेस को इसके लिए जिम्मेदार बता रहे हैं। दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से अपनाया जा रहा अलग रास्ता भी विवाद का कारण बना है। राहुल गांधी द्वारा गठबंधन के बारे में बात करने के बजाय कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की गई है। ये यात्रा बिल्कुल कांग्रेस की अपनी और अलग यात्रा है। इसलिए जदयू को महागठबंधन में रहने का कोई कारण नजर नहीं आया। इंडिया एकजुट रहने और मोदी को जवाब देने में पूरी तरह विफल रहा। वैसे में नीतीश ने अपनी पार्टी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक व्यवहारिक निर्णय लिया, जिसका सियासी गलियारों में स्वागत भी हो रहा है। दूसरी तरफ जदयू ने अपना पिछला इतिहास देखा। जदयू 2019 में लोकसभा चुनावों में एनडीए के साथ लड़ी गई 17 सीटों में से 16 पर जीत हासिल की थी। इस बार नीतीश की पार्टी की राह मुश्किल लग रही थी।

# जोश भरे देशभक्ति माहौल में शान से लहराया तिरंगा गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का जमा रंग

औबेदुल्लागंज, मंडीदीप, संतनगर, बैरसिया, नजीराबाद समेत उपनगरों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरकारी निजी स्कूल, कॉलेज, कार्यालयों, स्थानीय संगठनों और संस्थाओं में ध्वजारोहण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने लोगों को बधाई दी।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 50 से अधिक मरीजों का किया उपचार

**मंडीदीप।** नगर के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने नगर पालिका के आश्रय स्थल पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में 50 से अधिक मरीजों ने चिकित्सकों से परामर्श लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉ. शिवम जैन ने बताया कि शिविर में रोगियों की जांच कर फ्री दवाएं दी गईं।

### नजीराबाद थाने का वर्मा ने संभाला पदभार



**नजीराबाद।** नवनियुक्त हरिशंकर वर्मा ने शनिवार को नजीराबाद थाने का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित उमा शासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कानून की जानकारी दी गई। नव नियुक्त प्रभारी ने कानून व्यवस्था पर चर्चा भी की।

### ड्राई-डे पर अवैध शराब बेचते तीन आरोपी धराए


**संतनगर।** बैरागढ़ पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों से गणतंत्र दिवस पर अवैध शराब बेच रहे तीन अलग-अलग आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गणतंत्र दिवस पर शराब की दुकानें बंद रहती है, लेकिन आरोपी ऊंचे दाम पर शराब बेच रहे थे। पुलिस ने पुरुषोत्तम उर्फ गोपू, मनोज कुमार झीझोतिया व मनोज कुमार को गिरफ्तार किया है।

### 16 किसानों को बांटा 80 लाख रुपए का लोन

**भोपाल।** किसानों को लोन देने और उनके लोन खातों में समझौता करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक शाखा नीलबड़ ने नांदनी गांव में रात्रि चौपाल लगाई। इस मौके पर किसान मिलन समारोह का योजन भी किया गया। इस दौरान 16 किसानों को 80 लाख रुपए का लोन बांटने की मंजूरी मौके पर ही दी गई। समाधान योजना के तहत 6 किसानों से एकमुश्त समझौता भी किया गया। उप महाप्रबंधक लोकेश लवानिया ने बताया कि किसानों और वरिष्ठ ग्रामीणों को सम्मानित किया।

### वरिष्ठ पत्रकार मुशाहिद सईद का निधन

**भोपाल।** उर्दू के एक दैनिक समाचार पत्र के सीनियर जर्नलिस्ट मुशाहिद सईद खान का शनिवार दोपहर निधन हो गया है। वे पिछले



कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज चिरायु हॉस्पिटल में चल रहा था। उर्दू पत्रकारिता में मुशाहिद का बड़ा योगदान रहा है। उनका जनाजा उनके घर टोल वाली मस्जिद आलोक प्रेस बुधवारा से रवाना हुआ। उन्हें छावनी वाले कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। उनके निधन पर पत्रकारों ने भी शोक व्यक्त किया है।

### इंजीनियर बंसीलाल जायसवाल का निधन

**औबेदुल्लागंज।** जेबी गार्डन के मालिक इंजीनियर बंसीलाल जायसवाल का शनिवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे



सामाजिक कार्यकर्ता अशोक जायसवाल के परिवार के हैं। उनके निधन से नगर में शोक की लहर है। अमेरिका से उनके पुत्र आने के बाद बंसीलाल जायसवाल का दाह संस्कार किया जाएगा। उनके निधान पर बागीस अग्रवाल, गुलवी नेमा, दीपू परमार, गणेश जायसवाल, कैलाश नागर, आशीष दीक्षित, आकाश जैन, रवि बसवानी, रवि शंकर राय, श्याम मालवीय, सोनू राय, रेवा शंकर राय, माया राय विमल राय आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## गणतंत्र दिवस और गौरव दिवस समारोह का नगर परिषद प्रांगण में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गणतंत्र दिवस एवं गौरव दिवस समारोह का नगर परिषद प्रांगण में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र पटवा, नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, उपाध्यक्ष समीक्षा विक्रम यादव, भारती नरेश सेठी, प्रमोद सेन, राजेश खटीक, सुजीत यादव, शंकर लाल इरपाचे, सरोज रामेश्वर नागर, राधा राजेंद्र साहू, सना आमीर ममनून, सुनील सेरिया, हेमलता मनोज चौरसिया, दीपेश परमार मंच पर उपस्थित रहे।

कन्या पूजन कर मंचासीन अतिथियों का स्वागत सत्कार का कार्यक्रम मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा, मुकेश जैन उपयंत्री एवं स्टाफ ने सम्मान किया। इसके बाद स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

आयोजन में प्रतिभावान विद्यार्थियों, युवाओं, वरिष्ठों को किया गया सम्मानित

### विधायक पटवा, नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद और मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने किया विशिष्ट लोगों का सम्मान





### दशहरा मैदान में हुई प्रतियोगिताएं

दशहरा मैदान कृषि फार्म में तीन दिवसीय खेल का आयोजन किया गया, जिसमें चम्मच, नींबू दौड़, रस्साकसी, बोरा रेस, 100 मीटर रेस में नगर की स्कूली बच्चों ने भाग लिया। राजेश औड अर्जुन नगर को यूपीएससी क्वालीफाई करने पर सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बेस्ट जॉन स्कूल नेशनल प्लेयर 10वीं-12वीं कक्षा में उत्तीर्ण राज्य स्तरीय खेलों के प्रति प्रतियोगिताओं, ओपन नेशनल प्लेयर कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों को उत्कृष्ट काम किए जाने पर वरिष्ठ अधिकारियों ने शील्ड तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।



### व्यापार महासंघ ने किया झंडावंदन

नगर में गणतंत्र दिवस पर व्यापार महासंघ ने चौराहे पर झंडा वंदन किया। इस अवसर पर व्यापार संघ के सभी सदस्य उपस्थित थे।



**गणतंत्र दिवस पर डॉ. नागर ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित**

75वें गणतंत्र दिवस पर वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय में जन भागीदारी डॉ. भूपेंद्र नागर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक व जनभागीदारी समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## मॉर्डन स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

अत्यंत गौरव और ऐतिहासिक महत्व का दिन गणतंत्र दिवस हर भारतीय के दिल में एक विशेष स्थान रखता है। इस अवसर पर स्कूल युवा पीढ़ी में देशभक्ति और नागरिक चेतना की भावना पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। अतिथि सुनील सेरिया, चेयरमैन फूलसिंह राजपूत और प्रिंसिपल विशाखा शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। चेयरमैन फूलसिंह राजपूत ने छात्रों के साथ अपनी अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा किए। उन्होंने राष्ट्र के विकास के लिए जिम्मेदार नागरिकों को



एकता, विविधता और देशभक्ति के महत्व पर जोर दिया। छात्रों को संबोधित करते हुए सुनील सेरिया ने कहा कि इस देश के भविष्य के हितधारकों के रूप में छात्रों को उस स्वतंत्रता की रक्षा करनी चाहिए जिसके साथ वे पैदा हुए हैं और इसका उपयोग समाज की भलाई के लिए करना चाहिए।



### स्कूलों और वरिष्ठ सेवकों को किया अलंकृत

नगर के वरिष्ठ सेवकों को विधायक सुरेंद्र पटवा ने शॉल, पुष्प, श्रीफल देकर से सम्मानित किया। स्कूलों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के बाद विधायक पटवा, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा ने क्राइस्ट विद्या भवन को प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार सीएम राइस एकीकृत शासकीय प्राथमिक शाला विशनखेड़ा एवं तृतीय पुरस्कार रियल इंग्लिश मीडियम स्कूल डीमंगलम स्कूल को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रविंद्र विजयवर्गीय, नरेंद्र शर्मा, शंकर लाल पाल, कंचन पाल, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, कन्हैया लाल नंदवंशी, अशोक पटेल एवं आदि वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## कई स्थानों पर हुआ झंडावंदन देशभक्ति से ओत-प्रोत स्कूली बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संत नगर

संत नगर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल एवं नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. केएस बुधवानी (सर्जन एवं डायरेक्टर,केयर इन्फिनिटी हॉस्पिटल, भोपाल) ने ध्वजारोहण किया गया एवं तिरंगे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाया। सिद्ध भाऊ ने विद्यार्थियों के नाम संदेश दिया।

### स्कूलों में हुए आयोजन

साधु वासवानी स्कूल में विधायक रामेश्वर शर्मा, राम बंसल, चंदू ईसरानी, लवीन मनसुखानी, विष्णु गेहानी द्वारा झंडावंदन किया गया एवं तिरंगे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाया। गणतंत्र दिवस रैली निकाली गई। दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा, मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, बसंत चेलानी, चंदर नागदेव आदि ने किया।



## मंडीदीप में शान से लहराया तिरंगा

**मंडीदीप।** नगर में गणतंत्र दिवस पर कई आयोजन हुए। नगर पालिका में नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने झंडावंदन किया। गांधी चौक पर पार्षद सविता बद्रीसिंह चौहान तथा पुराने पंचायत भवन पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पुष्पा साहू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। शासकीय और प्राइवेट स्कूलों के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। नगर में सुबह से भारत माता की आरती का क्रम जारी रहा। थाना परिसर में थाना प्रभारी सुरेश मीणा, रघु संस्थान पर विनोद जैन, संस्कार भारती पर जीवन सिंह पाल ने ध्वजारोहण किया।



## गणतंत्र दिवस पर बांटे ग्रीटिंग कार्ड

**बैरसिया।** पारस पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस उत्साह से मनाया गया। पूर्व विधायक जोधाराम गुर्जर ने ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने अभिनव पहल के तहत छात्र-छात्राओं ने खुद ग्रीटिंग कार्ड बनाएं और सर्विस प्रोवाइडर को दिए। दुकानदारों, सरकारी दफ्तर, अस्पतालों, पेट्रोल पंप को भी ग्रीटिंग कार्ड देकर धन्यवाद दिया। विधायक विष्णु खत्री ने छात्र-छात्राओं से बातचीत की। स्कूल संचालिका रोली मनवीर गुर्जर ने कहा कि स्कूल के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ समाजसेवा भी सिखाई जाती है।

## कहासुनी का बदला लेने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात दो लोगों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने भाई के साथ हुई कहासुनी का बदला लेने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार थाने के सामने सेडो वाली मस्जिद के पास रहने वाला समीर (20) सब्जी का ठेला लगाता है। शुक्रवार रात करीब आठ बजे वह दोस्त के साथ टाप-एण्ड-टाउन पर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में कल्लू खान उर्फ कालू दोस्त मोगली के साथ मिल गया। कल्लू ने समीर से बोला कि तूने मेरे भाई के साथ बहसबाजी क्यों की और गाली-गलौज करने लगा। समीर ने विरोध किया तो कल्लू ने चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। समीर का दोस्त जान बचाकर मौके से भाग निकला। हमला करने के बाद दोनों आरोपी भी भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## व्हीलचेयर मिलते ही भावुक हुआ छात्र कहा- अब जीवन में आएगा बदलाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

समाजसेवी संस्था जीव सेवा संस्थान ने गांधी नगर स्थित सेवा भारती गांधी आश्रम में रहने वाले दिव्यांग छात्र गोविंद मेवाड़ा को सुधीर नचनानी के हाथों से व्हील चेयर प्रदान की। व्हील चेयर पाकर भावुक हुए छात्रा गोविंद ने बताया कि वह अब आसानी से इधर-उधर जा सकेगा। अब मरे जीवन में बदलाव आएगा। इस मौके पर संस्था के सचिव महेश दयारामानी भी संस्था के कार्यों की जानकारी दी।

21 दिवसीय खेल व सांस्कृतिक महोत्सव का समापन

## महोत्सव में पुरस्कार देकर प्रतिभागियों को नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

21 दिवसीय खेल व सांस्कृतिक महोत्सव का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल व सीएमओ सुधीर उपाध्याय ने बताया कि महोत्सव में 102 शासकीय और निजी विद्यालयों के तीन हजार से अधिक प्रतिभाओं ने भाग लिया। सांस्कृतिक आयोजन में विद्यालयों के 1 हजार से अधिक प्रतिभाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों को समापन पूर्व ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर



सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, समाजसेवी जगदीश सोनी, अरविंद जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीवन सिंह पाल, नपा उपाध्यक्ष पुष्पा प्रेम शंकर साहू आदि मौजूद रहे।

आयोजन में शॉल-श्रीफल भेंट कर विशिष्ट लोगों को किया सम्मानित

# श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र में बाउंड्रीवॉल का भूमिपूजन एवं पौधरोपण

## बाउंड्रीवॉल बनने से जैन समाज और क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र भोजपुर में शनिवार को क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए बाउंड्रीवॉल का भूमिपूजन एवं पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मंच पर विधायक प्रतिनिधि जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन, भोजपुर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गिरी, भोजपुर शिव मंदिर महंत पवन गिरी, कमेटी संरक्षक मनोहर लाल टोंगिया आदि का कमेटी अध्यक्ष विमल जैन राजदीप ने शॉल-श्रीफल से सम्मान किया।

भोजपुर जैन मंदिर की बाउंड्रीवॉल बनाने के लिए डीएफओ हेमंत रैकवार, वन विभाग एसडीओ पुष्पेंद्र सिंह धाकड़, चिकलोद रेंजर संजय सिंह का क्षेत्र के प्रति सहयोग करने के लिए शॉल-श्रीफल देकर सम्मान किया गया।







**इन्हें मिला शिला रखने का सौभाग्य**

शिलान्यास कार्यक्रम में प्रथम शीला रखने का सौभाग्य रतनबाई विनोद अनीता जैन आरएनजी मंडीदीप परिवार को मिला। इसके बाद कैलाश कुसुम जैन परिवार भोपाल, विमल राजदीप परिवार मंडीदीप, सुरेंद्र जैन छोटू भोजपुर, अशोक, ऋषभ, अतुल जैन परिवार भोजपुर, विमल कुमार पहाड़िया मंडीदीप, मीना ऋषभ भंडारी औबेदुल्लागंज, अर्चना जिनेन्द्र जैन भोपाल, आरसी शिमला जैन विंग आदि लोगों को अतिशय क्षेत्र में शीला रखने का पुण्य अवसर प्राप्त हुआ।

### वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन का विशेष सम्मान

वन विभाग से बाउंड्रीवॉल के लिए स्वीकृति दिलवाने पर वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन कमेटी के महामंत्री जिनेन्द्र जैन ने किया। इस अवसर पर कैलाशचंद जैन, नेमीचंद जैन, विजय नायक, ऋषभ जैन पत्रकार, इंजीनियर मुकेश जैन, सुरेंद्र जैन, जिनेन्द्र जैन, जैन रोडवेज, राकेश जैन, राजीव जैन पत्रकार, आजाद जैन, विजय पहाड़िया, कुसुम जैन, पूर्व पार्षद मीना जैन, एलसी जैन, मनोज जैन औबेदुल्लागंज, राजकुमार जैन, अशोक शास्त्री आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे। बाउंड्रीवॉल बनने से जैन समाज सहित आसपास के ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

### पति से विवाद के बाद बर्थ-डे के दिन महिला ने लगाई फांसी

**भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित अमरावद खुर्द में महिला ने बर्थ-डे के दिन फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पहले उसकी पत्नी से कहासुनी हुई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार, सुषमा गौड़ (37) अमरावद खुर्द, ग्लेक्सी सिटी में रहती थी और अरेरा हिल्स स्थित एक शासकीय कार्यालय में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ थी। उसके पति आशीष कुमार भेल कारखाने में नौकरी करते हैं। दोनों की पांच साल की एक बेटी है। शुक्रवार को सुषमा को जन्मदिन था। शाम को दोनों में कहासुनी हो गई। विवाद शांत होने पर पति ग्राउंड फ्लोर पर आकर बैठ गया, जबकि फर्स्ट फ्लोर पर सुषमा अकेली थी। जब पति वापस आया तो सुषमा फंदे पर लटकी हुई थी।

बीएसएस में स्टार्टअप सक्सेस-डे पर वी 360.एआई के को-फाउंडर स्वप्निल त्रिपाठी ने कहा-

# कॉर्पोरेट की करीब 50 लाख सालाना सैलरी को ठुकरा कर खुद का स्टार्टअप शुरू करने का सोचना अपने आप में चैलेंजिंग था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कॉर्पोरेट की करीब 50 लाख सालाना सैलरी को ठुकरा कर अपने दम पर खुद का स्टार्टअप शुरू करने का सोचा, मेरे लिए सबसे मुश्किल डिसिजन हर माह की पहली तारीख को लाखों में आने वाली सैलरी से हाथ धोना था।

इसके बाद अपने स्टार्टअप के लिए फंड एकत्रित करना, पहले जहां मैं फ्लाइट में सफर करता और फाइव स्टार होटल में स्टे करता, वहीं मुझे ट्रेन का रिजर्वेशन न मिलने पर कई बार टॉयलेट के पास बैठकर अपनी यात्रा पूरी करनी पड़ी। यह कहना है वी360.एआई के को-फाउंडर स्वप्निल त्रिपाठी का। जो गूगल डेवलपर ग्रुप्स के द्वारा बीएसएस में आयोजित स्टार्टअप सक्सेस डे के अवसर पर अपना व्याख्यान दे रहे थे। इसके साथ ही कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं में रूप में शामिल थे शेख मुस्ताक अली, डॉ अनुराग एस राय, विजय आनंद फाउंडर अकाउंटेंट लालाजी। कार्यक्रम के ओग्रेनाइजर थे जीसीपी कंसलटेंट मयूर राठी।






## पहले पार्टनर के साथ जांचें कंपैटिबिलिटी और फिर रिजेक्शन के लिए रहें तैयार

स्वपनिल ने स्टूडेंट्स के साथ इंट्रेक्टिव सेशन में अपने स्टार्टअप की यात्रा साझा करते हुए बताया कि जब मेरे एक डिसीजन से जीवन में अमूल चूल परिवर्तन आया, तो एक बार मुझे क्या मैं सही हूं जो लाखों का पैकेज ठुकराकर अब अपना काम शुरु कर रहा हूं, लेकिन मुझे खुद पर विश्वास था। उन्होंने कहा कि किसी भी काम को शुरु करने से पहले अपने पार्टनर के साथ कंपैटिबिलिटी को परखें, यदि आप कंपैटिबिल हैं तभी साथ में काम शुरु करें। इसके साथ ही रिजेक्शन के लिए तैयार रहें, क्योंकि मैं इंश्योरेंस फील्ड से था, इसलिए मुझे रिजेक्शन की आदत थी। इतने रिजेक्शन के बीच एक अपेक्षाएं आपका जीवन बदल सकती है।

### अकाउंटेंट लालाजी के देशभर में 10 हजार से ज्यादा यूजर्स

वहीं कार्यक्रम में आए अकाउंटेंट लालाजी के फाउंडर विजय आनंद ने कहा कि जब 2017 में जीएसटी आया तो उसमें कई सारे हर्डल्स थे, जिसके लिए मैंने यह साफ्टवेयर बनाया, और आज हमारे देशभर में दस हजार से ज्यादा यूजर्स हैं।

---

लोकरंग महोत्सव में प्रदेश की जनजातियों सहित ब्राजील के कलाकारों की मनभावन नृत्य प्रस्तुतियां

# ब्राजील के कलाकारों ने दी अपने तालबद्ध जीवंत नृत्य 'सांबा' और 'ब्राजील कॉर्निवल' की प्रस्तुति, दर्शकों का जीता मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईस्टर से पहले चालीस दिन की अवधि, लेंट की शुरूआत का प्रतीक के रुप में ब्राजील में आयोजित होने वाला 'ब्राजील कॉर्निवल', एक वार्षिक उत्सव है, जिसमें अकेले रियो डी जनेरियो में करीब 4.9 मिलियन लोग शामिल होते हैं, जिनमें से हजारों की संख्या में विदेशी है। वहीं ब्राजील में होने वाला 'सांबा', ब्राजीलीय मूल का सांबा संगीत के अंतर्गत दी जाने वाली नृत्य प्रस्तुति है। जो एक प्रकार से तालबद्ध जीवंत नृत्य है। सांबा कोई एक विशेष प्रकार की नृत्य शैली नहीं बल्कि नृत्यों का एक पूरा सेट है, जो ब्राजील में दृश्यगत होता है, ब्राजील के पारंपरिक नृत्य लाटिन, सांबा, रेट्रो, फिएस्टा, कार्निवाल एवं सेंट्रल अमेरिका नृत्यों की मनभावन प्रस्तुति देखने को मिली शनिवार की शाम लोकरंग महोत्सव में। जिसमें ब्राजील से आए पांच लोगों के नृत्य दलों ने इस प्रस्तुति से दर्शकों का मन जीत लिया।




### बुन्देली कछियाई गायन,हरबोला गायन सहित देवारी नृत्य की प्रस्तुति

लोकरंग के दूसरे दिन लोकराग के अंतर्गत आंचलिक गायन में बुंदेली कछियाई गायन, मप्र, हरबोला गायन, महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों के नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। धरोहर के अंतर्गत खजुराहो से आए गणेश रजक और साथी कलाकारों ने दिवारी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। यह नृत्य श्रीराम नवमी पर गांव-गांव जाकर किया जाता है।

### मुर्गे के पंखों की कलंगी पहनकर किया 'सौंगी मुखौटा नृत्य'

छत्तीसगढ़ के सतनामी जाति का परंपरागत नाच पंथी नृत्य की प्रस्तुति गोकरण दास बघेल एवं साथियों द्वारा दी गई। मांदर और झांझ पर यह नाच द्रुत गति का नृत्य है। रवींद्र लक्ष्मण भोये एवं साथी, महाराष्ट्र द्वारा सौंगी मुखौटा नृत्य की प्रस्तुति दी। जनजातीयों का मूल नृत्य सौंगी की अत्यन्त आकर्षक रंग-बिरंगी वेशभूषा है। नर्तक मुर्गे के पंखों की कलंगी पहने नाचते है।



धान की बालियों से तैयार की डिजाइनर वाटरप्रूफ ज्वेलरी

## लोकरंग महोत्सव में 300 स्टॉल्स पर दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तुएं और जनजातीय व्यंजन



धान से बनी ज्वेलरी से भी खूबसूरती में चार चांद लगाए जा सकते हैं। धान से बनी ऐसी ही खूबसूरत ज्वेलरी लेकर आईं हैं कोलकाता की पुतुल दास। करीब 1000 रुपए तक की वाटर प्रूफ धान की ज्वेलरी देखी जा सकती है। रविंद्र भवन में 39वें लोकरंग महोत्सव में बहुवर्णी नृत्य, गायन-वादन, शिल्प और व्यंजन पर केंद्रित लोकरंग महोत्सव में अलग-अलग राज्यों व देशों से कलाकारों ने अंचल की खास प्रस्तुति दी। वहीं दिन में शिल्प मेले में 300 स्टाल्स पर दैनिक जीवन में उपयोग की चीजों के साथ ही जनजातीय व्यंजनों का लुत्फ उठाया जा सकता है।



### बैंबो और पेपर से तैयार डिस्कवरी आर्ट वर्क

शिल्प मेले में भोपाल के अजय बैंबो और पेपर से तैयार डिस्कवरी आर्ट वर्क के रुप में चिड़िया का घोसला, हिरन का होम डेकोरेटिव आयटम, बैंबो लैंप लेकर आए, करीब चार हजार तक इन होम डेकोरेटिव आयटम्स में पेन स्टेंड, की होल्डर सहित बड़ी संख्या में होम डेकोरेटिव आयटम शामिल है।

### टेराकोटा से बनी वाटरप्रूफ पेंटिंग

मेले में भोपाल के राजेश प्रजापति टेराकोटा से बने वाटरप्रूफ आउटडोर पेंटिंग लेकर आए। टेराकोटा को आग में तपाकर बनी इस वाटरप्रूफ पेंटिंग की खूबसूरती देखते ही बनती है, जिस पर धूप का भी कोई असर नहीं होता। इसके साथ ही मिट्टी से बने गिलास, कप, काफी मग, कढ़ाही सहित अखंड ज्योत के रुप में मिट्टी का दीया लाए है।



### मीनाकारी और हैंड एम्ब्रायड्री से तैयार कुशन कवर, बेडशीट

वहीं मंदसौर की हेमा भी मीनाकारी और हैंड एम्ब्रायड्री से तैयार कुशन कवर, बेडशीट, टेबल क्लाथ सहित घर की सजावट के आयटम लेकर आई। बनारसी और ब्रोकेड के साथ ही मीनाकारी से डिजाइन इन आयटम्स की खूबसूरती देखते ही बनती है।



---

बिट्टन मार्केट स्थित 56 बेकर स्ट्रीट में ब्लॉगर्स मीटअप का आयोजन

## एपल क्रम्बल, तिरामिसु, चॉकलेट पन्ना कोटा, क्रीम ब्रूली जैसे स्वादिष्ट डेजर्ट का स्वाद चखेंगे भोपालवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के बिट्टन मार्केट स्थित 56 बेकर स्ट्रीट (ए बी एच) में ब्लॉगर्स मीटअप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भोपाल के सोशल मीडिया इनफुलेंसर ब्लॉगर्स ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। 56 बेकर स्ट्रीट की डायरेक्टर इशनूर सैनी ने बताया कि मेरी बेकरी के स्पेशल 5 डेजर्टस एपल क्रम्बल, तिरामिसु, पर्शियन रोज, ट्रेस लेचेस, चॉकलेट पन्ना कोटा, क्रीम ब्रूली जैसे स्पेशल डेजर्टस अब भोपालवासियों के बीच खासा ट्रेंडी है।



20% डिस्काउंट भी मिलेगा

इशनूर ने बताया कि मैंने अपना शेफ कोर्स लंदन के ले-कार्डो ब्लेउ से पूरा किया, और अब लंदन के इस स्वाद का जायका भोपालवासी चखेंगे। यह एक्सक्लूसिवली डेजर्ट 56 बेकर्स पर उपलब्ध है। 20% डिस्काउंट भी मिलेगा।

## म्यूजिक बैंड रुतबाज से लेकर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय फैशन प्रोद्योगिकी संस्थान, भोपाल ने शनिवार को पहला अलुमनाई सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव और नई योजनाओं को साझा करते हुए बीते सालों की यादें ताजगी कर दी। सम्मेलन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। निफ्ट के म्यूजिक बैंड, रुतबाज से लेकर सामूहिक नृत्य और छात्रों के जीवन की छवि की प्रस्तुति हुई। विशेषज्ञ शिक्षकों ने उन्हें नवीनतम विकासों के बारे में बताया।



निफ्ट भोपाल में पहला अलुमनाई सम्मेलनः 'बीते सालों की यादें और नई मुलाकातें' का आयोजन

### एक-दूसरे को जोड़ने का यह अच्छा मंच

सभी एलुमनाई में पूर्व छात्रा उमंग श्रीधर, एंटरप्रेन्योर, फाउंडर उमंग श्रीधर डिजाइंस ने कहा कि एलुमनाई मीट से हम सभी छात्रों, शिक्षकों को एक-दूसरे से जोड़ते है। यह हर कॉलेज, संस्था के लिए जरूरी है। क्योंकि आपका नेटवर्क ही आपकी संपत्ति है। शाम की शुरूआत नाच गाने से हुई। वृक्षारोपण अभियान के तहत सभी ने पेड़ लगाकर परिसर को और हरा भरा कर दिया। पुराने और नए सदस्यों के बीच एक सशक्त समूह की नींव रखी है, जिससे संस्थान को आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी।

---

## सबकः मानवीय संवेदनाओं और रिश्तों की कशमकश को उजागर करती नाट्य प्रस्तुति

नाटक रजनीगंधा, धूप का एक टुकड़ा और डेढ़ इंच ऊपर का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रेम मानवीय रिश्तों को जीवंत रखने का एक मात्र आधार है, लेकिन जब अविश्वास की परतें उसपर जमा होने लगें तो रिश्तों का महल लंबे समय तक टिका नहीं रह सकता है। मानवीय संवेदनाओं और रिश्तों की कशमकश को उजागर करते ऐसे ही तीन नाटकों का शनिवार को शहीद भवन में मंचन हुआ। करीब डेढ़ घंटे की इस प्रस्तुति में एक के बाद एक तीन कहानियों पर नाटक हुए। जो एक कहानी को अगली से जोड़ रहे थे। जो आपस में वर्तमान में संबंधों की सच्चाई भी अपने अभिनय से प्रकट कर रहे थे।

### रजनीगंधाः दीपा के लिए संजय ही सब कुछ



मन्नू भंडारी द्वारा रचित और दिनेश नायर निर्देशित नाटक 'रजनीगंधा' में दिखाया गया कि दीपा घर से अलग कानपुर में रहकर शोध कार्य करती है। दीपा के लिए संजय ही सबकुछ है। संजय अक्सर दीपा के लिए रजनीगंधा के फूल लाया करता है। दीपा को कलकत्ता इन्टरव्यू के लिए जाना है। वह कहती है कि मैं कलकत्ता में किसी को नहीं पहचानती तब संजय कहता है कि निशीथ को भी नहीं पहचानती, तब दीपा को लगता है कि संजय के मन में निशीथ को लेकर वहम है। मगर दीपा कहती है कि निशीथ से किया गया प्यार कच्ची उम्र का आवेश मात्र है, महज पागलपन। अठारह वर्ष की आयु में किया हुआ प्यार भी कोई प्यार होता है भला। उसमें आवेश रहता है पर स्थायित्व नहीं गति रहती है पर गहराई नहीं। वह कोलकाता में निशीथ से मिलती है, लेकिन जब अपने शहर वापस आती है तब संजय को देख कहती है यह संजय ही सच है।

रविंद्र भवन में 3 दिवसीय शोध संगोष्ठी का शुभारंभ




## असाधारण को साधारण बना देने की विद्या ही संस्कृति है

**भोपाल।** जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा लोकरंग के अवसर पर रविंद्र भवन भोपाल में तीन दिवसीय शोध संगोष्ठी का शुभारंभ शनिवार को अयोध्या से आए आचार्य मिथिलेश नंदनीशरण के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ लेखक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने की। शुभारंभ सत्र के मुख्य वक्ता आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण (अयोध्या) ने कहा कि भारत की प्रतिष्ठा दो शब्दों पर है- संस्कृत और संस्कृति। असाधारण को साधारण बना देने की विद्या ही संस्कृति है। संस्कृति चरणबद्ध तरीके से विकसित होने वाली प्रक्रिया है, वह एक दिन में विकसित नहीं होती। किसी वस्तु या पदार्थ में होने वाले वे मौलिक गुण, जिनका उद्भास कर दिया जाए, संस्कार कहलाते हैं।

## जो अपने वतन, अपनी जमीं का नहीं रहता, रहते हुए दुनिया में कहीं का नहीं रहता....

हिंदी भवन में शासकीय कर्मचारी एकता रंग मंच के द्वारा 'मां तुझे सलाम' मुशायरे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जो अपने वतन अपनी जमीं का नहीं रहता, रहते हुए दुनिया में कहीं का नहीं रहता.... (जफर सहबाई) , सरहदों पे थीं जिनकी निगहबानियां याद करते हैं हम जिनकी कुर्बानियां..... (नुसरत मेंहदी)... ने देशभक्ति से ओतप्रोत मुशायरे का आयोजन किया शनिवार की शाम हिंदी भवन में। गणंत्रत दिवस के उपलक्ष्य में 11 वां मुशायरा 'मां तुझे सलाम' का आयोजन मप्र शासकीय कर्मचारी एकता रंग मंच के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रहीं नुसरत मेहदी और कार्यक्रम की अध्यक्षता जफर सहबाई ने की। इस अवसर पर संस्था द्वारा उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए नुसरत मेहदी को एकता सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया।

### उतना ही प्यार करते हैं हिन्दोस्तां से हम...

काजी मजिक नवीद भोपाली- उतना ही प्यार करते हैं हिन्दोस्तां से हम। जितना के प्यार करते हैं इस जिस्म ओ जां से हम।
शोएब अली खान शाद- जो कल थी यार वहीं आन बान है अब भी हमारे देश की... धरती महान है अब भी,
विजय तिवारी-ये मुल्क किसी की जागीर नहीं है, एय जंग में हर कौम के इंसान मरे थे।
अशोक मिजाज- हमारे ख्वाब का यूं आंसुओं से नम होना, नए मान की दीवार पर तराई है।



# पिछले 8 वर्ष में एआईएसएचई में छात्रों का नामांकन 26 फीसदी बढ़ा

## उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण ने आंकड़े जारी किए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शिक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 2021-22 में उच्च शिक्षा में छात्रों का नामांकन लगभग 4.33 करोड़ तक पहुंच गया, जो 2014-2015 के बाद से 26.5 प्रतिशत की वृद्धि है।

गुरुवार को जारी उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के अनुसार, 2014-15 से 341 विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर के संस्थान स्थापित किए गए हैं। सर्वेक्षण से पता चला कि सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 2014-15 में 23.7 से बढ़कर 2021-22 में 28.4 हो गया है। सर्वेक्षण से पता चला कि महिला जीईआर 2014-15 में 22.9 से बढ़कर 2021-22 में 28.5 हो गई है।



**2011 से किया जा रहा संचालन**

शिक्षा मंत्रालय ने उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण 2021-2022 जारी किया था। मंत्रालय 2011 से एआईएसएचई का संचालन कर रहा है। इसमें एआईएसएचई के साथ पंजीकृत देश के सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों से नामांकन, शिक्षकों और बुनियादी जानकारी पर जानकारी इकट्ठा की जाती है।

### पिछले 8 साल में एससी छात्र वर्ग का नामांकन 44 फीसदी बढ़ा

2014-15 में 46.07 लाख की तुलना में 2021-22 में 66.23 लाख (44 प्रतिशत की वृद्धि) एससी छात्र वर्ग ने नामांकन किया। वहीं, एससी महिला छात्रों का नामांकन 2020-21 में 29.01 लाख और 2014-15 में 21.02 लाख से बढ़कर 2021-22 में 31.71 लाख हो गया है। 2021-22 में एसटी और ओबीसी छात्रों का नामांकन बढ़कर क्रमशः 27.1 लाख और 1.63 करोड़ हो गया है।

### कला संकाय में नामांकन सबसे ज्यादा दर्ज

2021-22 में स्नातक स्तर पर कला (34.2प्रतिशत) में नामांकन सबसे अधिक है, इसके बाद विज्ञान (14.8फीसदी), वाणिज्य (13.3फीसदी) और इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी (11.8फीसदी) का स्थान है। एआईएसएचई 2021-22 में स्नातकोत्तर स्तर पर स्ट्रीम में, अधिकतम छात्र सामाजिक विज्ञान (21.1फीसदी) में नामांकित हैं, उसके बाद विज्ञान (14.7फीसदी) में हैं। पीएच.डी. नामांकन 2014-15 में 1.17 लाख की तुलना में 2021-22 में 81.2 फीसदी बढ़कर 2.12 लाख हो गया है।

## खबर संक्षेप

### उस्मानिया यूनिवर्सिटी में छात्राओं का विरोध प्रदर्शन



**हैदराबाद।** हैदराबाद के उस्मानिया विश्वविद्यालय के पोस्ट ग्रेजुएट गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं ने शनिवार को हंगामा किया। ये परिसर मेंसुरक्षा उल्लंघन को लेकर गुस्साई हुई है। छात्रों को अपने छात्रावास के सामने बैठकर 'हमें न्याय चाहिए' के नारे लगाते देखा गया। छात्रों का कहना है कि वह केवल वीसी को परिसर में आने की मांग कर रहे हैं।

### संसद में क्यूआर कोड, आधार से होगी एंट्री




**नई दिल्ली।** संसद भवन में दर्शकों को प्रवेश के लिए पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उसके अप्रूवल के बाद दर्शकों को मोबाइल पर क्यूआर कोड आएगा जिसका प्रिंट आउट लेकर आधार कार्ड के साथ जाना होगा। क्यूआर कोड का अप्रूवल कराना होगा। इसके बाद बायोमेट्रिक होगा। फोटोग्राफ लिया जाएगा। तब स्मार्ट कार्ड जारी होगा।

### सरेबाजार युवक को मारी गोली, चाकू से रेता गला



**नई दिल्ली।** नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में बीच बाजार एक युवक को कुछ लोगों ने गोली मार दी और फिर उसका गला भी रेत दिया। इस घटना को जिसने भी देखा उसकी रूह कांप गई। इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, सभी आरोपी फरार हो गए हैं। इनकी तलाश में जगह-जगह छापेमारी की जा रही है।

### पुलिस को मारने वाले लोगों पर चलेंगे केस



**मुंबई।** महाराष्ट्र में लगातार मराठा आंदोलन को लेकर हो रहा प्रदर्शन अब थम गया है। महाराष्ट्र सरकार ने मनोज जरांगे पाटिल की सभी मांगे मानते हुए इस पर अध्यादेश जारी किया है। जरांगे ने आंदोलन वापस लेने की घोषणा की है। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने जरांगे का अभिनंदन किया और कहा जिन्होंने पुलिस को मारा है, उन पर केस चलेंगे।

## अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में पीएम मोदी बोले

# संविधान सभा से बहुत कुछ सीखें और उनके आदर्शों से प्रेरणा भी लें



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारी संविधान सभा के आदर्शों से प्रेरणा लें।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शनिवार को सभा को किया संबोधित**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन खास है, क्योंकि यह 75वें गणतंत्र दिवस के ठीक बाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के पास यह अवसर है कि वे संविधान सभा के आदर्शों से प्रेरणा लें। उन्होंने अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा, इस बार का यह सम्मेलन और भी खास है, क्योंकि यह भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के ठीक बाद हो रहा है। आज से 75 वर्ष पहले 26 जनवरी को ही हमारा संविधान लागू हुआ था। संविधान के भी 75 साल पूरे हो रहे हैं। मैं देशवासियों की ओर से संविधान सभा के सभी सदस्यों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।

### पहले वरिष्ठ सदस्य दूसरों को मर्यादा का पालन सिखाते थे

पीएम ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के इस सम्मेलन के लिए संविधान सभा से सीखने को बहुत कुछ है। पीठासीन अधिकारियों के पास यह अवसर है कि वे संविधान सभा के आदर्शों से प्रेरणा लें। प्रधानमंत्री ने कहा, एक समय था, जब सदन में कोई भी सदस्य शिष्टाचार का उल्लंघन करता था और अगर उसके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाती थी तो सदन के अन्य वरिष्ठ सदस्य उस सदस्य को समझाते थे कि भविष्य में वे ऐसी गलती न करें, जो सदन के माहौल और उसकी मर्यादा को प्रभावित करती है।

### आजकल कई सदस्य गलतियों का ही बचाव करने लगे

पीएम ने कहा कि आज के समय में हमने देखा है कि कुछ राजनीतिक दल ऐसे ही सदस्यों के समर्थन में खड़े हो जाते हैं। उनकी गलतियों का बचाव करने लगते हैं। यह स्थिति संसद हो या विधानसभा, किसी के लिए भी ठीक नहीं है। इस पर चर्चा बहुत जरूरी है।



## राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवकों से बोले उप राष्ट्रपति धनखड़

### अब निरंकुशता और भाई-भतीजावाद नहीं, भ्रष्टाचार और बिचौलियों का पारिस्थितिकी तंत्र खत्म

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि देश में 'निरंकुशता और भाई-भतीजावाद' की जगह अब 'प्रतिभा' ने ले ली है और आज युवाओं के पास अपने लक्ष्य हासिल करने के अधिक अवसर हैं। यहां राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वयंसेवकों के साथ बातचीत करते हुए धनखड़ ने दावा किया कि अब कानून के समक्ष वास्तव में सभी समान हैं जबकि अतीत में कुछ लोग सोचते थे कि वे इससे ऊपर हैं। धनखड़ ने कहा कि भ्रष्टाचार और बिचौलियों का पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो गया है और युवाओं के पास अपार अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की निरंकुशता को लोकतंत्र की प्रतिभा से बदल दिया गया है।

**अनुसंधान,उद्यमिता पर ध्यान दें**

एनएसएस स्वयंसेवक उस महिला दल का हिस्सा थीं, जिसने शुक्रवार को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था। युवाओं को 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने में मदद करने वाले 'सैनिक' बताते हुए उपराष्ट्रपति ने उनसे नवोन्वेषी बनने और अनुसंधान तथा उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

## जन प्रतिनिधियों का आचरण संसदीय मर्यादा के अनुरूप होना चाहिएः बिरला

# सुनियोजित व्यवधान से विरोध और असहमति नहीं जताई जानी चाहिए



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानमंडलों में अनुशासनहीनता, कार्यवाही में व्यवधान और असंसदीय आचरण की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे विधानमंडलों की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है। बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति व्यक्त करने के लिए गुंजाइश है, इसलिए व्यवधान के माध्यम से विरोध और असहमति नहीं जताई जानी चाहिए।

बिरला ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानमंडल परिसर, मुंबई में 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का उद्घाटन उपरांत ये बातें कही।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, महाराष्ट्र विधान सभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, महाराष्ट्र विधान परिषद की उप सभापति, डॉ. नीलम गोरहे और महाराष्ट्र विधान सभा के उपाध्यक्ष नरहरि सीताराम झिरवाल उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहे और विशिष्ट सभा को संबोधित किया। पीएम नरेंद्र मोदी वीडियो संदेश के माध्यम से सम्मेलन में शामिल हुए। उद्घाटन सत्र में 26 पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया।

बिरला ने कहा कि विधानमंडलों की प्रतिष्ठा और गरिमा को बनाए रखना और विधानमंडलों में मर्यादापूर्ण आचरण को बनाए रखना सर्वोपरि है, लेकिन यह चिंता का विषय है कि इन मुद्दों पर आम सहमति होने के बावजूद, हम अभी तक सदन के सुचारू कामकाज के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को लागू नहीं कर पाए हैं। जन प्रतिनिधियों का आचरण संसदीय मर्यादाओं के अनुरूप होना चाहिए। बिरला ने सदस्यों से सदन में अपना समय रचनात्मक कार्यों में लगाने का आग्रह किया और सुझाव दिया कि यदि आवश्यक हो तो नियमों में बदलाव करते हुए ठोस और निश्चित कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विधानमंडल बिना किसी व्यवधान के कार्य करें।

बिरला ने सुझाव दिया कि विधानमंडलों में काम करने के नए तरीकों को बढ़ावा देना चाहिए। लोकतांत्रिक संस्थाएं कार्यपालिका की निगरानी की अपनी जिम्मेदारी को बेहतर ढंग से निभा सकें।

**केंद्रीय मंत्री प्रधान ने उद्यमियों के साथ की बात**

# अब छोटे व सूक्ष्म उद्यमी भी देश की प्रगति के लिए तैयार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली के कौशल भवन में 100 से अधिक उद्यमियों के साथ बातचीत की। इन उद्यमियों को राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान, भारतीय उद्यमिता संस्थान जैसे विभिन्न कौशल विकास संस्थानों और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित किया गया है।

प्रधान ने कहा कि यह पहली बार है कि कौशल पारिस्थितिकी तंत्र के उद्यमियों को गणतंत्र दिवस समारोह में अतिथि होने का सम्मान दिया गया है। यह पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण है।




### आपकी यह यात्रा प्रेरणादायी रही

प्रधान ने कहा कि उद्यमिता से आत्मनिर्भरता तक की उनकी यात्रा को देखना वास्तव में प्रेरणादायक रहा। उन्होंने कहा कि ये छोटे और सूक्ष्म उद्यमी देश की विकास यात्रा में एक नया योगदान देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना इस इस सरकार का मूल आधार है और आम नागरिक पीएम मोदी की दृढ़ प्राथमिकता हैं। प्रधान ने उद्यमियों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने पीएम मोदी और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

**कार्याध्यक्ष आलोक ने कहा**

## मंदिर के सबूत मिले, अब 'ज्ञानवापी' हिंदुओं को सौंपें



**वाराणसी।** वाराणसी के काशी विश्वनाथ परिसर में ज्ञानवापी ढांचा पर एएसआई की रिपोर्ट आ गई है।

विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार का कहना है कि वहां मंदिर होने के साक्ष्य मिलने हैं, इसलिए अब ज्ञानवापी मस्जिद को हिंदू समुदाय को सौंप देना चाहिए। मंदिर की संरचना का एक हिस्सा, विशेष रूप से पश्चिमी दीवार हिंदू मंदिर का शेष हिस्सा है। आधिकारिक और विशेषज्ञ संस्था एएसआई विभाग ने काशी में ज्ञानवापी मामले की सुनवाई कर रहे जिला जज को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

## गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करते पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के करियप्पा ग्राउंड में एनसीसी रैली के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया।

**कोर्ट ने लालू परिवार को किया तलब**

# राबड़ी व मीसा 9 फरवरी को जिला कोर्ट में पेश हों

**नई दिल्ली।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की फैमिली पर फिर शिकंजा कसा है। यादव की पत्नी और बेटी को कोर्ट ने समन देकर तलब किया है। रेलवे में जमीन के लिए नौकरी वाले चर्चित लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में दिल्ली की राज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है।

सुनवाई की तारीख 9 फरवरी है। इससे जुड़े एक अन्य मामले में लालू और तेजस्वी पर भी मुकदमा चल रहा है। सभी बेल पर हैं। यह कांड तब हुआ था जब लालू यादव रेल मंत्री थे। उसमें कई लोगों को नियमों को ताख पर रखते हुए बगैर वैकेंसी के रेलवे में नौकरी दी गई और उनसे जमीनें लिखवाई गईं।



### नौकरी के बदले जमीन लेने का मामला

नौकरी के बदले जमीन और फ्लैट रजिस्ट्री कराने के मामले में ईडी की तरफ से चार्जशीट दाखिल की गई है। पहले 20 को फैसला आने वाला था। फिर कोर्ट ने 27 जनवरी की तारीख दी थी।

### हेमा यादव और हृदयानंद भी आरोपी

ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में पिछले दिनों पहली चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें कारोबारी अमित कात्याल समेत 7 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस चार्जशीट में लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी, बेटी राज्यसभा सांसद मीसा भारती, एक अन्य बेटी हेमा यादव और हृदयानंद चौधरी का भी नाम है। इसके अलावा ईडी ने दो कंपनियों को भी आरोपी बनाया है।


**यूपी में 'आईएनडीआईए' में सीट बंटवारे पर अखिलेश का ऐलान**

# लोकसभा की 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

## यादव बोले-'इंडिया' की टीम और 'पीडीए' की रणनीति इतिहास बदलेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों की डील पक्की हो गई है।



कांग्रेस यूपी में 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी है। यादव ने पोस्ट करते हुए लिखा- कांग्रेस के साथ मजबूत सीटों से हमारे सौहार्द्रपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही है। ये सिलसिला आगे बढ़ेगा। 'इंडिया' की टीम और पिछड़, दलित व अल्पसंख्यक 'पीडीए' की रणनीति इतिहास बदल देगी।

### ममता, नीतीश के अलग होने से गठबंधन टूटेगा

मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने के इरादे से बनाया गया आईएनडीआईए गठबंधन लोकसभा चुनाव से पहले ही बिखरने लगा है। बिहार में नीतीश कुमार आरजेडी का साथ छोड़कर फिर से भाजपा के साथ गठबंधन करके सरकार बनाने जा रहे हैं। इस सियासी घमासान से विपक्ष में बेचैन है। उधर, बंगाल में ममता बेनर्जी एकला चलो की राह पर हैं तो पंजाब में आम आदमी पार्टी भी साथ नहीं लेना चाहती है। इससे विपक्ष की परेशानी और बढ़ गई है। गठबंधन का टूटना तय है।

**ममता-कांग्रेस में बढ़ी तकरार**

### सिलीगुड़ी में राहुल की सभा पर रोक

टीएमसी के अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी और कांग्रेस के बीच तकरार बढ़ गई है। ममता ने सिलीगुड़ी में राहुल गांधी को सभा करने की अनुमति देने से मना कर दिया है। इसके बाद कांग्रेस ने यात्रा के रूट में बदलाव किया है। कूच बिहार की बजाए अब जलपाईगुड़ी से यात्रा शुरू होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और ममता की बातचीत भी बेनतीजा रही।



**खरगे का ममता को पत्र**

### न्याय यात्रा को सुरक्षित मार्ग दें

कांग्रेस और टीएमसी में जारी तनाव के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी को पत्र लिखा है। कांग्रेस प्रमुख खरगे ने पत्र लिखकर बंगाल से गुजरने वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के लिए सुरक्षित मार्ग की मांग की है। उन्होंने ममता बेनर्जी से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी करने को कहा है।

# कर्तव्य पथ पर उतरा विक्रम लैंडर-रोवर प्रज्ञान

**75वां गणतंत्र दिवस**




**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की परेड में कर्तव्य पथ पर अलग-अलग राज्यों की झांकी निकाली गई। इस दौरान इसरो की चांद तक पहुंचने की कामयाबी की झलक भी परेड का हिस्सा बनीं। इसरो की ओर से चंद्रयान-3 की झांकी निकाली गई, जिसमें विक्रम लैंडर और रोवर प्रज्ञान कर्तव्य पथ पर चहलकदमी करते हुए दिखाई दिए। इस झांकी में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर रोवर प्रज्ञान की लैंडिंग को फोकस कर दिखाया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) की झांकी में शानदार दृश्य दिखाए गए। जिसमें एआई का प्रतीक एक महिला रोबोट वैश्विक नागरिकों पर इसके सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है।



## देश भर से इन झांकियों को मिली सराहना

1. सीएसआईआर की झांकी में कृषि यंत्र को दिखाया गया
2. परेड में दिखा मिशन चंद्रयान-3 का जलवा
3. झांकी में एआई ने दिखाया अपना करिश्मा

**विदेशों में मना गणतंत्र दिवस का जश्न**

**दूतावास पर बच्चों ने हिंदी गानों पर किया डांस**

# सात समंदर पार लहराया तिरंगा



भारत के 75वें गणतंत्र दिवस की धूम सात समंदर पार भी दिखाई और सुनाई दी। फ्रांस, रूस, कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया समेत अन्य देशों में भारत का तिरंगा लहराया और भारत को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान वहां के दूतावास में कार्यक्रम भी हुए। रूसी दूतावास के अंदर बच्चों ने हिंदी गानों पर जमकर डांस किया और गणतंत्र दिवस का जश्न मनाया। इजराइल दूतावास में तैनात अधिकारियों ने भारत के ट्रडिशनल कपड़े पहनकर गणतंत्र दिवस मनाया।



## खबर संक्षेप

### विश्व शांति का काम कर रहे मोदीः यूक्रेनी पीएम

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शमीहाल ने भारत को 75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।



डेनिस ने यूक्रेन की मदद और मानवीय समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ भी की। डेनिस का कहना था कि वो भारत से पहले की तरह छात्रों को वापस यूक्रेन भेजने का भी आग्रह करना चाहते हैं।

### आरोपों को भारत ने नकारा कहा- झूठ फैला रहा पाक

**इस्लामाबाद।** पाक के विदेश सचिव सायरस काजी ने कहा है कि वो भारत के खिलाफ यूएनएससी



के सदस्यों से बात करेंगे। पाक ने भारत पर 2 लोगों शाहिद लतीफ और मोहम्मद रियाज की हत्या का आरोप लगाया था। जो उसके देश में वॉन्टेड हैं। आरोपों पर भारत के विदेश मंत्रालय ने इस झूठ बताया।

**इंटरनेशनल कोर्ट का बड़ा फैसला**

# एक महीने में गाजा पट्टी में नरसंहार रोके इजराइल



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के दौरान अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने एक महत्वपूर्ण आदेश दिया है। वर्ल्ड कोर्ट ने इजराइल से कहा है कि वह गाजापट्टी में अपने हमले में हुई मौतों और नुकसान का पूरा हवाला दें और किसी भी तरह की गंभीर चोट या नुकसान को रोकें। इजराइल यह सुनिश्चित करे कि उनकी सेना गाजा में नरसंहार नहीं करे और वहां मानवीय स्थिति में सुधारवादी कदम उठाएं। इजराइल से इस मामले में एक महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है। दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल पर गाजापट्टी में नरसंहार का आरोप लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत का रुख किया था। इसी याचिका पर आईसीजे ने फैसला सुनाया है।

### फैसले पर बोले नेतन्याहू...

*आईसीजे के फैसले पर इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल अपनी सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाना जारी रखेगा। कोर्ट में सुनवाई के दौरान दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि गाजा में इजराइल की कार्रवाई से जेनोसाइड कन्वेंशन का उल्लंघन हुआ है। दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि 7 अक्टूबर को हमास के इजराइल पर हमले के बाद से इजराइल ने गाजा पर कहर बरपा रखा है।*

**फाइटर जेट इंजन की फैक्ट्री बनेगा भारत, दोनों देशों के बीच सहमति**

# यूएस के बाद अब फ्रांस भी 100% इंजन टेक्नोलॉजी देने के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस भारतीय लड़ाकू विमान के इंजन निर्माण के लिए 100 प्रतिशत टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के लिए तैयार है। यानि, अमेरिका के बाद फ्रांस दूसरा देश बन गया है, जिसने भारत में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का फैसला लिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के भारत दौरे के दौरान भारत-फ्रांस के बीच कई समझौते हुए। दोनों देशों ने डिफेंस इंडस्ट्रियल सेक्टर में साझेदारी बढ़ाने पर सहमति जताई। स्कॉर्पीन-क्लास सबमरीन और उसके पुर्जों को भारत में ही बनेंगे। फ्रांस में भारत के राजदूत जावेद अशरफ ने कहा है कि भारत और फ्रांस पहले से ही सफरान और भारत का डीआरडीओ चर्चा कर रहे हैं।

### फ्रांस के साथ विमान इंजन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर डील



### इस सौदे पर बनी सहमति

*भारतीय राजदूत के मुताबिक, भारत जिस सौदे की तलाश में है, उसमें इंजन के वास्तविक डिजाइन, इंजन के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले धातुओं की पहचान के साथ-साथ, तमाम तरह के तत्वों की गहराई तक पहचान करना शामिल है, ताकि भारत एडवांस इंजन का विकास कर सके। हालांकि, अशरफ ने माना, कि सौदे पर बातचीत जटिल थी, और जटिलताओं से निपटने के लिए भारत की समग्र सैन्य आवश्यकता लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सामान्य आधार खोजने की आवश्यकता थी।*

### भारत में राफेल के इंजन की मरम्मत-रखरखाव

*दोनों नेताओं ने स्कॉर्पीन-क्लास सबमरीन और उसके पुर्जों को भारत में ही बनाने के लिए हुए समझौते का स्वागत किया। उन्होंने इस प्रोजेक्ट की प्रोग्रेस का भी मुआयना किया। साथ ही भारत में राफेल फाइटर जेट के इंजनों के लिए सफरान कंपनी की तरफ से रखरखाव, मरम्मत और इसके ऑपरेशन की फेसिलिटी तैयार करने के लिए हुए समझौते का भी स्वागत किया गया। इसके अलावा सफरान कंपनी आईएमआरएच हेलिकॉप्टर इंजन बनाने के लिए भारत की हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच जॉइंट वेंचर करेगी। वडोदरा में एच125 सिंगल इंजन हेलिकॉप्टर बनेंगे।*

### भारत से जुड़ना चाहता है सफरान


*एयरोस्पेस उद्योग में सफरान एक प्रमुख खिलाड़ी है, जो डिजाइन डेवलपमेंट्स, प्रमाणन और उत्पादन सहित एडवांस मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) परियोजना के विभिन्न चरणों में भारतीय सैन्य अनुसंधान एजेंसी के साथ जुड़ने का इच्छुक रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जब यह सौदा पूरा हो जाएगा, तो यह दूसरी ऐसी व्यवस्था होगी, जो भारत ने हाल ही में अपने स्वदेशी लड़ाकू विमान परियोजनाओं के लिए जेट इंजन की अधूरी जरूरत को पूरा करने के लिए की है। एएमसीए के लिए सफरान, तेजस एमके 2 के लिए घोषणा की है। वहीं, सफरान सौदा, भारत के भविष्य के डबल इंजन एएमसीए प्रोजेक्ट के लिए जेट इंजन की आवश्यकता को पूरा करेगा।*

**अमेरिका ने 2021 में जीवन की संभावना तलाशने के लिए भेजा था रोवर**

# मंगल पर पानी, नासा के रोवर से पुष्टि, 65 फीट नीचे मिले सबूत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

मंगल ग्रह पर पानी होने के सबूत मिले हैं। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के मंगल ग्रह पर भेजे गए पर्सीवरेंस रोवर के डेटा से इसकी पुष्टि हुई है। रोवर को नासा ने 2021 में मार्स पर जीवन तलाशने भेजा था। इसने मंगल ग्रह के जजीरो क्रेटर से चट्टानों के सैंपल इकट्ठा किए थे। जमीन के नीचे भी पानी की खोज के लिए एक्सपेरिमेंट किया था। यूसीएलए और ओस्लो यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों की एक टीम को रोवर के डेटा से पता चला है कि मार्स की जमीन के 65 फीट नीचे मिट्टी के कणों में नमी है।



### रोवर ने ऑडियो रिकॉर्डिंग भेजी थी

लॉन्चिंग के कुछ दिन बाद ही पर्सीवरेंस रोवर ने मंगल ग्रह की पहली ऑडियो रिकॉर्डिंग जारी की थी। 10 सेकंड की इस ऑडियो क्लिप में बहुत मामूली आवाज थी। नासा के मुताबिक यह उसके पर्सीवरेंस रोवर के उतरने के बाद वहां मौजूद धूल और मिट्टी पर पड़े दबाव की वजह से पैदा हुई थी। करीब 1 महीने बाद मार्च में इस रोवर ने करीब 21.3 फीट तक टेस्ट ड्राइव की थी। इससे मंगल की मिट्टी पर उसके पहियों के निशान बन गए थे। नासा ने इन निशानों की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की थी।

### रोवर का वजन एक हजार किलोग्राम

पर्सीवरेंस रोवर का वजन 1000 किलोग्राम है। पहली बार किसी रोवर में प्लूटोनियम को ईंधन के तौर पर उपयोग किया गया। यह रोवर मंगल ग्रह पर 10 साल तक काम करेगा। इसमें 7 फीट का रोबोटिक आर्म, 23 कैमरे और एक ड्रिल मशीन है।

### रहने लायक था मंगल ग्रह

*वैज्ञानिकों का कहना है कि ठंडा और जीवनहीन दिखने वाला मार्स कभी गर्म, पानी वाला और रहने लायक था। साइंटिस्ट्स को पहले से इस बात का शक था कि जजीरो क्रेटर पर कभी पानी हुआ करता था, इसकी पुष्टि के लिए पर्सीवरेंस रोवर को यहां उतारा गया था। पर्सीवरेंस मार्स रोवर 18-19 फरवरी 2021 की रात मंगल पर पानी की पुष्टि और जीवन की तलाश के लिए उतरा था। इसने भारतीय समय के अनुसार रात करीब 2 बजे मार्स की सबसे खतरनाक सतह जजीरो क्रेटर पर लैंडिंग की थी। 6 पहियों वाला यह रोवर 7 महीने में 47 करोड़ किमी की यात्रा पूरी कर तेजी से अपने लक्ष्य के करीब पहुंचा था। इसके आखिरी 7 मिनट बेहद मुश्किल और खतरनाक रहे थे।*

**कम खाद्य कीमतों और नौकरशाही का विरोध**

# फ्रांस में सड़कों पर उतरे किसान

*पेरिस। फ्रांस में किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। किसानों ने ट्रैक्टर के साथ पेरिस कूच कर दिया। शहर के आसपास की सड़कों को जाम कर दिया। उत्तरी शहर लिले और बेल्जियम को जोड़ने वाले प्रमुख सड़क को भी किसानों ने घेर लिया। किसान कम खाद्य कीमतों और अत्यधिक नौकरशाही का विरोध रहे हैं, जिससे लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। आरोप है कि राष्ट्रपति मैक्रों मदद के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं।*



# रोहन बोपन्ना ने जीता दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब, एबडेन के साथ बने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन, सबालेंका को एकल ट्रॉफी



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने 43 साल की उम्र में दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल में बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी ने शनिवार को फाइनल में इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी को सीधे सेटों में हराया। भारत के बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के एब्डेन की जोड़ी ने पहली बार इस खिताब को जीता है। बोपन्ना और एब्डेन ने 7-6 (7-0), 7-5 से मैच को अपने नाम किया। दोनों ने टाइब्रेकर तक चले पहले सेट को 7-6 (7-0) से जीता था। इसके बाद दूसरा सेट 7-5 के अंतर से जीत लिया। 43 साल के बोपन्ना हाल ही में पुरुष युगल की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचे हैं। उन्हें प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार के लिए भी चुना गया। बोपन्ना ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। वह 43 साल और 329 दिन की आयु में चैंपियन बने हैं।



## बोपन्ना और एबडेन का सफर

| राउंड | जोड़ी को हराया | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| पहला | जेम्स डकवर्थ-मार्क पोल्मैन्स | 7-6(5), 4-6, 7-6(2) |
| दूसरा | जॉन मिलमैन-एडवर्ड विंटर | 6-2, 6-4 |
| तीसरा | वेस्ली कोहलॉफ-निकोला मेक्टिक | 7-6(8), 7-6(4) |
| क्वार्टर फाइनल | मैक्सिमो गोंजालेज-आंद्रेस मोलटेनी | 6-4, 7-6(5) |
| सेमी फाइनल | तोमास माचाक- झिझेन झांग | 6-3, 3-6, 7-6(7) |
| फाइनल | सिमोन बोलेली- एंड्रिया वावसोरी | 7-6 (7), 7-5 |

## राजीव राम के रिकॉर्ड को तोड़ा

*रोहन बोपन्ना का ग्रैंड स्लैम के पुरुष युगल स्पर्धा में यह 61वां मैच था। वह 19 अलग-अलग साथियों के साथ मैच खेल चुके हैं। बोपन्ना ने अमेरिका के राजीव राम के एक अनोखे रिकॉर्ड को तोड़ दिया। बोपन्ना पहला पुरुष युगल खिताब जीतने से पहले इस स्पर्धा में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। राजीव राम को पहला पुरुष युगल ग्रैंड स्लैम जीतने में 58 मैच लग गए थे। बोपन्ना 61वें मैच में यह खिताब अपने नाम कर लिया।*

## बोपन्ना का तीसरा फाइनल मुकाबला

देखा जाए तो रोहन बोपन्ना का ये पहला ग्रैंड स्लैम मेंस डबल्स खिताब है। इससे पहले मेन्स डबल्स में बोपन्ना का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साल 2010 और 2023 में रहा था, तब उन्होंने यूएस ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी। इसके अलावा बोपन्ना फ्रेंच ओपन (2022) और विंबलडन (2013, 2015, 2023) में सेमीफाइनल तक का सफर तय कर चुके हैं।

## फ्रेंच ओपन जीत चुके रोहन

रोहन बोपन्ना मिक्स्ड डब्लस के तहत 2017 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीत चुके हैं। तब बोपन्ना ने गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ मिलकर अन्ना-लेना ग्रोनफेल्ड और रॉबर्ट फराह को 2-6, 6-2, (12-10) से हराया था।

## बोपन्ना वर्ल्ड नंबर-1

बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के अंत तक नंबर 1 स्थान पक्का कर लिया है। वहीं, बोपन्ना के सबसे सफल पार्टनर्स में से एक मैथ्यू एब्डेन का मेन्स डब्ल्स रैंकिंग में नंबर 2 स्थान पर पहुंचना तय हो गया है। मैथ्यू एब्डेन ऑस्ट्रेलियाई खलिाड़ी हैं।





आर्यना सबालेंका ने महिलाओं के एकतरफा फाइनल में झेंग क्विनवेन पर 6-3, 6-2 से जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब का बचाव किया। पिछले 13 महीने में 25 साल की यह खिलाड़ी अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेल रही थी। इसमें से वह दो में जीत दर्ज करने में सफल रही। उन्होंने पिछले साल इस टूर्नामेंट के फाइनल में एलिना रायबकिना को हराया था। सबालेंका 2012 और 2013 में विक्टोरिया अजारेंका के बाद लगातार ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने वाली पहली महिला हैं। वह 2000 के बाद बिना कोई सेट गंवाए यहां चैंपियनशिप जीतने वाली पांचवीं महिला हैं।

## सबसे बड़ा उलटफेर, वर्ल्ड नंबर-1 नोवाक जोकोविच हारकर बाहर

24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के सेमीफाइनल मुकाबले में हार गए हैं। वर्ल्ड नंबर-1 जोकोविच को सेमीफाइनल में चौथी सीड इटली के यानिक सिनर के हाथों 1-6, 2-6, 7-6 (8-6), 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों के बीच शुक्रवार को मेलबर्न पार्क में खेला गया यह सेमीफाइनल मुकाबला 3 घंटा और 23 मिनट तक चला। पहली बार नोवाक जोकोविच को ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में हार मिली है।

## खबर संक्षेप



### 11वें दौर में डी गुकेश दूसरे स्थान पर खिसके

**विज्क आन जी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश यहां टाटा स्टील मास्टर्स के 11वें दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के साथ ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गए। टूर्नामेंट में अब दो दौर का खेल बचा है और उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोडिरबेक ने चीन की महिला विश्व चैंपियन वेंजुन जू को हराकर तालिका में एकल बढ़त बना ली है। इस जीत के बाद नोडिरबेक के 7.5 अंक हो गए हैं जबकि गुकेश उनसे आधा अंक पीछे है। ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने ईरान के परहम माघसूदलू पर शानदार जीत के साथ पोडियम पर अपने अभियान को खत्म करने की उम्मीदों को मजबूत किया।

# पोप के शतक से संभला इंग्लैंड भारत पर बनाई 126 की बढ़त

**टेस्ट : ओली 148 पर नाबाद, इंग्लैंड ने 6 विकेट पर बनाए 316 रन**

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

इंग्लैंड ने ओली पोप (नाबाद 148 रन) के संयम से खेले गए शतक से शनिवार को यहां पहले टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में छह विकेट पर 316 रन बनाकर भारत की उन्हें जल्दी समेटने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इंग्लैंड ने इस तरह भारत पर 126 रन की बढ़त हासिल कर मैच को रोमांचक स्थिति में पहुंचाने की ओर कदम बढ़ाए। हालांकि उसके पास चार विकेट बचे हैं। पोप के साथ रेहान अहमद 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 246 रन के जवाब में 436 रन बनाकर 190 रन की बढ़त हासिल की थी। पोप ने यहां 'आरजीआई स्टेडियम' में गजब का संयम दिखाया और तकनीकी निपुर्णता से बल्लेबाजी करते हुए भारतीय गेंदबाजों की सारी कोशिश नाकाम कर दीं जिन्हें उम्मीद थी कि वे तीसरे दिन ही इंग्लैंड की पारी खत्म कर देंगे जबकि इंग्लैंड ने 163 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। लेकिन पोप और बेन फोक्स (34 रन) ने छठे विकेट के लिए 104 रन की भागीदारी निभाकर भारतीय गेंदबाजों को निराश किया। इससे मैच चौथे दिन तक खिंच गया। पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप से काफी रन जुटाए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी संभालते हुए 156 गेंद में भारत के खिलाफ अपना पहला और कॅरियर का पांचवां टेस्ट शतक पूरा किया।



### पंड्या ने दमखम से शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास

वडोदरा। भारत के अनुभवी हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने अपने टखने की चोट से उबरने के बाद पूरी लय में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए तैयार हैं जहां वह मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। पिछले साल टखने की चोट के कारण विश्व कप से बाहर होने वाले पंड्या को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो फुटेज में गेंदबाजी करते देखा गया।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्राउले का शर्मा बो अश्विन | 31 | 33 | 4 | 1 |
| बेन डकेट बो बुमराह | 47 | 52 | 7 | 0 |
| ओली पोप खेल रहे हैं | 148 | 208 | 17 | 0 |
| जो रूट पगबाधा बो बुमराह | 02 | 06 | 0 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो जडेजा | 10 | 24 | 1 | 0 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 06 | 33 | 0 | 0 |
| बेन फोक्स बो पटेल | 34 | 81 | 2 | 0 |
| रेहान अहमद खेल रहे हैं | 16 | 31 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 22 कुल : 77 ओवर में 316/6
गेंदबाजी : बुमराह 12-3-29-2, अश्विन 21-3-93-2, अक्षर 15-2-69-1, जडेजा 26-1-101-1, सिराज 3-0-8-0.

## आज भारत अंतिम ग्रुप मैच में अमेरिका से भिड़ेगा



एजेंसी ▶▶| ब्लोमफोंटेन

पहले ही 'सुपर सिक्स' में जगह पक्की करने वाली रिकॉर्ड पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम के रविवार को यहां अंडर-19 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप मैच में अमेरिका पर आराम से जीत दर्ज करने की उम्मीद है।

भारत ने अपने पहले दो मैच में बांग्लादेश और आयरलैंड को हराया है। भारतीय मूल के खिलाड़ियों से भरी अमेरिका टीम के खिलाफ जीत हासिल करते ही भारत ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच जाएगा। अमेरिकी को अपने शुरुआती मैच में आयरलैंड और बांग्लादेश से हार झेलनी पड़ी है। बांग्लादेश ने जहां भारतीय बल्लेबाजों को थोड़ा दबाव में रखा, वहीं उदय सहारन की अगुवाई वाली टीम ने आयरलैंड के खिलाड़ियों के खिलाफ जरा भी गलती नहीं की। ग्रुप ए और बी से तथा ग्रुप सी और डी से शीर्ष तीन टीम 'सुपर सिक्स' के लिए क्वालीफाई करती हैं।

# रिदम, उज्जवल ने वर्ल्ड कप में जीता स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| काहिरा

रिदम सांगवान और उज्जवल की जोड़ी ने शनिवार को यहां 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में एलमिरा कारापेयन और बेनिक खलघाटयान की अर्मेनियाई जोड़ी को 17-7 से हराकर भारत को आईएसएसएफ विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले अर्जुन बबुता और सोनम उत्तम मस्कर की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया।

भारतीय निशानेबाजों ने अभी तक एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीत लिए हैं। पदार्पण कर रही निशानेबाज अनुराधा देवी ने रियो ओलंपिक चैंपियन अन्ना कोराकाक्की को पछाड़ते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला। रिदम का यह लगातार दूसरा विश्व कप मिश्रित टीम स्वर्ण पदक है।

अनुराधा की इस उपलब्धि ने भारत को ओलंपिक वर्ष के पहले आईएसएसएफ विश्व कप चरण में पहला पदक दिलाया। फाइनल में उन्होंने कजाखस्तान की इरिना युनुस्मेतोवा को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। अनुराधा 239.9 के स्कोर से कोराकाक्की से 1.2 अंक पीछे रहीं।

## स्थानीय खेल समाचार

# फिट इंडिया सप्ताह का हुजूर के विधायक शर्मा ने किया शुभारंभ

**साई का सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट रातीबड़ में आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), मध्य क्षेत्रीय केन्द्र भोपाल द्वारा आयोजित फिट इंडिया सप्ताह के 5वें संस्करण का शुभारंभ सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, रातीबड़ में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने शनिवार को किया। 25 से 31 जनवरी तक सागर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट के साथ मिलकर किए जा रहे इस आयोजन में ग्रुप से संबद्ध शिक्षा संस्थानों के विद्यार्थियों और स्टाफ की उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में अभिषेक सिंह चौहान, निदेशक, साई सीआरसी भोपाल और सहायक निदेशक सरवदे अजय नामदेव एव यशपाल सोलंकी (अर्जुन अवार्ड प्राप्त उच्च प्रदर्शन निदेशक जूडो), जतिन सक्सेना (पूर्व आईपीएल खिलाड़ी), यश गंघेस (एशियन चैंपियनशिप जूडो पदक धारक) जैसी प्रख्यात खेल हस्तियां तथा विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक उपस्थित थे।



### अब तक 4 संस्करणों का आयोजन

छात्रों को फिटनेस गतिविधियों को अपनाने और उन्हें जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अभी तक फिट इंडिया सप्ताह के 4 संस्करणों का आयोजन किया जा चुका है। इनके अंतर्गत राज्य सरकारों के सहयोग से स्कूलों के साथ-साथ विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए भी फिट इंडिया सप्ताह आयोजित किए गए हैं। इन कार्यक्रमों में अभी तक 14.5 लाख से अधिक स्कूल भागीदारी कर चुके हैं। फिट इंडिया स्कूल सप्ताह के दौरान संबंधित स्कूलों को अपने वार्षिक खेल दिवस का आयोजन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। फिट इंडिया सप्ताह के दौरान खेल गतिविधियों, प्रतिभा मूल्यांकन, फिटनेस जाँच और स्वास्थ्य शिविरों के साथ-साथ वाद-विवाद, प्रश्नमंच जैसे मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी फिट इंडिया पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।

### स्कूल-कॉलेज के 1500 छात्र लेंगे इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा

इस 7 दिवसीय आयोजन के दौरान फिट इंडिया प्रतिज्ञा, योग ध्यान, जुम्बा सत्र, रस्सी कूद, खेल पोस्टर प्रतियोगिता, खेल वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि गतिविधियाँ तथा क्रिकेट, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और रस्साकशी जैसे खेलों की अंतर-स्कूल प्रतिस्पर्धाएं संचालित की जा रही हैं। एक सप्ताह तक चलने वाले इस फिट इंडिया सप्ताह 2023 कार्यक्रम में स्कूल और कॉलेज के लगभग 1500 छात्र भाग लेंगे।

### पीएम मोदी ने शुरू किया था अभियान

फिटनेस को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अगस्त 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रव्यापी फिट इंडिया अभियान का शुभारम्भ किया था। इसका उद्देश्य शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय जीवन शैली को अपनाना, देशज खेलों और शारीरिक गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल करना, फिटनेस को प्रत्येक विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, पंचायत, ग्राम तक पहुंचाना और जानकारी साझा करने, जागरूकता बढ़ाने तथा निजी फिटनेस कहानियों को साझा करने के लिए एक मंच प्रस्तुत करना है।

# राहुल का दोहरा प्रदर्शन, डीजीपी इलेवन सेमीफाइनल में

*29वां आईईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में स्वदेश ने अटल प्रदेश को 37 रन से दी शिकस्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राहुल के दोहरा प्रदर्शन की मदद से टीम स्वदेश इलेवन ने अटल प्रदेश एकादश को 37 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की है। दिन के दूसरे मैच में डीजीपी इलेवन ने फॉरेस्ट को 81 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में शनिवार को पहले मैच में टीम स्वदेश ने सात विकेट पर 137 रन बनाए। इसमें कप्तान अक्षत शर्मा ने 30, मनीष गेहलोत ने 24 और राहुल ने 18 रन बनाए। अटल प्रदेश की ओर से जावेद खान ने तीन विकेट लिए। जवाब में अटल प्रदेश सात विकेट पर 99 रन ही बना सकी। उसकी ओर से नवल ने 21 रन बनाए। वहीं साद सिद्धीकी ने 16, जुबैर कुरैशी और कमलेश राठौर 11-11 रन बनाए। राहुल ने 3 खिलाड़ियों को पैवेलियन भेजा। सार्थक ने दो विकेट लिए। राहुल मानसरोवर प्लेयर ऑफ द मैच और अक्षत शर्मा आरएनटीयू वैल्यूएबल प्लेयर चुने गए। उन्हें जिला खेल अधिकारी रूबिका दीवान और अभय चतुर्वेदी ने पुरस्कृत किया।



### डीजीपी इलेवन ने 6 विकेट पर बनाए 220 रन

दिन के दूसरे मैच में डीजीपी इलेवन ने छह विकेट पर 220 रन बनाए। इसमें प्रज्ञा बलरे ने 80, मंजीत ने 31, विपिन ने 29 और शुभम चौहान ने 17 रन बनाए। फॉरेस्ट की ओर से सुनील और अमित ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में फॉरेस्ट टीम 139 रन पर ही ढेर हो गई। राहुल सिंह ने 47 रन बनाए। कप्तान मयंक राज ने 39 रनों की पारी खेली। अरुण सिंह ने चार विकेट लिए। शुभम चौहान और विशाल ने 2-2 विकेट लिए। प्रज्ञा बलरे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

**आज के मैच**
*राज एक्सप्रेस बनाम पत्रिका सुबह 9.00 बजे*
*एनडीआईपीएल बनाम महाबली इलेवन 12.30 बजे*

# वसीम ए 1 ने जीता नान स्टार बीएचईएल ऐबू कप खिताब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

कस्तूरबा चिकित्सालय ग्राउंड पर ऐबू यूनियन द्वारा आयोजित नान स्टार बीएचईएल ऐबू कप के आखरी दिन फाइनल मैच वसीम ए1 एवं अमोल 11 के बीच खेला गया। वसीम ए1 ने अमोल एकादश को एकतरफा 46 रनों से हराकर नान स्टार ऐबू कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता जीत ली। विजेता टीम को 61000 एवं उपविजेता टीम को 25000 रुपए का नगद पुरस्कार एवं ट्राफी प्रदान की गई। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तौसीफ (अमोल एकादश), सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अय्यर (वसीम ए1) और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज राजा (वसीम ए1) रहे।

पुरस्कार वितरण महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष भेल स्पोर्ट्स क्लब रिजवान सिद्दीकी, कस्तूरबा चिकित्सालय सीएमएस डॉ.अल्पना तिवारी, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जितेंद्र शुक्ला, एजीएम नगर प्रशासक टीयू सिंग, ऐबू महासचिव एवं निफ्टु के प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण गिरी ने किया। इस अवसर पर नगर प्रशासक प्रबंधक चित्रेश दत्ता, गोविंदपुरा एवं हबीबगंज सिविल इंचार्ज हर्ष मौर्य, ऐबू अध्यक्ष अख्तर खान, ऐबू सचिव व मीडिया प्रभारी एवं थ्रिफ्ट के संचालक आशीष सोनी, थ्रिफ्ट संचालक राजमल बैरागी, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र दहाट, कोषाध्यक्ष संजीव नंदा ऐबू स्पोर्ट्स कमेटी सचिव विशाल वाणी, वीरेंद्र सिंह, योगेश देवस्कर, राजेश रावल एवं ऐबू के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ऐबू कप आयोजन को निरंतर रूप से गति प्रदान करने एवं आयोजन में रामनारायण गिरी, अरुण मेढ़े, मनीष पाटिल, राजेश बर्मन, अजीत गिरी, भगवान दास, नीरज सिंह का विशेष योगदान रहा।

**पद्मश्री पैरा स्विमर को मंत्री ने दी बधाई**

# सतेन्द्र का जज़्बा सभी के लिए प्रेरणादायकः मंत्री शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

प्रदेश सरकार के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय पैरा स्विमर भिंड निवासी सतेंद्र सिंह लोहिया को पद्मश्री से सम्मानित होने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतेन्द्र का जज़्बा प्रेरणादायक है। गौरतलब है कि इंटरनेशनल पैरा स्विमर सत्येंद्र सिंह लोहिया निषाद ने नेशनल पैरा चैंपियनशिप में भाग लेकर देश के लिए 24 पदक हासिल किए हैं, जिसके बाद 2020 में राष्ट्रपति ने उन्हें तेनजिंग नोर्गे



पुरस्कार से सम्मानित किया था। सत्येंद्र देश के पहले दिव्यांग खिलाड़ी हैं जिन्हें यह सम्मान मिला था। इसी दौरान उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी ने भी सम्मानित किया था। 2014 में मप्र का विक्रम अवार्ड मिलने के बाद उन्हें शासकीय सेवा में वाणिज्य कर विभाग में 2016 में पदस्थ किया गया था, वो फिलहाल इंदौर में कार्यरत हैं।

# भीख मांगने के लिए अधेड़ उम्र की महिला ने किया मासूम का अपहरण

## 22 जनवरी को लापता हुई थी मासूम, 4 दिन की मशक्कत के बाद मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 10 से लापता हुई मासूम को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। वह लापता नहीं हुई थी, बल्कि अधेड़ उम्र की महिला ने उसका अपहरण कर लिया था। पुलिस ने अपहरण करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया है। उसने पुलिस को बताया कि मासूम का अपहरण उसने भीख मंगवाने के लिए किया था। पुलिस ने बताया कि 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कारण अलग-अलग स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा था। इस दौरान वार्ड नंबर 10 में रहने वाली 8 साल की मासूम जुलूस देखने के लिए बैरसिया के रेंज चौराहा पहुंची थी, लेकिन घर नहीं लौटी। तलाश करने के बाद भी जब मासूम का पता नहीं लगा तो परिजन ने पुलिस से मदद मांगी थी। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर लिया।



### सोशल मीडिया की ली थी मदद

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अलग अलग टीम बनाई। टीम ने घटनास्थल और आसपास मासूम की तलाश की और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। सोशल मीडिया पर भी पुलिस ने बच्ची के फोटो वायरल किए थे, लेकिन पुलिस को मासूम का सुराग नहीं लगा। चार दिन तक लगातार की जा रही कोशिश के बाद पुलिस को पता चला कि इस हुलिए की एक मासूम अधेड़ महिला के साथ बस में बैठकर नरसिंहगढ़ की तरफ जाते हुए देखी गई है।

### बस ड्राइवरों और कंडक्टर से भी की पूछताछ

टीआई नरेंद्र कुलस्ते ने बताया कि नरसिंहगढ़ रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ ही इस रूट पर चलने वाले बस ड्रायवरों और कंडक्टरों से पूछताछ की गई। एक बस के ड्राइवर ने बताया कि एक महिला इसी हुलिए की बच्ची के साथ ग्राम रमगढ़ा में उतरी थी। उसके बाद पुलिस की एक टीम रमगढ़ा पहुंची और महिला के घर की तलाश की। इस दौरान अपहृत बच्ची मिल गई, लेकिन महिला का सुराग नहीं लगा। आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद महिला को रमगढ़ा से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम गीताबाई सपेरा (55) बताया। बालिका के अपहरण को लेकर पूछताछ करने पर बताया कि वह उससे भीख मंगवाना चाहती थी, इसलिए घटना वाले दिन बहला-फुसलाकर अपने साथ घर ले आई थी। जांच के दौरान पता चला कि यह महिला रोजाना गांव से बैरसिया में भीख मांगने के लिए आती है और शाम को वापस लौट जाती है। पुलिस ने महिला को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

# ट्रांसफार्मर के पास से गुजर रहे युवक को लगा करंट, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित माता मंदिर के पास युवक की ट्रांसफार्मर से करंट लगने से मौत हो गई। घटना के समय वह ट्रांसफार्मर के पास से गुजर रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अर्जुन नगर फेस टू माता मंदिर निवासी अजय चौहान (40) प्राइवेट काम करता था। गुरुवार सुबह वह काम पर जाने के लिए घर से निकला था।

घर से थोड़ी दूरी पर ही ट्रांसफार्मर लगा है। ट्रांसफार्मर के पास से गुजरते समय अजय उसकी चपेट में आ गया। करंट लगने के कारण वह बुरी तरह झुलस गया था। लोगों ने किसी तरह उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस का कहना है कि सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## जगदलपुर और ओडिशा ट्रक पहुंचाने के बाद वापसी में लाता था गांजा

# मादक पदार्थ गांजे के साथ ट्रक ड्राइवर और साथी गिरफ्तार, 3 लाख का माल बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर पुलिस ने एक एक ट्रक ड्रायवर और उसके साथी को गिरफ्तार कर तीन लाख रुपये कीमत का मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। मुख्य आरोपी एक कंपनी में ट्रक चलाता है, जो नए ट्रकों को डीलर के यहां पहुंचाने का काम करता है। जगदलपुर और उड़ीसा साइड ट्रक पहुंचाने के बाद वह वापसी में गांजा लेकर आता था। शुक्रवार रात सूचना मिली कि दो लड़के अपने साथ पिट्ठू बैग और मोटर साइकिल लेकर टेकरी के पीछे मैदान के पास खड़े होकर किसी का इंतजार कर रहे हैं। उन दोनों के पास मादक पदार्थ हो सकता है। थाना प्रभारी सुरेशचंद्र नागर ने टीम को मौके पर भेजा। टीम ने घेराबंदी कर दोनों संदेहियों को हिरासत में लिया। पूछताछ पर उन्होंने अपने नाम बहादुर सिंह उर्फ महेश ठाकुर (28) निवासी ग्राम डंगरौली थाना बैरसिया और सादिक खान (24) निवासी ग्राम कान्हासैया थाना बिलखिरिया बताया। बैग में 13. 345 ग्राम गांजा रखा मिला। आरोपियों से मोबाइल और बाइक भी जब्त की गई है।

### टाटा कंपनी में ड्राइवरी करता है मुख्य आरोपी

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी पहले से एक-दूसरे को जानते हैं। मुख्य आरोपी बहादुर सिंह उर्फ महेश ठाकुर टाटा कंपनी में ड्रायवरी करता है। वह नए ट्रकों को भोपाल यार्ड से डीलरों के यहां दूसरे शहर पहुंचाने का काम करता है। बहादुर जब भी जदगलपुर अथवा उड़ीसा की तरफ ट्रक लेकर जाता तो वापसी के समय वह गांजा लेकर आता था। यहां अपने दोस्त सादिक खान के माध्यम से उक्त गांजे को ठिकाने लगाता और मुनाफा को बांट लेता था।

## ट्रेन से कटकर व्यवसायी ने की थी आत्महत्या

# प्रॉपर्टी डीलर सहित तीन पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क क्षेत्र स्थित बैरागढ़ कला में ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने वाले व्यवसायी के मामले में पुलिस ने प्रापर्टी डीलर सहित 3 लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने व्यवसायी से प्रापर्टी में करोड़ों रुपए का निवेश कराया था, लेकिन बाद में रुपए नहीं लौटा रहे थे। पिछले साल 18 सितंबर 2023 की रात करीब आठ बजे बैरागढ़ कला के पास रेलवे पटरी से एक व्यक्ति की लाश बरामद की गई थी। बाद में मृतक की पहचान धर्मेंद्र देवनानी (50) निवासी पंचवटी कालोनी के रूप में हुई थी। धर्मेंद्र खुद का व्यवसाय करते थे। बाद में वह प्रापर्टी डीलर दिनेश मोरे के साथ प्रापर्टी में निवेश करने लगे। शुरूआत में दिनेश ने कई प्रोजेक्ट में धर्मेंद्र से रुपए निवेश कराया और लाभ भी दिया। विश्वास जमने के बाद दिनेश ने नए प्रोजेक्ट में करीब डेढ़ करोड़ निवेश करवा लिए, लेकिन कोई लाभ नहीं दिया। लाभ नहीं मिलने पर धर्मेंद्र ने अपने रुपए वापस मांगे, तो तो दिनेश उन्हें टरकाने लगा। परेशान होकर उन्होंने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने इस मामले में दिनेश मोरे, उसकी पत्नी कविता मोरे और एक अन्य साथी सचिन के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया है।

## सॉफ्टवेयर अपडेट करने का कार्य शुरू

# क्यूआर कोड वेरिफिकेशन से कहीं से भी बनेंगे इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट बनवाना आसान होने जा रहा है। एनआईसी द्वारा इसके लिए क्यूआर कोड वेरिफिकेशन सिस्टम शुरू किया जा रहा है। इतना ही नहीं, यह परमिट एक साइज और एक रंग का देने की तैयारी भी परिवहन विभाग के माध्यम से एनआईसी ने शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अगले महीने से इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट और डीएल में किए जाने वाले बदलाव को लेकर सॉफ्टवेयर को अपडेट करवाना शुरू कर दिया है। इस बदलाव से विदेशों में चैकिंग अथॉरिटी द्वारा आसानी से इनकी जांच की जा सकेगी। अंतरराष्ट्रीय ड्राइविंग परमिट को ऑनलाइन प्रक्रिया से भी जोड़ा जा रहा है। इसके बाद विदेश में रहकर भी वहां के निवासी इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

### भोपाल में रोजाना 10 से 12 आवेदन आते है

भोपाल आरटीओ से आमतौर पर अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, सिंगापुर, कनाडा, फ्रांस सहित अन्य देशों के लिए औसतन रोज 10 से 12 आवेदक इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट बनवाने पहुंचते हैं। वहीं, प्रदेशभर में रोज करीब 45 से अधिक इंटरनेशन बनवाए जाते हैं।

# अरेरा कॉलोनी में टहलने निकली महिला को पालतू कुत्ते ने काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज स्थित अरेरा कालोनी में रहने वाली एक महिला को पालतू कुत्ते ने काट लिया। पुलिस ने मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार अरेरा कालोनी में रहने वाली तरनजीत (57) स्वयं का व्यवसाय करती हैं। शुक्रवार शाम करीब सात बजे वह टहलने के लिए घर से निकली थी। ई-2 अरेरा कालोनी में रहने वाले दीपक श्रीवास्तव के बंगले का गेट खुला हुआ था, तभी उनका पालतू कुत्ता बाहर निकला और तरनजीत के पैर में काट लिया। घटना के तरनजीत ने अस्पताल पहुंचकर इलाज कराया और फिर थाने जाकर दीपक के खिलाफ केस दर्ज करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 22 देशी कुत्ते व 4 बिल्ली अडॉप्शन कैंप में गोद लिए गए



गणतंत्र दिवस के मौके पर लोगों में जागरुकता लाने के लिए पीपल्स फॉर एनिमल्स भोपाल द्वारा न्यू मार्केट में आयोजित किया गया कैंप

पीपल्स फॉर एनिमल्स भोपाल द्वारा 12 वां अडॉप्शन कैंप न्यू मार्केट में आयोजित किया गया। इस कैंप का उद्देश्य था कि किसी एक के अपराध को लेकर पूरे देशी कुत्तों को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। प्राचीन काल से हर युग में देशी कुत्तों को लेकर लोगों के प्रेम का इतिहास रहा है। न्यू मार्केट में आयोजित 12 वां अडॉप्शन कैंप में भी लोगों ने काफी उत्साह दिखाया। अडॉप्शन कैंप में नगर निगम ने काफी मदद की। इसमें नगर निगम के स्वास्थ अधिकारी राजीव सक्सेना ने कैंप में पूरा सहयोग किया। इस कैंप में लगभग 22 देशी कुत्तों को गोद दिलवाया गया और 4 देशी बिल्ली को गोद दिलवाया गया । पीपल्स फॉर एनिमल्स भोपाल द्वारा इसके साथ ही न्यू मार्केट के देशी कुत्तों को भी एंटी रेबीज के वैक्सीनेशन करवाया। बहुत जल्दी पीपल्स फॉर एनिमल्स अगला अडॉप्शन करेगा।

## शिक्षा विभाग की बड़ी पहल

# छात्रों को नशे से दूर रखने का काम करेगा प्रहरी क्लब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूली बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के स्कूलों में प्रहरी क्लबों का गठन किया जाएगा। कम उम्र में नशीले पदार्थों का सेवन शुरू करने से उनके मस्तिष्क सहित शरीर के अन्य भाग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। ऐसे में स्कूलों में प्रहरी क्लब बच्चों को नशे से दूर रखने का काम करेगा।

दरअसल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र के पालन में स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देश में कहा गया है कि बच्चों में नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए स्कूलों व शैक्षणि संस्थानों में प्रहरी क्लब गठित किए जा रहे हैं। इन प्रहरी क्लबों के गठन और काम काज के लिए त्रैमासिक आधार पर गतिविधियों की योजना विकसित करने के लिए प्रहरी पोर्टल तैयार किया जा रहा है। जिसके लिए स्कूलों में बनाए गए प्रभारी शिक्षकों व नोडल शिक्षकों का विवरण जुटाया जा रहा है।

## 313 विकासखंडों में 626 और नगरीय निकायों में 104 स्कूलों में कार्य शुरू

# प्रदेश में 730 स्कूलों की बदलेगी तस्वीर पीएमश्री योजना के तहत हो रहे विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए 730 स्कूलों को पीएमश्री स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें 313 विकासखंडों में 626 और नगरीय निकायों में 104 सरकारी स्कूलों को विकसित किया जा रहा है।

यह स्कूल राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित हो रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 में प्रथम चरण में चयनित 416 विद्यालयों की योजना के लिए 219 करोड़ रुपए की कार्ययोजना को मंजूरी दी गई है। चयनित इन स्कूलों को ग्रीन स्कूल की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। चयनित स्कूल में लैब, लाइब्रेरी, व्यावसायिक शिक्षा, आईसीटी लैब और अटल टिकरिंग लैब भी बनाई जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सरकारी स्कूलों में आईसीटी लैब की स्थापना को प्राथमिकता दी जा रही है।

### 2350 सरकारी स्कूलों में कम्प्यूटर लैब स्थापित

नई शिक्षा नीति में डिजिटल एजुकेशन को महत्वपूर्ण माना गया है। प्रदेश के 2350 सरकारी स्कूलों में कम्प्यूटर लैब स्थापित की जा चुकी हैं। लैब में 10 कम्प्यूटर, स्मार्ट टीवी और अन्य आवश्यक उपकरण प्रदाय किये जा रहे हैं। रोबोटिक एवं कोडिंग तकनीक सिखाने के लिये भोपाल जिले के 5 सीएम राइज स्कूलों में पायलेट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। प्रदेश के 104 सरकारी स्कूलों में रोबोटिक लैब स्थापित की जा रही है।




# मैनिट में हुआ स्टैंडर्ड राइटिंग कॉम्पटीशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड व स्टैंडर्ड क्लब मैनिट के तत्वाधान में स्टैण्डर्ड राइटिंग कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया। इसमें जनपद अभियांत्रिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स संचार अभियांत्रिकी के छात्रों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम छात्रों में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का तकनीकी में आवश्यकता उद्देश्य से किया गया।

# अखिल भारतीय पीठासीन एवं विधायी निकायों के सचिवों के सम्मेलन में शामिल हुए एपी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधान सभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह मुंबई में 27 से 29 जनवरी तक आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन एवं विधायी निकायों के सचिवों के सम्मेलन में शामिल हुए। इस वार्षिक सम्मेलन में लोकसभा व राज्य सभा के महासचिव तथा देश के राज्य विधानमंडलों के प्रमुख सचिव व सचिव शामिल हुए। इस मौके पर सिंह ने समिति व्यवस्था और विधानमंडलों के कार्य संचालन में आत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग विषय पर विचार व्यक्त किए।

## खोरधा रोड-बलांगीर रेल लाइन की प्रगति को मिली गति

एक रथ कोलार क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में तो दूसरा बैरसिया के ग्रामीण क्षेत्रों में अलख जगाएगा

# मातृशक्ति, अखंडदीप जन्मशताब्दी श्रद्धासंवर्धन यात्राओं का शुभारंभ

## ग्रामीण युवाओं को व्यसन मुक्त रहने किया जाएगा संकल्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री तीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अखण्ड ज्योति दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने तथा माताजी की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 201 रथों से 27 जनवरी से 17 अप्रैल तक मातृ शक्ति अखंड़दीप श्रद्धा संवर्धन उपयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। ये यात्राएं मध्यप्रदेश के 55 जिलों की 48 तहसीलों की 246 ग्राम पंचायतों में गुरुदेव का संदेश देंगी तथा प्रदेश के 56140 गांवों को कवर करेंगी। युवा प्रकोष्ठ के रमेश नागर ने बताया कि इसका विधिवत प्रशिक्षण कार्य जिलों के स्तर तक पूर्ण हो चुका है।

इन यात्राओं के माध्यम से मिशन की बढ़ती गतिविधियों तथा 7 आंदोलनों यथा साधना, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण, व्यसन मुक्ति, एवं नारी जागरण का संदेश ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाया जाएगा। वहीं ग्रामीण युवाओं को व्यसन मुक्त रहने हेतु संकल्पित किया जाएगा। मध्यप्रदेश जोन के समन्वयक राजेश पटेल एवं मध्य जोन के प्रभारी जगदीश कुलमी शांतिकुंज हरिद्वार शांतिकुंज हरिद्वार, रघुनाथ प्रसाद हजारी उपजोन समन्वयक एवं अशोक सक्सेना जिला समन्वयक ने 55 जिलों के जिला समन्वयकों व टोली नायकों, रिपोर्टर्स को सतत मार्गदर्शन दिया।



जाकर प्रत्येक पंचायत स्तर के कार्यक्रम की ऑन लाईन रिपोर्टिंग की व्यवस्थाएं बनाई गई हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930